सूर्योदय : 6:52
सूर्यास्त : 5:49
अधिकतम तापमान : 24
न्यूनतम : 14

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-225 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 04 फरवरी 2026
15 शाबान 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com



# अमेरिका के मुद्दे पर राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा

■ विपक्ष का बहिष्कार
■ जेपी नड्डा ने बताया गैर-राष्ट्रवादी व्यवहार



**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ समझौते की जानकारी को लेकर मंगलवार को राज्यसभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। विपक्ष ने कहा कि यह जो समझौता हुआ है, इसकी जानकारी वाशिंगटन से आ रही है। विपक्ष ने नारेबाजी के बाद सदन का बहिष्कार किया। वहीं, नेता सदन जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस व विपक्ष का यह व्यवहार एक तरह से गैर राष्ट्रवादी व्यवहार है। इन्हें देश से कुछ लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एंटी नेशनल है।

दरअसल, अमेरिका के साथ हुई डील का मद्दा मंगलवार को राज्यसभा में उठाया गया। विपक्ष ने इस विषय को लेकर हंगामा किया। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह जो समझौता हुआ है, उसके बारे में हमें वाशिंगटन से जानकारी मिल रही है। उन्होंने इस स्थिति पर प्रश्न उठाया और कहा कि यह क्या हो रहा है। विपक्ष का कहना था कि सरकार द्वारा इस बारे में जानकारी नहीं दी गई, जबकि अमेरिका ने इसको लेकर जानकारी सार्वजनिक की है।

वहीं, राज्यसभा में नेता सदन जेपी नड्डा ने इसके जवाब में कहा, कल (सोमवार) देर रात अमेरिका के राष्ट्रपति ने एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने टैरिफ के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अवगत कराया। उन्होंने प्रधानमंत्री के बारे में, एक सच्चे दोस्त के बारे में भी पोस्ट में चर्चा की। इसके बाद प्रधानमंत्री ने जवाब देते हुए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने भारत व अमेरिका के ट्रेड के बारे में, जो भारत और अमेरिका के संबंध हैं, उसकी चर्चा की है।

### सरकार चर्चा करने से पीछे नहीं हटती : नड्डा

जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार किसी भी बात पर चर्चा करने से पीछे नहीं हटती है। मैंने आज भी विपक्ष को कहा कि सरकार आज ही इस पूरे विषय पर सदन में जानकारी देगी। विपक्ष ने 'जी राम जी' पर चर्चा की, हमने उस पर चर्चा की और एसआईआर पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप देश में एक वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं कि सरकार कुछ छुपा रही है, सरकार चर्चा नहीं कर रही। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। विपक्ष का यह बहुत गैर जिम्मेदाराना व्यवहार है। विपक्ष का यह एक तरह से गैर राष्ट्रवादी व्यवहार है। इन्हें देश से कुछ लेना-देना नहीं है, यह एंटी नेशनल है।

राज्यसभा में बोलते हुए नड्डा ने कहा कि सरकार पूरी ट्रेड डील के बारे में राज्यसभा को जानकारी देगी। इस संबंध में संबंधित विभाग के मंत्री सदन को जानकारी देंगे। उन्होंने विपक्ष के हंगामे को लोकतंत्र के लिए काफी घातक बताया। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष का यह व्यवहार गैर जिम्मेदाराना है। हम विपक्ष के प्रत्येक सवाल का जवाब देने के लिए तैयार हैं। यह विपक्ष की हताशा है, जिस कारण वे इस प्रकार शोर-शराबा कर रहे हैं। हालांकि, विपक्ष जेपी नड्डा के बयान से संतुष्ट नहीं हुआ और नारेबाजी-हंगामे के बीच सदन का बहिष्कार किया।

वहीं, जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस और उनके सहयोगियों का व्यवहार बहुत ही निंदनीय है। इन्हें न देश के विकास में कोई रुचि है, न ही व्यापार के विकास को लेकर कोई रुचि है। ये केवल हर विषय पर राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पहले यह कहते रहे कि ट्रंप का जवाब दीजिए, 50 प्रतिशत टैरिफ लग गया है। आज जब अमेरिकी राष्ट्पति ने सूमोटो स्टेटमेंट पोस्ट करते हुए प्रधानमंत्री की तारीफ की और कहा कि मैं उनका सच्चा दोस्त हूं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी उनकी तरह एक मजबूत नेता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर रहे हैं।

## लोकसभा में आसन की ओर कागज फेंकने के मामले में कांग्रेस के आठ सदस्य निलंबित



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को कांग्रेस सदस्य मणिक्कम टैगोर सहित आठ सदस्यों को पीठासीन की अवहेलना करने और आसन की ओर कागज फेंकने के आरोप में बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। इन सदस्यों में टैगोर के अलावा अमरिन्दर सिंह 'राजा वडिंग', गुरदीप सिंह औजला, हिवी ईडेन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत बरोले, एस वेंकटेश और सी किरन कुमार रेड्डी शामिल हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को कथित रूप से बोलने का अवसर न देने के मुद्दे पर कांग्रेस के सदस्यों ने आज भी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। हंगामे के दौरान इन सदस्यों ने आसन के समक्ष पहुंच कर नारेबाजी की और कागज उछाले। अपराह्न तीन बजे कार्यवाही फिर शुरू हुई तो पीठासीन दिलीप सैकिया ने कांग्रेस के इन सदस्यों के नाम का उल्लेख किया। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने इन सदस्यों को शेष अवधि के लिए निलंबित करने का प्रस्ताव किया, जिसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

# किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी टीएमसी : ममता बनर्जी

■ पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को दिखाया ठेंगा



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलावर को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे।

ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है।

बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।

सीएम बनर्जी ने बीजेपी को चुनाव आयोग का इस्तेमाल करने के बजाय चुनाव में उनका सामना करने की चुनौती दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में हटाए जा रहे नामों में अधिकतर तृणमूल समर्थकों के नाम हैं।

# चुनावों में जीत पर संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए

■ प्रधानमंत्री मोदी की राजग नेताओं को नसीहत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं से मंगलवार को कहा कि गठबंधन अपनी जन-केंद्रित नीतियों एवं कड़ी मेहनत की वजह से विभिन्न चुनाव जीत रहा है और उसके नेताओं को चुनावी विजय को लेकर आत्मसंतुष्टि की भावना से बचना चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राजग संसदीय दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजग के घटक दलों के सांसदों से कहा कि उन्हें स्थानीय निकाय समेत विभिन्न चुनावों में अपनी जीत से संतुष्ट होकर नहीं बैठ जाना चाहिए, बल्कि अच्छा काम करते रहना चाहिए। राजग नेताओं ने 39 देशों के साथ व्यापार समझौते सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए बैठक में पीएम का सम्मान किया।

भारत और अमेरिका के व्यापार समझौते पर सहमत होने का जिक्र करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि पूरे देश में इसे लेकर उत्साह का माहौल है। इसके तहत अमेरिका भारतीय उत्पादों पर शुल्क को मौजूदा 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। उन्होंने कहा, सांसदों में इस बात को लेकर उत्साह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ये व्यापार समझौते पूरे हुए हैं। कुल 39 देशों के साथ व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह ऐतिहासिक है। ये सभी 39 देश विकसित देश हैं...यह ऐतिहासिक है। देश में बहुत अच्छा माहौल रहा है।

शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को समझाया कि सरकार भारत के पक्ष में काम करती है, चाहे वह व्यापार समझौता हो या बजट। उन्होंने कहा, भारत और अमेरिका तथा भारत-यूरोप के बीच व्यापार समझौते का श्रेय प्रधानमंत्री को जाता है। यह उनके दृढ़ संकल्प की वजह से हुआ है। व्यापार समझौते से छोटे कारोबारियों को फायदा होगा। किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को कल्याणकारी कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए व्यापक दिशानिर्देश दिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने कहा कि राजग अपने अच्छे काम की वजह से एक के बाद एक चुनाव जीत रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जमीन पर उतरे बिना नहीं जीते जा सकते। भाजपा के नए अध्यक्ष नितिन नवीन का बैठक में औपचारिक स्वागत किया गया।

# सीएम योगी के नेतृत्व में बदला प्रदेश का परिदृश्य

■ दवा कारोबार के दिग्गजों ने कहा- यूपी में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य के पहले दवा सम्मेलन में मंगलवार को देश और दुनिया की दिग्गज फार्मा कंपनियों के चेयरमैन व शीर्ष नेतृत्व ने खुलकर राज्य की बदलती तस्वीर, मजबूत शासन व्यवस्था और निवेश के अनुकूल माहौल की सराहना की। एक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि सम्मेलन के दौरान उद्योग जगत के दिग्गजों ने एक स्वर में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने बुनियादी और संरचनात्मक बदलाव किए हैं, जो न केवल राज्य बल्कि पूरे देश को दिशा देने वाले साबित हो रहे हैं।

बयान के अनुसार राज्यसभा सदस्य एवं रामकी समूह के चेयरमैन अयोध्या रामी रेड्डी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जो बुनियादी परिवर्तन देखने को मिले हैं, वे अभूतपूर्व हैं। उत्तर प्रदेश जो है और जो होने जा रहा है, सबकी रूपरेखा मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट कर दिया है। रेड्डी ने अपने चार दशक के अनुभव साझा करते हुए कहा कि पिछले 40 वर्षों में उन्होंने राज्य में ऐसा सकारात्मक माहौल पहले कभी नहीं देखा। टोरेंट ग्रुप के उपाध्यक्ष जीनल मेहता ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में सुगमता से कारोबार और कानून-व्यवस्था की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। मैनकाइंड फार्मा के चेयरमैन और मेरठ के मूल निवासी रमेश जुनेजा ने कहा कि आज देर रात भी प्रदेश में लोग खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं, यही वजह है कि निवेशक यहां आ रहे हैं और लगातार निवेश कर रहे हैं। डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के चेयरमैन सतीश रेड्डी ने कहा कि फार्मा क्षेत्र में भारत की भूमिका वैश्विक स्तर पर मजबूत हुई है, जिसका उदाहरण कोविड काल में देखने को मिला।

### एनकाउंटर पर सीएम का जवाब

सीएम योगी ने संबोधित करते हुए कहा, अगर अपना व्यक्ति भी गलत करेगा तो उसके लिए भी वही कानून लागू होगा, जो माफिया और अपराधी के लिए है। बहुत बार लोग टिप्पणी करते हैं कि पुलिस ने गोली क्यों मार दी। अगर पुलिस गोली न मारे तो क्या खाए? सीएम योगी ने कहा, अगर कानून को कोई आंख दिखाता है तो उसको कानून अपने तरीके से अपने दायरे में लाकर अपने हिसाब से समझाता है।

## बिहार सरकार ने पेश किया 3.47 लाख करोड़ रुपये का बजट

■ एक करोड़ नौकरी, किसानों-कलाकारों को अलग मदद

**पटना।** बिहार सरकार ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में पेश किया, जिसमें कुल आकार 3,47,589.78 करोड़ रुपये रखा गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बिहार तेजी से प्रगति कर रहा है और चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर 14.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने बजट पेश करते हुए केंद्र की ओर से बिहार को मिली उदार सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व की भी सराहना की, जो समावेशी विकास पर केंद्रित है। मंत्री ने सदन को बताया, वर्ष 2026-27 के लिए बजट का आकार 3,47,589.78 करोड़ रुपये है, जो 2025-26 के 3,16,895.02 करोड़ रुपये की तुलना में 30,694.74 करोड़ रुपये अधिक है। राजकोषीय घाटा 39,400 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो राज्य के जीडीपी का 2.99 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा, इस सदन की ओर से मैं प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद करना चाहता हूं, जिनके नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है। पिछले वर्ष के केंद्रीय बजट में बिहार को कई सौगातें मिलीं, जिनमें नए हवाई अड्डे, मखाना बोर्ड और अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां शामिल हैं।

# राहुल गांधी ने ओम बिरला को लिखा पत्र

■ कहा- विपक्ष के नेता को बोलने से रोकना लोकतंत्र की परंपरा पर आघात



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को मंगलवार को पत्र लिखकर कहा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लेने के दौरान उन्हें बोलने से रोका जाना चिंता का विषय है और यह लोकतंत्र की परंपरा के लिये गहरा आघात है।

राहुल गांधी ने अपने पत्र में कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को जिस तथ्य को प्रमाणित करने के बहाने उन्हें बोलने से रोका गया है उसकी प्रमाणिकता के संदर्भ में उन्होंने सदन के पटल पर दस्तावेज पेश कर दिया है। उन्होंने लिखा आपने जिस दस्तावेज को प्रमाणित करने का निर्देश दिया था आज मैंने अपनी बातचीत को पुनः शुरू करते हुए उस को प्रमाणित कर दिया। सदन की लंबी परंपरा में पूर्ववर्ती अध्यक्षों के ऐसे मामलों में समय समय पर दिए गये निर्णय भी शामिल हैं। सदन में किसी दस्तावेज़ का उल्लेख करने वाला सदस्य प्रस्तुत तथ्यों को प्रमाणित करने के लिए बाध्य होता है और इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद अध्यक्ष उस सदस्य को दस्तावेज़ का उद्धरण देने या उसका उल्लेख करने की अनुमति देते हैं। इसके बाद उस दस्तावेज़ पर प्रतिक्रिया देने का काम सरकार का हो जाता है।

## छात्रों को अधिक छात्रवृत्ति भुगतान की जांच शुरू

**लखनऊ।** छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में करीब 2400 छात्रों को लगभग 3.5 करोड़ रुपये ज्यादा दिए जाने के मामले में शासन ने सख्त कदम उठाए हैं। सभी जिलों को 15 दिन के भीतर सत्यापन रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इस रिपोर्ट में यह बताना होगा कि किस छात्र को कितना भुगतान हुआ, वह पात्र था या नहीं और कितना पैसा ज्यादा दिया गया।

शासन ने कहा है कि पहले उन मामलों से वसूली की जाए, जिनमें एक ही बैंक खाते में बार-बार अधिक भुगतान हुआ है। कोषागार स्तर पर भुगतान की जांच होगी, ताकि बैंक ट्रांजैक्शन, बिल और भुगतान के आंकड़ों में कोई गड़बड़ी न रहे। जिला समाज कल्याण अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि छात्रों को नोटिस दे दिया गया है।

# मणिपुर को मिला नया मुख्यमंत्री

■ बीजेपी विधायक दल की बैठक में युमनाम खेमचंद के नाम पर लगी मुहर



**इंफाल।** मणिपुर में वाई. खेमचंद सिंह को मंगलवार को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। इसके साथ ही, पूर्वोत्तर राज्य में उनके नेतृत्व में सरकार गठन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राजग के सभी घटक दलों के विधायकों की बैठक होगी, जिसमें सिंह के नाम को राजग विधायक दल के नेता के रूप में अनुमोदित किये जाने की उम्मीद है।

सिंह को मणिपुर भाजपा विधायक दल की बैठक में इस पद के लिए चुना गया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों के अलावा, बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक तरुण चुघ और पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा सहित अन्य नेता भी उपस्थित थे। मणिपुर में 13 फरवरी 2025 से राष्ट्रपति शासन लागू है। राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद 60 सदस्यीय विधानसभा को निलंबित कर दिया गया था। वर्तमान में, मणिपुर में भाजपा के 37 विधायक हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा के 32 उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी। जनता दल (यूनाइटेड) ने छह सीटें जीती थीं, जिनमें से पांच विधायक बाद में भाजपा में शामिल हो गए।

## डीआरडीओ का कारनामा, एसएफडीआर तकनीक का परीक्षण

# भारत की मिसाइलों को मिलेगी नई ताकत

**चांदीपुर।**रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 3 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 10-45 बजे ओडिशा तट के पास चांदीपुर स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट (एसएफडीआर) तकनीक का सफल प्रदर्शन किया। इस सफल परीक्षण के साथ भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास यह उन्नत तकनीक मौजूद है।

यह तकनीक लंबी दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों के विकास में अहम भूमिका निभाती है। इस तकनीक से संभावित विरोधियों के मुकाबले रणनीतिक बढ़त मिलती है। परीक्षण के दौरान सभी प्रमुख उप-प्रणालियों ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन किया। इनमें नोजल-लेस बूस्टर, सॉलिड फ्यूल डक्टेड रामजेट मोटर और फ्यूल फ्लो कंट्रोलर शामिल थे।



**चांदीपुर रेंज में किया गया सफल परीक्षण :** सिस्टम को पहले ग्राउंड बूस्टर मोटर की मदद से निर्धारित मैक संख्या तक पहुंचाया गया, जिसके बाद एसएफडीआर प्रणाली ने सफलतापूर्वक काम किया। पूरे परीक्षण की निगरानी और पुष्टि आईटीआर, चांदीपुर की ओर से बंगाल की खाड़ी के तट पर तैनात कई ट्रैकिंग उपकरणों से प्राप्त उड़ान आंकड़ों के जरिए की गई। प्रक्षेपण के दौरान डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं- जिनमें डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लेबोरेटरी, हाई एनर्जी मटीरियल्स रिसर्च लेबोरेटरी, रिसर्च सेंटर इमारत और आईटीआर शामिल हैं- के वरिष्ठ वैज्ञानिक मौजूद रहे।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दी बधाई :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एसएफडीआर तकनीक के सफल प्रदर्शन पर डीआरडीओ और उद्योग जगत को बधाई दी। वहीं रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव एवं डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने इस सफल उड़ान परीक्षण में शामिल सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

### एसएफडीआर तकनीक की खासियतें

- यह तकनीक लंबी दूरी की एयर-टू-एयर मिसाइलों के विकास में सक्षम बनाती है।
- पारंपरिक प्रणालियों की तुलना में उड़ान के दौरान बेहतर थ्रस्ट प्रदान करती है।
- नोजल-लेस बूस्टर और डक्टेड रामजेट मोटर का संयोजन उच्च गति पर प्रभावी प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।
- फ्यूल फ्लो कंट्रोलर के जरिए ईंधन आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है, जिससे दक्षता बढ़ती है।
- आधुनिक हवाई युद्ध परिदृश्यों में सामरिक बढ़त देने में मददगार।

## कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को फेसबुक पर दी गई धमकी

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय को फेसबुक पर धमकी दी गई है। मामले में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रुद्र दमन सिंह बबलू ने हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह के मुताबिक साइबर सेल से मदद मांगी गई है। फेसबुक अकाउंट चलाने वाले के बारे में पता लगाया जा रहा है।

एफआईआर के मुताबिक रुद्र दमन सिंह पार्टी के पदाधिकारियों के साथ मंगलवार को माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में थे। इसी दौरान उन्होंने फेसबुक पर देखा कि मनीष शुक्ला नाम के व्यक्ति ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष की फोटो डालकर उन्हें सबक सिखाने की धमकी भरा पोस्ट किया है। प्रदेश अध्यक्ष की आपत्तिजनक फोटो भी डाली गई थी। जिला अध्यक्ष का कहना है कि कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। पोस्ट के जरिये माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस पार्टी प्रदर्शन करेगी।

# निजता के अधिकार से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

■ व्हाट्सऐप-मेटा की डेटा शेयरिंग नीति पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई सख्त आपत्ति




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गोपनीयता नीति को लेकर 213.14 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने के भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के आदेश के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक और व्हाट्सऐप को मंगलवार को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियां डेटा साझा करने के नाम पर नागरिकों की निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकतीं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि वह नौ फरवरी को अंतरिम आदेश पारित करेगी। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को याचिकाओं में पक्षकार बनाया जाए।

पीठ मेटा और व्हाट्सऐप की उन अपीलों पर सुनवाई कर रही थी, जो राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के उस फैसले के खिलाफ दायर की गई हैं, जिसने विज्ञापन से जुड़े डेटा साझा करने के मामले में सीमित राहत देते हुए प्रभुत्व के दुरुपयोग संबंधी सीसीआई के निष्कर्षों को बरकरार रखा था। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, आप डेटा साझा करने के नाम पर इस देश के निजता के अधिकार से खिलवाड़ नहीं कर सकते। हम आपको डेटा का एक शब्द भी साझा करने की अनुमति नहीं देंगे, या तो आप लिखित वचन (अंडरटेकिंग) दें... आप नागरिकों के निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि इस देश में निजता के अधिकार की सख्ती से रक्षा की जाती है। उसने कहा कि गोपनीयता संबंधी शर्तें इतनी चालाकी से तैयार की गई हैं कि आम व्यक्ति उन्हें समझ ही नहीं सकता।

# एक व्यक्ति को दुकान के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटने और उससे नकदी छीनने का मामला आया सामने



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** मझगईं थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को दुकान के अंदर खींचकर बेरहमी से पीटने और उससे नकदी छीनने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें पिता-पुत्र मिलकर एक असहाय व्यक्ति की पिटाई करते दिखाई दे रहे हैं। पीड़ित ने पुरानी रंजिश के चलते जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है मझगई थाना क्षेत्र के छेदुई पतिया गांव के मोतीपुरवा निवासी राधेश्याम ने बताया कि घटना 31 जनवरी की शाम करीब 4ः30 बजे की है। वह दवा लेने छेदुई पतिया गया था। इसी दौरान मुन्नापुरवा मजरा छेदुई पतिया निवासी सुनील कुमार और महावीर ने उसे गालियां देते हुए रामलाल की दुकान का शटर जबरन खोलकर अंदर खींच लिया। आरोप है कि दुकान के भीतर दोनों आरोपियों ने उसकी की जेब से 2,200 रुपये छीन लिए और उसके साथ जमकर मारपीट की इसके बाद शटर बंद करने की कोशिश की गई, जिससे पीड़ित को अपनी जान का खतरा महसूस हुआ।

किसी तरह वह वहां से जान बचाकर भाग निकला, लेकिन बाहर सड़क पर भी आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटा। इस दौरान जब उसका भतीजा कमलेश बचाने पहुंचा, तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि जब वह थाने शिकायत दर्ज कराने जा रहा था, तो आरोपियों ने रास्ते में उसका घेराव कर उसे रोकने की कोशिश की किसी तरह वह थाने पहुंचा और पुलिस को तहरीर दी। वहीं, वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि मझगई पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में भी हीलाहवाली की है।

## शहर में ओवरलोड की समस्या को देखते हुए 132 केवी उपकेंद्र लखीमपुर की क्षमता बढ़ाने की मांग पर जोर

### भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने शीघ्र कार्रवाई की मांग की

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर में ओवरलोड की समस्या को देखते हुए 132 केवी उपकेंद्र लखीमपुर की क्षमता बढ़ाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक, लखनऊ को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पत्र के माध्यम से जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने बताया कि 132 केवी उपकेंद्र लखीमपुर पर क्षमता वृद्धि का कार्य प्रस्तावित है, लेकिन अभी तक इस दिशा में ठोस प्रगति नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि गर्मियों का मौसम आने वाला है क्षमता वृद्धि न होने से ओवरलोड होगा और बार-बार लाइट कटेगी विद्युत आपूर्ति के विस्तार के कारण मौजूदा क्षमता पर दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसके चलते कई बार ओवरलोडिंग की स्थिति बनती है, जिससे ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज और अघोषित कटौती जैसी समस्याएं सामने आती रहती हैं। सुनील सिंह ने कहा कि उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि होने से न केवल शहरी क्षेत्र बल्कि आसपास के ग्रामीण इलाकों को भी बेहतर और स्थिर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी।

## सड़क किनारे मिला अज्ञात महिला का शव

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** खमरिया थाना क्षेत्र में बसढ़िया चौराहे के पास अधेड़ अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। शव के चेहरे पर चोट के निशान देखे गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव जिला मुख्यालय भेज दिया है। थाना क्षेत्र में बसढ़िया के पास मंगलवार की सुबह सड़क किनारे अज्ञात अधेड़ महिला का शव ग्रामीणों ने देखा। लोगों ने शव पड़ा होने की सूचना थाना पुलिस को दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक शव के चेहरे पर चोट के निशान थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की। पर पहचान नहीं हो सकी। बाद में पोस्टमार्टम के लिए शव जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

## सुबह से ही छाया रहा घना कोहरा

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** मंगलवार सुबह से ही घना कोहरा छा गया। इसके चलते शहर समेत हाईवे पर दृश्यता कम हो गई। हाईवे पर तो कोहरे का आलम यह रहा कि दृश्यया 50 मीटर से कम हो गई। इसके चलते वाहनों को लाइट जलाकर चलना पड़ा। कोहरे के चलते वाहनों की रफ्तार भी धीमी रही। कोहरे के साथ ही तापमान में भी कमी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान सुबह नौ डिग्री सेल्सियस के करीब रहा।

## मकान का लिंटर फटा बालबाल बचे लोग

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा थाना क्षेत्र के कस्बा बिजुआ में सोमवार रात एक मकान का लिंटर फट गया। इस घटना में मकान मालिक विमल कुमार, उनकी मां कमला देवी और बड़े भाई कन्हैया लाल बाल-बाल बच गए। यह घटना रात करीब साढ़े 11 बजे हुई। बिजुआ निवासी विमल कुमार और उनकी मां कमला देवी मकान के नीचे सो रहे थे, जबकि कन्हैया लाल दूसरे कमरे में थे। लिंटर फटने के बाद मकान की छत के नीचे का सपोर्ट के कारण वे सुरक्षित बच गए।

# पोक्सो एक्ट के मामले में पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** थाना हजरतपुर पुलिस द्वारा पोक्सो एक्ट के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,डॉ0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना हजरतपुर पुलिस द्वारा मंगलवार को पोक्सो एक्ट के मामले में यह गिरफ्तारी की गई है। पुलिस का कहना है कि मु0अ0स0 06/26 धारा 137(2),65(1) ब्नह्स व ङ(2) पाक्सो एक्ट में प्रकाश में आए एक अभियुक्त सुनील पुत्र लालसिंह निवासी ग्राम महरौली थाना मूसाझाग को गढिया शाहपुर तिराहे से गिरफ्तार किया गया है।

# यूजीसी कानून वापस लेने की मांग को सवर्ण समाज ने किया प्रदर्शन




**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** यूजीसी कानून 2026 को वापस लेने की मांग को लेकर सर्व ब्राह्मण महासभा एवं सवर्ण समाज के सैकड़ों लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। प्रदर्शनकारियो को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी पं. अंकित शर्मा ने कहा कि यूजीसी कानून 2026 समाज को आपस में बांटने वाला कानून है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह कानून सामाजिक समरसता को नुकसान पहुंचाने वाला है। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनील शांडिल्य ने कहा कि इस कानून के लागू होने से कॉलेजों में पढ़ाई का माहौल खराब होगा और छात्र शिक्षा के बजाय राजनीति में उलझ जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज का शोषण नहीं होना चाहिए, दोषियों को सख्त सजा मिले, लेकिन झूठे मुकदमे दर्ज कराने वालों पर भी कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि यूजीसी कानून 2026 से समाज में वैमनस्यता बढ़ेगी, इसलिए इसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। कार्यक्रम में जिला संरक्षक विजय शर्मा, दीपक वत्स, बाल कृष्ण शर्मा, महासचिव पं. अनिल शर्मा, जिलाध्यक्ष पं.सोनू शर्मा, परशुराम सेना जिलाध्यक्ष आधार भारद्वाज, महानगर अध्यक्ष पं. गिरीश शर्मा सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज को एकजुट होकर संवैधानिक तरीके से विरोध करने का आह्वान किया।

# शहर के चौमुखी विकास को गति देने में जुटीं पालिकाध्यक्ष फातमा रज़ा

## शहर के वार्डों में करोड़ों की लागत से कराए जा रहे हैं विकास कार्य



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** नगर पालिका सदर द्वारा पालिका क्षेत्र के कई वार्डों में आवागमन को आसान बनाने हेतु विकास कार्यों की रफ्तार को तेज कर दिया गया है। इन्हीं विकास कार्यों के तहत शहर में 2 करोड़ 40 लख रुपए की लागत से सड़कों नालों इंटरलॉकिंग आदि कार्य किए जा रहे हैं। पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा का कहना है बिना भेदभाव के विकास कार्य निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है, जिससे बदायूं शहर सुंदर एवं व्यवस्थित बन सके उन्होंने बताया कि मोहल्ला ऊपर पारा, छोटे बड़े सरकार रोड,दा वेन्यू हाल से सज्जाद के मकान तक सीसी सड़क तथा नाली निर्माण का कार्य 11 लाख 89 हजार,लालपुल में खुराना टायर वालो के पास बाबूराम मौर्य से झाऊ के मकान तक व लिंक गली में सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य में पांच लाख 55 हजार, रंगीन मस्जिद से नूरउद्दीन से अख्तर के होटल तक सीसी रोड मय नाली निर्माण में दस लाख 58 हजार, वार्ड संख्या 18 में जीतपाल से इन्दू सक्सेना से प्रमोद मौर्य तक एवं विश्वास गुप्ता से हरीश नेकपाल तक सीसी रोड मय नाली कार्य में ग्यारह लाख 53900, कबूलपुरा में निर्माण कार्य शाहिद के मकान से होली चौक तक सीसी कार्य में 11,15000 और डीएम आवास के पीछे दिनेश कुमार लोटन वकील साहब से होते हुए मनोज बिहारी से आगे की ओर सीसी कार्य में 11 लाख 62 हजार 899 रुपये होगा। पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने कहा कि रंगरेजान वाली गली में राकेश के मकान से जाहिद के मकान तक सीसी कार्य 613000, वार्ड एक में निर्माण कार्य एप्रोच रोड पुलिया लोटनपुरा इण्टरलांकिग से 626000, वार्ड संख्या दो कृष्णापुरी में डा0एके वर्मा हास्पिटल से काशीराम मौर्य के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 598000, जालन्धरी सराय नाईयों वाली गली में इकबाल के मकान से तक उल्ला से होते हुए मुस्तफा के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 808000 साथ ही नागरान में हीरालाल वर्मा के मकान से बिलाल भाई से होते हुए नूरी मस्जिद तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 888000, वार्ड संख्या एक में अब्दुल हसन के मकान से फकरुद्दीन के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 576000, नई सराय नई बस्ती में लईक के मकान से छोटे के मकान तक इण्टरलाकिंग सड़क उच्चीकरण का निर्माण कार्य 551000 तथा संतोष सिंह तिराहे के पास लक्ष्मी बिहार कालोनी से अलापुर रोड से महावीर सिह चौहान के मकान तक सीसी सड़क व नाली निर्माण कार्य 1151000, ब्राहमपुर में अशोक माहेश्वरी से सत्यपाल भदोरिया तक सीसी रोड कार्य 611660, जोगीपुरा में खैराती चौक से नानक इलेक्ट्रिकल्स तक आरसीसी कवर्ड नाला निर्माण कार्य दस लाख 65 हजार 886 और वार्ड संख्या वार्ड 28 में निर्माण आरसीसी नाला कार्य अफजल से नसीम तक बारह लाख 28 हजार, गोपीचौक चौराहे पर रैंप सहित कवर्ड नाले का निर्माण कार्य 7 लाख 42 हजार 919 रुपये का होगा।

# पैरामाउण्ट ट्यूलिप में भव्य पुस्तकालय की स्थापना



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** सामाजिक, शिक्षा, स्वास्थ्य व पर्यावरण आदि के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले संस्थान इंडियन हर्ब्स ने पैरामाउण्ट ट्यूलिप कालोनी में आर.डब्ल्यू.ए. के सहयोग से 'अभिज्ञान संतोष' नाम से एक सुसज्जित लाईब्रेरी की स्थापना की। कॉलोनी में लाईब्रेरी का लोकार्पण महापौर डॉ.अजय सिंह, विधायक देवेन्द्र निम तथा जिलाधिकारी मनीष बंसल, आई.ए.एस. ने सामूहिक रूप फीता खोलकर किया। महापौर डॉ.अजय सिंह ने कहा कि लाईब्रेरी की स्थापना के लिये इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल की सराहना की और कहा कि इस आधुनिक और वातानुकूलित और सुसज्जित फर्नीचर व कम्प्यूटर सहित विभिन्न प्रकार के विषयों की ज्ञानवर्धक पुस्तकों का संग्रह लाईब्रेरी में किया गया है जिससे क्षेत्रवासियों का न केवल ज्ञानवर्धन होगा, अपितु उन्हें एक छत के नीचे विभिन्न प्रकार का साहित्य पाठन करने की सुविधा भी प्राप्त होगी। विधायक देवेन्द्र निम ने कहा कि इस आधुनिक लाईब्रेरी से क्षेत्रवासियों के लिये ज्ञानवर्धक रहेगी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आशुतोष ने इस लाईब्रेरी स्थापना के लिये इंडियन हर्ब्स की प्रसन्नता करते हुये कहा कि इस लाईब्रेरी की स्थापना से क्षेत्रवासियों एवं युवाओं के ज्ञान की श्रृंखला और मजबूत होगी।

जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि इस लाईब्रेरी की स्थापना से जनमानस एवं युवाओं में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। ज्ञान देने से ही सामाज में परिवर्तन होता है। अच्छी शिक्षा बड़ा सम्मान दिलाती है उन्होंने इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल जिन्होंने इस पुस्तकालय का नाम अपनी माता जी के नाम पर रखने की सराहना की और सभी से आह्वान किया कि समाज के अन्य लोगों को भी इस प्रकार के पुस्तकालय खोलने चाहिए, ताकि लोग एक-साथ बैठकर पढ़े और एक-दूसरे से बात कर सकें। इंडियन हर्ब्स के निदेशक सुधाकर अग्रवाल ने कहा कि उनके माता-पिता का शिक्षा के प्रति बहुत लगाव था। इसी कड़ी में आज अपनी माता जी की स्मृति में इस पुस्तकालय की स्थापना की गई है, जिसका नामकरण भी माता जी के नाम स्व. श्रीमति संतोष अग्रवाल के आधार पर 'अभिज्ञान संतोष' रखा गया है। यह पुस्तकालय आधुनिक और वातानुकूलित होने के साथ-साथ सुसज्जित फर्नीचर, आधुनिक कम्प्यूटर सिस्टम, नेशनल डिजीटल लाईब्रेरी में 12 करोड़ पुस्तकों का संग्रह है।

# कक्षा बारह के विद्यार्थियों को नृत्य व संगीत के साथ दी विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आशा मॉडर्न स्कूल में कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स को नृत्य गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से भावभीनी विदाई दी। आज चन्द्रनगर स्थित स्कूल में आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.दिव्य जैन, प्रबंधक भव्य जैन, विवेक जैन, उमंग जैन, प्राइमरी प्रधानाध्यापिका श्रीमती स्वाति जैन, डॉ.सौम्य जैन एवं श्रीमती चंदना जैन ने विद्यालय की संस्थापिका स्व. सुश्री आशा जैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद सभी ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें नमन किया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन एवं स्वागत गीत गाया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.दिव्य जैन ने स्व. सुश्री आशा जैन द्वारा स्थापित शैक्षणिक मूल्यों को याद करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों का परिचय कराया। उन्होंने कहा कि कक्षा बारह के विद्यार्थी विद्यालय की धरोहर हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि कक्षा बारह के सभी विद्यार्थी अपने ज्ञान, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के बल पर जीवन में निश्चित ही सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर पर्व पाठक को वर्किंग विकिपीडिया, अवनि पंवार एवं रिद्धि गर्ग आल राउंडर, नंदिनी राजीव मित्तल, समय निष्ठ एवं नियमित अवनी गौतम, वासु झंडेवाल श्रेष्ठ वक्ता एवं विभिन्न छात्रो को अलग-अलग उपाधियों से विभूषित किया गया।

इसके अलावा पीयूष मोहिनी को मिस्टर फेयरवेल तथा रिद्धि गर्ग को मिस फेयरवेल घोषित किया गया।

कक्षा ग्यारह के विद्यार्थियों ने नृत्य गीत एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समारोह को यादगार बनाया।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण भी मौजूद रहे।

# ज्वैलरी शो रूम में करोड़ों की चोरी का खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस व स्वाट/सर्विलांस की संयुक्त टीम ने ज्वैलरी शोरूम में हुई करोड़ों की चोरी का खुलासा करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से तीन करोड़ रूपये कीमत के हीरे व सोने के आभूषण समेत हजारों रूपये की नगदी बरामद की है। पुलिस ने पाचों आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/एसएसपी आशीष तिवारी ने पुलिस लाइन सभागार में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विगत् 23 जनवरी को वादी ज्वैलरी शोरूम के मैनेजर अंकित मुखर्जी थाना सदर बाजार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ स्टोर की दीवार तोड़कर सोने, डायमंड के आभूषण व नकदी चोरी कर ले जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आशीष तिवारी ने बताया कि थाना सदर बाजार प्रभारी कपिल देव, स्वाट टीम प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार यादव, निरीक्षक सुनील शर्मा स्वाट टीम, वरिष्ठ उपनिरीक्षक विपिन कुमार, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, रविन्द्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक श्वेता शर्मा तथा चंचल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर छोटी रेलवे लाईन खलासी लाईन के पास से आरोपियों इरशाद उर्फ काला पुत्र अनीश उर्फ पीरू व दिलशाद पुत्र अनीश उर्फ पीरु निवासीगण भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मण्डी, हाल पता सैतान चौक कलियर थाना कलियर जनपद रुडकी उत्तराखण्ड, सलमा पत्नि अरशद निवासी भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मण्डी हाल निवासी नयी बस्ती सरकारी टयूबवैल किराये का मकान थाना कलियर जनपद रुडकी उत्तराखण्ड, काली पत्नि अनीश उर्फ पीरू निवासी भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मण्डी हाल निवासी बंजारो का मौहल्ला पान की दुकान वाली गली थाना भगवानपुर जनपद रुडकी उत्तराखण्ड व सीमा पत्नि दिलशाद निवासी भंगी कालोनी नियर हसमत कालोनी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर हाल निवासी सैतान चौक कलियर थाना कलियर जनपद रुडकी उत्तराखण्ड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के हीरे व जेवरात समेत 45100 रूपये की नगदी बरामद कर ली। एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया कि बरामद आभूषणों की कीमत करीब 03 करोड रूपये है। पूछताछ में आरोपी इरशाद ने बताया कि उसने स्वाती होण्डा एजेन्सी की छत पर विद्युत केबिल काटकर गलेण्डर के तार जोड़कर छत का दरवाजा काटा और जीने की दीवार के पास बल्ब की रोशनी करके स्टोर की दीवार को गलेण्डर से काटकर स्टोर के अन्दर घुस गया व चैनल को काटा था तथा घटना के समय उसने अपने चेहरे को नकाब से ढका हुआ था, ताकि सीसीटीवी मे चेहरा पहचान में न आ सकें। स्टोर से उसने सोने व डायमंड के आभूषण व नगदी चोरी की थी, उसके बाद वह कलियर के लिए चला गया था तथा दुकान से कुछ सोने की तरह दिखने वाले आभूषण चूड़ी, चैन, व अगूठी खरीद ली थी कि यदि पुलिस द्वारा पकडा गया, तो ये नकली आर्टिफिशियल आभूषण पुलिस को दे दूंगा। उसके द्वारा चोरी किये गये सामान को बेचने मे मेरा भाई दिलशाद, माँ काली, भाभी सीमा सलमा सहयोग करते है। जिनके माध्यम से वह चोरी के आभूषणो को अन्य राज्यो मे बेचता है। आज भी वह व उसका भाई दिलशाद, माँ काली, भाभी सीमा व भाभी सलमा को साथ लेकर टाटा स्टोर से चोरी किये आभूषणो को बेचने के लिए दूसरे राज्य मे जा रहा था कि पुलिस ने पकड़ लिया।

# शब-ए-बरात के धार्मिक व सामाजिक महत्व को समझाया



**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** ब्लू बर्ड स्कूल में शब-ए-बरात के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शब-ए-बरात के धार्मिक, नैतिक और सामाजिक महत्व से अवगत कराया गया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ कुरान के पवित्र पाठ सुरह जुमाह की किरात कक्षा आठ के विद्यार्थी रय्यान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुफ्ती मोइनुद्दीन ने शब-ए-बरात की फजीलत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह रात इबादत, तौबा और अल्लाह से माफी माँगने की रात है। उन्होंने विद्यार्थियों और उपस्थित जनसमूह को नेक अमल करने, बड़ों का सम्मान करने और समाज में अच्छाई फैलाने की सीख दी। इसके पश्चात एम.डी. स्कूल मौहम्मद जमाल असलम ने कहा कि शब-ए-बरात जो इस्लामी कैलेंडर के मुताबिक 15 शाबान को मनाई जाती है। इस्लाम में बहुत ही अहम रात मानी जाती है। यह रात अल्लाह की रहमत, मगफिरत और बरकत की रात है। इस रात में अल्लाह तआला अपने बंदों के गुनाह माफ़ करता है और उनके लिए अच्छे फैसले लिखता है। इसके पश्चात चेयरमैन स्कूल डॉ. खालिद ने अपने भाषण में शब-ए-बरात के सामाजिक और नैतिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# अंध विश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में आयोजित अंध विश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को कई वैज्ञानिक प्रयोगो के माध्यम से प्रदर्शन कर अंध विश्वास से दूर रहने के प्रति जागरूक किया गया। राजकीय इण्टर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन विशेषज्ञ रोहिणी स्नेह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ.अरविन्द कुमार पाठक, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी, समन्वयक अम्बरीष कुमार, सह समन्वयक सचिन त्यागी ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख पुष्प अर्पण और दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला समन्वयक अम्बरीष कुमार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आवंटित कार्यक्रम के बारे मे विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि जिला विज्ञान क्लब द्वारा आयोजित अंध विश्वास के विरुद्ध विज्ञान समाज के लिए मील का पत्थर साबित होगा। विज्ञान ही समाज में फैले अंध विश्वास को प्रयोग के माध्यम से जागरूकता फैलाकर समाप्त कर सकता है। कार्यक्रम में विशेषज्ञ रोहिणी ने सिर पर आग लगाकर चाय बनाना, बिना माचिस के ग्लिसरीन रूपी घी से अग्नि प्रज्ज्वलित करना, जीभ पर कपूर जलाना, लोटे मे बार बार जल आना, बोतल का रस्सी को पकड़ लेना, चावल भर लोटे को चाकू से उठाना, खाली झोले से कागज को नोट और वस्तुओं को डबल मे बदलना, चुने से हाथ लाल होना, हाथ हिला कर नोट निकालना, जैसे 45 अंध विश्वासो को प्रयोगों के माध्यम से समाज में व्याप्त आडम्बरों एवं कुरुतियों का भंडाफोड़ किया। इस कार्यक्रम में विज्ञान शपथ, चित्रकला प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों सहित कुल 342 प्रतभागियों ने प्रतिभाग किया। विशेषज्ञों द्वारा अन्धविश्वास पर विश्वास न करने तथा इनके पीछे के विज्ञान को समझने का प्रयास करने पर बल दिया। वस्तुओं की शुद्धता का मापन, ब्रह्माण्ड व उपग्रह की गति के सिद्धांतो की व्याख्या की। विद्यार्थी को हमेशा उत्साही प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित रहना चाहिए, तभी अंध विश्वास समाप्त होगा। वाद-विवाद प्रतियोगिता में राजकीय इण्टर कॉलेज, कमेला रोड़ की छात्राओं जरीन एव ंअरीशा ने प्रथम स्थान, राजकीय हाई स्कूल घाटेड़ा के छात्र अनुराग पंवार एवं सागर ने द्वितीय स्थान तथा जे.बी.एस. हिनदू कन्या इण्टर कॉलेज की छात्राओं जैनम एवं इरम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में लव्या धीमान ने प्रथम, बिसमा ने द्वितीय तथा कामिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में जनता इण्टर कॉलेज झबीरन की छात्रा अक्षिता पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अरविन्द कुमार पाठक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय हर्षदेव स्वामी द्वारा संयुक्त रूप से स्मृति-चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन राजकीय इण्टर कालेज की शिक्षिका करूणा कालरा ने किया। इस दौरान राजकीय हाई स्कूल पुण्डेन के शिक्षक सचिन त्यागी एवं राजकीय कन्या इण्टर कालेज की शिक्षिका अंजना कश्यप ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# खराब पड़ी लाईटों को तुरंत ठीक कराएंः प्रदीप यादव



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर निगम में आज जनसुनवाई के दौरान आयी सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी दो समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया गया। जबकि लाईट सम्बंधी तीन समस्याओं को तुरंत लाईट ठीक कराने को कहा गया। अन्य समस्याओं के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वार्ड 35 स्वतंत्र नगरी के संजीव गोयल ने स्वतंत्र नगरी में नालियों की सफाई तथा वार्ड 33 शक्ति पैट्रोल पम्प दिल्ली रोड के सामने साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव ने सम्बंधित सफाई निरीक्षक व सफाई मित्रों को भेजकर सफाई कराते हुए समस्याओं का निस्तारण करा दिया। इसके अलावा वार्ड 58 सर्राफा बाजार के आशीष सैनी ने सर्राफा बाजार में वार्ड 55 चंद्रनगर के प्रदीप वर्मा ने चंद्रनगर में वार्ड 46 तोता चौक के संजीव गोयल ने न्यू राघवपुरम गेट के पास खराब लाईटों को ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर अपर नगरायुक्त ने अवर अभियंता प्रकाश को उक्त लाईटों को तुरंत ठीक कराने के निर्देश दिए।

# बीएचयू - यूजीसी बिल के समर्थन में एसटी, एससी और ओबीसी के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन

**छात्र-छात्राओं ने सरकार से इस बिल को शीघ्र लागू करने की अपील की**

**अवधनामा ब्यूरो**






**वाराणसी।** बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के एसटी,एससी और ओबीसी के छात्र-छात्राओं ने यूजीसी बिल को लागू करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यूजीसी के नए बिल को लेकर छात्र-छात्राएं मंगलवार की दोपहर से ही नए विश्वनाथ मंदिर पर्?सर के पास पोस्टर बैनर लेकर प्रदर्शन के लिए तैयारी कर चुके थे। छात्र-छात्राओं का जमावड़ा की सूचना पाते ही प्रशासन अलर्ट मोड पर हो गया और तुरंत कैंपस परिसर में भारी संख्या में फोर्स तैनात कर दिए गए। छात्रों का कहना है कि यूजीसी बिल के लागू होने से उच्च शिक्षा में समानता और अवसरों की वृद्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस बिल के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में सामाजिक न्याय को सुनिश्चित किया जा सकेगा। छात्रों ने इस बात पर जोर दिया कि यूजीसी बिल के लागू होने से न केवल उनके अधिकारों की रक्षा होगी, बल्कि यह शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक बदलाव भी लाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी की और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुटता दिखाई।

बता दे की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने 13 जनवरी 2026 को %प्रमोशन ऑफ़ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, के नए नियम लागू किए थे। जिनका उद्देश्य कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकना था। सुप्रीम कोर्ट ने इन नियमों को अस्पष्ट और दुरुपयोग के योग्य बताते हुए अगली सुनवाई (19 मार्च 2026) तक रोक लगाई है और तब तक 2012 के नियम जारी रखने का निर्देश दिया है। वही छात्र छात्राओं का प्रदर्शन दोपहर में शुरू हुआ तो काफी देर तक पर्?सर में नारेबाजी चलती रही। जबक? बीएचयू प्रशासन ने छात्र छात्राओं को समझाने की कोश?श भी की लेकि?न वह अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करते रहे। जबकि सुरक्षा कारणों से पर्?सर में पुलसि बल को सतर्क रखा गया है।

## बस्ती में राज्यपाल के संभावित दौरे को लेकर जिलाधिकारी ने किया गरिमा गृह का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल का 10 फरवरी को बस्ती में संभावित दौरा हो सकता है। वे इन्दिरा चैरिटेबल सोसायटी के आमंत्रण पर आ रही है और गरिमा गृह का उद्घाटन करेंगी। राज्यपाल के संभावित दौरे को देखते हुये मंगलवार को जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्सना ,मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल , मुख्य राजस्व अधिकारी कीर्ति प्रकाश भारती, उपजिलाधिकारी सहित प्रशासन के अनेक अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल मालवीय रोड बादशाह टाकीज के पीछे स्थित गरिमा गृह का दौरा किया।

यह जानकारी देते हुये इन्दिरा चैरिटेबल सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बस्ती में देश का 24 वां गरिमा गृह होगा जहां ट्रांसजेंडरों को एक छत के नीचे नीचे निःशुल्क भोजन, चिकित्सा, कौशल विकास, कानूनी मदद दी जायेगी।

# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण को लेकर बैठक का आयोजन

**अब कोई भी पात्र महिला स्वयं सहायता समूह से बाहर नहीं रहेगी : मुख्य विकास अधिकारी**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला सशक्तिकरण को लेकर ब्लाक सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओडो ने सरकार की महिलाओं हित में चलाई जा रही योजनाओं को महिलाओं को समुचित लाभ दिया जाए साथ ही प्राथमिकता आधार पर स्वयं सहायता समूहो से जोड़े जाने के समूह सखियों को निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अब कोई भी पात्र महिला स्वयं सहायता समूह से बाहर नहीं रहेगी। उन्होंने समूह सखियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र गृहस्थी परिवार, जीरो पॉवर्टी के अंतर्गत आने वाले परिवार, प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थी परिवारों की महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। सरकार की मंशानुसार महिला को आर्थिक रूप से मजबूत बनाया जाए और समूहों के माध्यम उन्हें अपने पैरों पर खड़ा किए जाने में सहयोग किया जाए। कहा कि पुराने समूहों तक सीमित न रहते हुए, नए स्वयं सहायता समूहों के गठन पर भी विशेष जोर दिया गया। सीडीओ ने बताया कि समूह गठन से महिलाओं को न सिर्फ रोजगार के अवसर मिलेंगे, बल्कि उनकी सामाजिक पहचान भी मजबूत होगी। उन्होंने समूह सखियों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं को कागजों से निकालकर ज़मीन पर उतारें और हर जरूरतमंद महिला तक उनका लाभ पहुंचाएं। कहा कि आने वाले दिनों में विकासखंड पनवाड़ी की महिला सशक्तिकरण की तस्वीर बदलने वाली है और ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर एडीओ देवकरन कुशवाहा सहित करीब छह दर्जन समूह सखियों ने अभियान की दिशा और लक्ष्य से अवगत कराया गया।

# टेंट खोलते समय हाईटेंशन लाइन से टच हुआ लोहे का पाइप, करंट की चपेट मे आने से श्रमिक की मौत

**शादी समारोह के बाद टेंट खोलते समय हुआ हादसा, पुलिस जाँच मे जुटी**

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** कस्बे के भटेवरा रोड स्थित हटवारा मुहाल में एक मकान की छत पर लगाए गए टेंट को मंगलवार को खोलते समय पास में निकली हाईटेंशन लाइन में लोहे का पाइप टच हो जाने से टेंट खोल रहा श्रमिक करंट की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

नगर के हटवारा मुहाल स्व. श्याम सिंह की पुत्री छाया की शादी में मंडप कार्यक्रम के लिए छत पर टेंट लगाया गया था। कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन नगर का टेंट श्रमिक अबरार (44) पुत्र इमाम बख्श निवासी राजावार्ड अपने साथियों के साथ मकान की छत पर लगा टेंट में लगी चांदनी को खोल रहा था, तभी मकान के बाहर पास से निकली 11 हजार की हाईटेंशन लाइन से लोहे का पाइप टकरा गया। जिससे श्रमिक करंट में चपेट में आकर बुरी तरह से सुलझ गया और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पड़ोस के लोगों ने बिजली लाइन को बंद कराया और आनन फानन में श्रमिक को अस्पताल ले गए। जहां पर डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार पंकज गौतम, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक व कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह पुलिस स्टाफ के जांच पड़ताल शुरू की। बताया कि मृतक की शादी नहीं हुई थी वह अकेला रहकर एक नगर के टेंट हाउस में मजदूरी का कार्य करता था।

## डा. वी.के. वर्मा ने वियतनाम में प्रस्तुत किया पैरालाइसिस' पर शोध पत्र

**बस्ती।** जिला चिकित्सालय में आयुष चिकित्साधिकारी होम्योपैथ के वरिष्ठ चिकित्सक डा. वी.के. वर्मा ने वियतनाम की राजधानी हनोई में आयोजित होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में लकवा 'पैरालाइसिस' पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। कहा कि होम्योपैथ में इस रोग के उपचार की पूरी व्यवस्था है। होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन से वापस आने के बाद यहां जारी विज्ञप्ति के माध्यम से डा. वर्मा ने बताया कि होम्योपैथ भारत की तरह वियतनाम में भी लोकप्रिय चिकित्सा पद्धति है। होम्योपैथ के अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दुनियां के विभिन्न हिस्सों से 400 से अधिक चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। ज्ञात रहे कि डा. वी.के. वर्मा को चिकित्सा के क्षेत्र में योगदान के लिये भारत के साथ ही नेपाल, श्रीलंका, दुबई, लंदन आदि देशों में भी सम्मानित किया जा चुका है।

# एसआरएम टीम ने चरखारी के स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान टीम ने स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों को पूर्व से अधिक बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायें**

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** प्रदेश सरकार की एसआरएम टीम ने विकासखंड चरखारी के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। टीम ने ब्लॉक चरखारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरेला, उपकेंद्र सबुआ, अनघोरा, कुडार, सुदामापुरी और रिवई सहित अन्य केंद्रों का भी बारीकी से निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण दौरान केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोष जनक पायी गई। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधीक्षक डॉ. पीके सिंह, अधीक्षक खरेला डॉ. राजेश वर्मा, आरबीएसके चिकित्सक डॉ. इफ्तेखार खान, बीसीपीएम मनीषी पटैरिया, आशुतोष चौबे और रौनक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित मंडल स्तरीय एसआरएम टीम ने मंगलवार को विकास खंड जैतपुर के अंतर्गत सीएचसी कुलपहाड़ का निरीक्षण किया। झांसी मंडल की दो सदस्यीय एसआरएम टीम प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी झांसी डॉ अंशुमान तिवारी एवं नरेंद्र रावत ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत, डॉ. महेश सिंह अधीक्षक कुलपहाड़ की मौजूदगी में सुबह करीब 10:30 बजे अस्पताल पहुंची, जहां टीम प्रभारी डॉ अंशुमान तिवारी ने उपस्थिति पंजिका, दवा वितरण रजिस्टर, जांच कक्ष, चिकित्साधिकारी कक्ष तथा आयुष्मान वार्ड महिला बिंग सेंटर की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित स्टाफ को निर्देशित किया कि मरीजों को पूर्व से अधिक बेहतर एवं समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जायें।

इसके बाद टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर सतारी का निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण सेवाओं का संचालन प्रभावी ढंग से करने के निर्देश दिए। टीम ने सुगिरा एवं लाड़पुर पहुंचकर व्यवस्थाओं को परखा और दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अधीक्षक डॉ. पवन राजपूत, डॉ. प्रभा गुप्ता, डॉ. महेश सिंह, गिरिराज कश्यप, बीसीपीएम शिवचरण पाल, लैब टेक्नीशियन अभिषेक चौबे, उमेश कुमार सोनी कमल सिंह, मनोज रावत सहित स्टाफ नर्स, मनोरमा सिंह, कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अनिता कुशवाहा, आदित्य, अंजना यादव, एएनएम गायत्री देवी, कल्पना देवी राजपूत, शशि भास्कर एवं आशा मैना देवी, उर्मिला, कौशल्या, कमलेश, काली, गोरी बाई, आशा कार्यकत्री आदि मौजूद रहीं।

# बहू-बेटी सम्मेलन कर महिलाओं/ बालिकाओं को किया जागरूक

**अवधनामा संवाददाता**



**बस्ती।** पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के निर्देशन में जनपद बस्ती के विभिन्न थानों द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन कर महिलाओं/ बालिकाओं को साइबर अपराध, महिला सशक्तिकरण, नारी सुरक्षा, स्वावलंबन व अधिकारों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना लालगंज द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत कस्बा बनकटी में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध,विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना किसी से डरे आवाज उठाने की अपील की गयी। मिशन शक्ति टीम थाना रुधौली द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत कस्बा रुधौली में एंटी रोमियो चेकिंग कर, ग्राम रुद्र नगर में उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला सशक्तिकरण, महिला अपराध, साइबर अपराध, विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना कोतवाली द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत रोडवेज, कटेश्वर पार्क, जीजीआईसी इंटर कॉलेज, महिला अस्पताल के आस-पास एंटी रोमियो चेकिंग कर उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध,विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना गौर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत कस्बा गौर में एंटी रोमियो चेकिंग कर, आस-पास मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर विभिन्न हेल्प0नं0, साइबर अपराध, महिला अपराध एवं बचाव आदि से जागरुक किया गया। मिशन शक्ति टीम थाना कप्तानगंज द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ग्राम बलुआ में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध,विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना किसी से डरे आवाज उठाने की अपील की गया।

इसी क्रम में मिशन शक्ति टीम थाना सोनहा द्वारा मिशन शक्ति फेज 5 के तहत ग्राम द्वारिका चक, कस्बा सल्टौवा , कस्बा भिरिया में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध,विभिन्न हेल्प0नं0 आदि से जागरुक किया गया तथा अपराध के प्रति बिना किसी से डरे आवाज उठाने की अपील की गयी।

# पुलिस ने ऑनलाइन धोखाधड़ी का शिकार व्यक्ति को 15 हजार की धनराशि कराई गई वापस

**अवधनामा संवाददाता**




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी साइबर गौरव उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए जनपद महोबा में साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा निरन्तर प्रभावी अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में आवेदक वीरेन्द्र, निवासी ग्राम पलका, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा द्वारा अपने साथ हुई ऑनलाइन धोखाधड़ी के सम्बन्ध में NCRP (National Cyber Crime Reporting Portal) पर शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शिकायत की जांच के दौरान साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए संबंधित बैंक/डिजिटल माध्यमों से समन्वय स्थापित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप शिकायतकर्ता की 15,000 (पन्द्रह हजार रुपये) की सम्पूर्ण धनराशि सफलतापूर्वक वापस कराई गई। अपनी पूरी धनराशि वापस प्राप्त होने पर शिकायतकर्ता द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा स्वयं साइबर क्राइम पुलिस थाना पर उपस्थित होकर उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर शिकायतकर्ता द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना महोबा को धन्यवाद पत्र भी प्रदान किया गया।

जनपद महोबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि साइबर अपराध की किसी भी घटना की स्थिति में तत्काल NCRP पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्यवाही कर पीड़ित को राहत प्रदान की जा सके।

## लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली से शिक्षकों में आक्रोश राज किशोर शुक्ल

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली से शिक्षकों में भारी आक्रोश - लेखाधिकारी पहले तो फोन ही नहीं उठाते और फोन उठने पर सभी शिक्षकों को अलग जवाब देकर उन्हें गुमराह करने की कुचेष्टा कर रहे हैं जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि सर्वाधिक परेशान वह शिक्षक हैं जिनकी ईएमआई जमा होनी है। ईएमआई समय पर जमा न होने पर भारी पेनाल्टी देनी होगी।

जिला मंत्री ने भी लेखाधिकारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिले में तीस - पचास फीसदी शिक्षकों ने अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण पोर्टल पर अपलोड कर दिया है फिर उनका वेतन क्यों नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि पांच फरवरी तक वेतन खातों में नहीं पहुंचा तो उनके खिलाफ अग्रिम कार्यवाही के लिए विचार किया जाएगा।

## अग्निवीर व बीएसएफ लिखित परीक्षा पास करने वाले 24 अभ्यर्थियों का हुआ सम्मान



**चरखारी महोबा।** बुंदेलखंड फिजिकल डिफेंस अकादमी,के 24 अभ्यर्थियों ने अग्निवीर एवं बीएसएफ की लिखित परीक्षा पास कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर ओल्ड पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में अकादमी के संरक्षक एवं चरखारी विधायक ने चयनित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने की सीख दी। विधायक ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारें आती-जाती रहती हैं, लेकिन अधिकारी वही रहते हैं, इसलिए सिस्टम में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वे व्यवस्था को सुधारने और बदलने की दिशा में गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। साथ ही युवाओं से अनुशासन और ईमानदारी को जीवन का मूल मंत्र बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कुलदीप भटनागर ने भी युवाओं को सत्य और परिश्रम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अकादमी के प्रशिक्षक साजिद सर ने बताया कि बुंदेलखंड फिजिकल डिफेंस अकादमी से हर वर्ष सैकड़ों छात्र-छात्राएं विभिन्न सैन्य एवं अर्धसैनिक बलों में चयनित होकर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर विधायक ने युवाओं की सुविधा के लिए मेला मैदान में बनी लाइब्रेरी में आवश्यक प्रतियोगी पुस्तकों की व्यवस्था कराने के निर्देश भी दिए। कार्यक्रम में नरेंद्र, पूर्व ब्लॉक प्रमुख निर्भय सिंह, रोहित कटियार, उदित राजपूत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सपा जिलाध्यक्ष की पुत्री को दिया आशीर्वाद



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल आज वाराणसी पहुँचे। काशी आगमन के पश्चात सपा कार्यकर्ता जगह काफिला रोककर फूल मालाओ से स्वागत किया। सपा प्रदेश अध्यक्ष सड़क मार्ग से सीधे लोहता स्थित ग्राम भट्ठी पहुंचे।

विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने आगवानी कर माल्यार्पण कर स्वागत किया। सपा जिलाध्यक्ष सुजीत यादव ÷लक्कड ÷ की सुपुत्री स्वाती यादव को विवाहोत्सव की बधाई दिया। स्वागत करने वालो मे प्रमुख रूप से विश्वकर्मा समाज के महानगर अध्यक्ष एवं सपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम यादव,पूर्व विधायक उदय लाल मौर्य,प्रवक्ता संतोष यादव बबलू पूर्व जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव प्रधान,रिजवान अंसारी,भीष्म नारायण यादव,जवाहर लाल,बनारस वाले हरीश मिश्रा,प्रदीप जायसवाल,अजय चौरसिया,शशि यादव,महेंद्र पाल पिंटू, आदि लोग उपस्थित थे ।

## यह बजट विकास की नई छलांग लगाने वाला : डॉ अरशद मंसूरी

**फर्रुखाबाद।** देश के प्रथम मुस्लिम देहदानी एवं भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ अरशद मंसूरी ने इस बजट को विकास की नई छलांग लगाने वाला बताया हैं! इस केंद्रीय बजट से हेल्थ सेक्टर को बूस्टर डोज मिलेंगी! कैंसर की 17 दवाओं पर कस्टम ड्यूटी पर छूट कर देने से कैंसर मरीजों को बड़ी राहत मिलेंगी!

समाजसेवी एवं चिकित्सक डॉ अरशद मंसूरी के कथनानुसार 3 नये आयुर्वेदिक एम्स अस्पताल खुलने एवं 7 रेयर डिजीज की दवाओं पर छूट से चिकित्सा क्षेत्र में एक नई क्रान्ति आयेगी! यहीं नहीं विदेश यात्रा करना अब सस्ता हो जायेगा और विदेश से निजी सामान मँगवाना भी 50त्न सस्ता हो जायेगा! डॉ अरशद मंसूरी ने 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओ का बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मन्त्री व वित्त राज्य मन्त्री का आईएसओ प्रमाणित सामाजिक संगठन मंसूरी सोसाइटी की तरफ से आभार व्यक्त किया हैं!

# भारतीय क्रिकेट टीम एवं आईपीएल खिलाड़ी राहुल तेवतिया ने किया सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**बस्ती।** भारतीय क्रिकेट टीम एवं आईपीएल खिलाड़ी राहुल तेवतिया नेआज सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी का उद्घाटन किया । इस अवसर पर देश-प्रदेश की क्रिकेट जगत से विजय यादव (पूर्व भारतीय क्रिकेटर), गजेंद्र नाथ तिवारी (निदेशक, उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ), शफीक सिद्दीकी (अध्यक्ष, मंडल क्रिकेट संघ, गोरखपुर), राजीव कुमार (निदेशक, सेंट जेवियर्स स्कूल), सोनी कुमारी (मैनेजिंग डायरेक्टर, सेंट जेवियर्स स्कूल), निदेशक कोचिंग विजय यादव क्रिकेट एकेडमी अनिकेत उपाध्याय (बीसीसीआई एवं क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा प्रमाणित कोच), इंजीनियर राहुल उपाध्याय (हेड ऑफ मैनेजमेंट, सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी) एवं डॉ. पी. एस. पटेल (वरिष्ठ परामर्शदाता, शिशु रोग विशेषज्ञ) विशेष रूप से मौजूद रहे।

सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। यहां काली मिट्टी की विकेट, मैकेनिकल रोलर, आधुनिक बॉलिंग मशीन, आधुनिक प्रैक्टिस नेट्स, मैच के लिए काली मिट्टी एवं हरी घास की टर्फ विकेट, लश ग्रीन क्रिकेट ग्राउंड (सेलेक्शन नंबर-1 क्रिकेट ग्रास से परिपूर्ण ), आधुनिक सिंचाई प्रणाली तथा अत्याधुनिक घास काटने की मशीन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह एकेडमी खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग देने के लिए पूरी तरह सक्षम है।एकेडमी की परिकल्पना कम उम्र में ही प्रतिभाशाली और पेशेवर क्रिकेटरों की नर्सरी तैयार करने की है। आयोजकों ने कहा कि बस्ती जैसे मंडल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत केवल सही मंच और मार्गदर्शन की है। सेंट जेवियर्स क्रिकेट एकेडमी का उद्देश्य मंडल के युवा खिलाड़ियों को वह मंच प्रदान करना है, जहां से वे राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।इस अवसर पर वक्ताओं ने बस्ती मंडल में पेशेवर क्रिकेट को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया और एकेडमी की पहल को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताया। उद्घाटन समारोह में खेल प्रेमियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

# तिब्बती चिकित्सा पद्धति अनेक प्राचीन पद्धति है : श्रीमती चैत्रा वी



**अवधनामा ब्यूरो**

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष विभाग की डायरेक्टर जनरल,श्रीमती चैत्रा वी.ने आज मंगलवार को केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान,सारनाथ के सोवा-रिग्पा अस्पताल का निरीक्षण किया।इस अवसर पर कुलसचिव डॉ.सुनीता चंद्रा ने खतक और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया।उन्होंने कहा कि,इस परम्परा का उद्देश्य देश में पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों के माध्यम से सुरक्षित,सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है।सोवा-रिग्पा विभाग के संकाय प्रमुख प्रो दमदुल ने बताया कि सोवा- रिग्पा जिसे तिब्बती चिकित्सा पद्धति भी कहते हैं,का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक तरीकों,आहार, व्यवहार संशोधन और पारंपरिक दवाओं के माध्यम से रोगों को जड़ से खत्म करना और समग्र स्वास्थ्य (शारीरिक व मानसिक) को बढ़ावा देना है। यह प्राचीन पद्धति मुख्य रूप से पुराने रोगों जैसे अस्थमा,अर्थराइटिस और ब्रोंकाइटिस के इलाज में प्रभावी मानी जाती है।अध्यक्ष प्रो टाशी दवा ने हर्बल दवाओं के पारम्परिक महत्व को बताया।इस अवसर पर उपकुलसचिव डॉ हिमांशु पाण्डेय,सहायक कुलसचिव सुनिल कुमार डॉ सुमिल तिवारी, डॉ ए के राय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रात में आवासीय प्लॉट ढहाने वाली जेसीबी बरामद, चालक फरार



*अवधनामा संवाददाता*

**जाना बाजार -अयोध्या।** आवासीय प्लॉट को रात में ढहाने वाली जेसीबी मशीन को पुलिस ने बरामद कर लिया है, हालांकि चालक फरार बताया जा रहा है। ध्वस्तीकरण के मामले में दर्ज मुकदमे में पुलिस अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जांच का दायरा बढ़ने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है, क्योंकि साजिश में कई सम्मानित लोगों के नाम सामने आने की चर्चा है।घटना थाना क्षेत्र हैदरगंज के इमिलिया ग्राम पंचायत की है, जहां थाने से महज सौ मीटर की दूरी पर 26 जनवरी की रात हैदरगंज-भीटी मार्ग के किनारे केरा लाल खा चौबेपुर मलावन निवासी दुर्गावती पत्नी स्वर्गीय कृष्ण कुमार के निर्माणाधीन आवासीय प्लॉट की बाउंड्री वॉल और अंदर बने ऑफिस को जेसीबी से ढहा दिया गया था। कार्यालय में रखी कुर्सी-मेज आदि सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया।पीड़िता की लिखित तहरीर पर हैदरगंज पुलिस ने तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।

पुलिस ने करौ गांव से घटना में प्रयुक्त जेसीबी मशीन बरामद कर ली, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया।थानाध्यक्ष विवेक राय ने कहा कि क्षेत्र में दबंगई किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विवेचक उप निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि इस साजिश में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और उनके विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# शिक्षक हितों से कोई समझौता नहीं: डॉ. संजय सिंह



**अयोध्या।** चल-अचल संपत्ति विवरण से जुड़े हालिया शासनादेश को लेकर परिषदीय शिक्षकों में फैले भ्रम और असमंजस पर प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ा रुख अपनाया है। संघ का स्पष्ट कहना है कि यह आदेश राज्य कर्मचारियों पर लागू है, न कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों पर। शासनादेश के गलत अर्थ लगाए जाने से शिक्षकों में वेतन और सेवा शर्तों को लेकर अनावश्यक चिंता उत्पन्न हुई है। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ. संजय सिंह के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्री लालचंद से मुलाकात कर शिक्षक समाज की चिंताओं से अवगत कराया। संघ ने दो टूक कहा कि परिषदीय शिक्षक राज्य कर्मचारी की श्रेणी में नहीं आते, इसलिए बिना किसी स्पष्ट शासनादेश के उनसे चल-अचल संपत्ति विवरण को वेतन से जोड़ना अनुचित और अव्यावहारिक है।डॉ. संजय सिंह ने कहा कि शिक्षक हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता के नाम पर शिक्षकों पर दबाव बनाना न केवल अनुचित है, बल्कि इससे शिक्षण व्यवस्था भी प्रभावित होगी।मामले को लेकर प्रांतीय स्तर पर भी शिक्षक संगठनों ने आपत्ति दर्ज कराई है। प्रांतीय नेतृत्व ने चेतावनी दी है कि यदि इस शासनादेश को परिषदीय शिक्षकों पर लागू करने का प्रयास किया गया, तो उसका संगठित और लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा। संगठन का कहना है कि विरोध पारदर्शिता के खिलाफ नहीं, बल्कि अस्पष्ट और अन्यायपूर्ण व्याख्या के विरुद्ध है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक रुख अपनाते हुए प्रकरण के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# कर्पूरी ठाकुर ने शोषितों-वंचितों की लड़ाई लड़ी- प्रेम बहादुर शर्मा

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मेहदौना में उम्मीद किरण सेवा संस्थान के तत्वाधान में जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती एवं समाज जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट प्रेम बहादुर शर्मा ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में कर्पूरी ठाकुर का कार्यकाल शोषितों और वंचितों को समर्पित था। मुख्यमंत्री रहते हुए उन्होंने पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत आरक्षण देकर उन्हें समाज की मुख्य धारा में लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया। विशिष्ट अतिथि अम्बेडकरनगर से आए समाजसेवी महेश शर्मा ने कहा कि भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर स्वयं पिछड़े समाज से आते थे और उन्होंने जीवन भर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।कार्यक्रम को डॉ एचसी शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, प्रिंस शर्मा, जितेंद्र कुमार शर्मा, देवी प्रसाद नन्द, सूरज शर्मा, अनिल शर्मा, विनय शर्मा आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लाल चन्द्र चौरसिया ने तथा अध्यक्षता श्रवण कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर योगेश शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, राहुल शर्मा, सीताराम शर्मा, राजू कुमार, अमित शर्मा, वंश बहादुर शर्मा, विजय शर्मा, सालिक राम शर्मा, दिवाकर सेन, घनश्याम चौहान, नितिन प्रताप शर्मा, फागू लाल, हजारी लाल, राजन शर्मा, मिंटू शर्मा, ऊषा देवी, रामदीन सहित नाई समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मां के संघर्ष ने दिलाई उड़ान: उसरू कॉलोनी की स्वीटी यादव बनीं इंडियन रेलवे की असिस्टेंट लोको पायलट

**अयोध्या।** जनपद के उसरू कॉलोनी की रहने वाली स्वीटी यादव ने कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर इंडियन रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर चयनित होकर अपनी विधवा मां का सपना साकार कर दिखाया है। विपरीत परिस्थितियों में मिली यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।स्वीटी यादव स्वर्गीय अमरनाथ यादव की पुत्री हैं। पिता के निधन के बाद परिवार पर आर्थिक संकट के बादल छा गए थे, लेकिन मां ने हिम्मत नहीं हारी। सीमित संसाधनों और कठिन हालात के बीच मां के संघर्ष, त्याग और मार्गदर्शन ने स्वीटी को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्वीटी ने बताया कि पढ़ाई के दौरान कई चुनौतियां आईं, लेकिन मां का विश्वास और आशीर्वाद हमेशा साथ रहा। दिन-रात की मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया।

# पंचायत चुनाव टलने की आशंका, प्रत्याशियों की बढ़ी चिंता

## प्रचार में खर्च बढ़ा, मुंबई तक पहुंचा चुनावी अभियान

*अवधनामा संवाददाता*

**रूदौली-अयोध्या।** पंचायत चुनाव की अब तक आधिकारिक घोषणा न होने से संभावित प्रत्याशियों के चेहरों पर मायूसी साफ झलकने लगी है। पिछले छह महीनों से तय समय पर चुनाव होने की उम्मीद में प्रत्याशी कछुआ गति से प्रचार में जुटे थे, लेकिन बीते एक माह में गांव-गांव प्रचार ने रफ्तार पकड़ ली थी।

हालांकि, एक सप्ताह से चुनाव टलने की चर्चाओं ने प्रत्याशियों की सक्रियता पर ब्रेक लगा दिया है। कई प्रत्याशी अब तक इतना खर्च कर चुके हैं, जितना आमतौर पर पूरे चुनाव में होता है। चंद्रामऊ क्षेत्र के मंगा, रशीद पट्टी और बैरम गांव में सबसे महंगा और कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है।

इन गांवों के बड़ी संख्या में लोग मुंबई में कारोबार करते हैं, जिसके चलते कुछ प्रत्याशी मुंबई तक जाकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं गांव में मौजूद प्रत्याशियों को समर्थकों की खातिरदारी में रेस्टोरेंट और ढाबों पर खर्च उठाना पड़ रहा है, जिससे उनकी जेब ढीली होती जा रही है।

उधर, चुनाव टलने की खबर से मौजूदा प्रधानों के चेहरे पर संतोष नजर आ रहा है, क्योंकि उन्हें अभी विकास कार्यों की एक-दो किस्तें और मिलने की उम्मीद है। सत्ता पक्ष से जुड़े प्रधानों की स्थिति बेहतर बताई जा रही है, जबकि अन्य प्रधानों को फाइलें आगे बढ़वाने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# जन्मदिन की पार्टी में हिंसक झड़प, पिता के सिर पर हमला

**रूदौली -अयोध्या।** जिले के बाबा बाजार थाना क्षेत्र में एक जन्मदिन की पार्टी उस समय खूनी संघर्ष में बदल गई, जब मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। सिकदारी मजरे देवइत गांव में आयोजित पार्टी के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पिता-पुत्री को निशाना बनाते हुए मारपीट की गई

हमले में लल्ला पुत्र शीतला के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी बेटी शीतला घटना से भयभीत होकर मौके पर ही बेहोश हो गई। परिजनों ने दोनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद पीड़ित लल्ला ने बाबा बाजार थाने में तहरीर दी।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मद्दू पुत्र कामता, अवतारे पुत्र कामता, दयावती पुत्री कामता और कामराज पुत्र मतऊ के खिलाफ

# विधिक राय न मिलने से अटका निर्मला अस्पताल मामला, फिर से कारण बताओ नोटिस की तैयारी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** निर्मला अस्पताल में कथित रूप से इंजेक्शन की ओवरडोज से महिला की मौत के मामले में अब तक मुख्य स्थायी अधिवक्ता से विधिक राय नहीं मिल सकी है। इसके चलते प्रकरण में आगे की कार्रवाई फिलहाल ठप पड़ी हुई है। हालांकि, हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अस्पताल प्रबंधन को नए सिरे से कारण बताओ नोटिस जारी करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अयोध्या धाम के हलकारा का पुरवा निवासी सरोज कौशल (50) की 15-16 दिसंबर की रात 12:08 बजे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि साकेतपुरी कॉलोनी स्थित निर्मला अस्पताल में हिपेरिन इंजेक्शन की ओवरडोज दिए जाने से उनकी हालत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें लखनऊ रेफर किया गया। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन से जुड़ा एक सहमति पत्र भी सामने आया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्कालीन सीएमओ ने 17 दिसंबर को अस्पताल में मरीज भर्ती करने पर रोक लगा दी थी। इसके दो दिन बाद अस्पताल के भूतल पर संचालित आईसीयू को सील कर दिया गया। 29 दिसंबर को ऑपरेशन थिएटर (ओटी) सील करते हुए अस्पताल का पंजीकरण भी रद्द कर दिया गया था।अस्पताल प्रबंधन ने इस कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। 16

# नेशनल मास्टर्स गेम्स में पदक विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)**बीते दिनों 27 से 31 जनवरी तक पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित नेशनल मास्टर्स गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 600 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया।अयोध्या के करुणाकर दुबे, राजेंद्र गुप्ता एवं अमित श्रीवास्तव ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड व सिल्वर पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि के परिणामस्वरूप अयोध्या जिले को कुल तीन पदक प्राप्त हुए।इस सफलता पर अयोध्या मंडल के मंडलायुक्त राजेश कुमार ने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके कोच सनी कुमार वर्मा के प्रशिक्षण की भी प्रशंसा की।

# जमीन के झगड़े में खून का रिश्ता शर्मसार, पोते के वार से दादा की मौत

## शराब के नशे में हिंसा, जमीन के बंटवारे ने ली 85 वर्षीय बुजुर्ग की जान

**बहेड़ी (बरेली)। (अवधनामा संवाददाता)** जमीन के बंटवारे को लेकर हुए पारिवारिक विवाद ने एक बुजुर्ग की जान ले ली। शराब के नशे में हुए झगड़े के दौरान पोते द्वारा किए गए हमले से 85 वर्षीय दादा की मौत हो गई। घटना के बाद मोहल्ले में हड़कंप मच गया। शाहगढ़ मोहल्ला निवासी राजू मौर्य का सोमवार देर रात करीब नौ बजे अपने चचेरे और ममेरे भाइयों से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई। शोर-शराबा सुनकर परिवार के बुजुर्ग सदस्य मुन्नालाल मौके पर पहुंचे और विवाद शांत कराने का प्रयास करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान गुस्से में राजू मौर्य ने पास में पड़ी ईंट उठाकर मुन्नालाल के पेट पर दे मारी। अचानक हुए हमले से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। परिजन उन्हें तुरंत बहेड़ी के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। बाद में पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बरेली भेज दिया। इंस्पेक्टर क्राइम रविंद्र कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## उ.प्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री से 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा को बढ़ाकर 25 लाख की मांग

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष शोभित सक्सेना ने देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को ज्ञापन भेजकर केंद्रीय बजट-2026 का स्वागत किया है। व्यापार मंडल ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। आमजन और व्यापारी समाज के हित में बजट में किए गए प्रावधानों की संगठन ने सराहना की है। ज्ञापन में कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट भारत की आर्थिक तरक्की के लिए एक विराट प्रयास है, जिसके लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल आभार व्यक्त करता है। साथ ही व्यापारियों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण मांगों पर भी वित्त मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया गया है। व्यापार मंडल ने मांग की है कि जीएसटी में विलंब से टैक्स जमा करने पर लगाए जाने वाले 18 प्रतिशत ब्याज को घटाकर 9 प्रतिशत किया जाए। इसके अलावा जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा को बढ़ाकर 25 लाख रुपये किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने आशा और विश्वास व्यक्त किया कि वित्त मंत्री व्यापारियों की इन समस्याओं का शीघ्र समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करेंगी। ज्ञापन देने बालो में अमरजीत सिंह बख्शी , हरीश अरोरा , मनोज अरोरा , दानिश जमाल ,सुरेन्द्र त्यागी आदि मौजूद थे।

## मंडलायुक्त का शीतकालीन निरीक्षण कार्यक्रम जारी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मंडलायुक्त राजेश कुमार द्वारा मंडल के जनपदों के प्रस्तावित शीतकालीन भ्रमण/निरीक्षण कार्यक्रम को जारी कर दिया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंडलायुक्त फरवरी से मार्च 2026 के मध्य मंडल के विभिन्न जनपदों का दौरा कर प्रशासनिक एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करेंगे। कार्यक्रम के तहत मंडलायुक्त 12 फरवरी 2026 को जनपद अयोध्या पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील रूदौली एवं विकास खंड रूदौली का निरीक्षण करेंगे। इसके पश्चात 19 फरवरी को जनपद अंबेडकरनगर में कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील अकबरपुर एवं विकास खंड टाण्डा का निरीक्षण प्रस्तावित है।इसी क्रम में 26 फरवरी 2026 को जनपद सुलतानपुर के कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील लंभुआ एवं विकास खंड भदैंया का निरीक्षण किया जाएगा। मार्च माह में 10 मार्च 2026 को जनपद अमेठी के कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील तिलोई एवं विकास खंड बाजार शुक्ल तथा 19 मार्च 2026 को जनपद बाराबंकी के कलेक्ट्रेट परिसर, तहसील रामनगर एवं विकास खंड रामनगर का भ्रमण एवं निरीक्षण निर्धारित है।

# पेड़ से लटकता मिला किशोरी का शव

**रूदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** पटरंगा थाना क्षेत्र के ग्राम सीवन में सोमवार शाम एक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकता हुआ मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान राम प्रकाश रावत की पुत्री के रूप में हुई है। ग्रामीणों के अनुसार किशोरी सोमवार को करीब साढ़े पांच बजे शौच के लिए घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। करीब सात बजे गांव के किनारे स्थित बेलवारी बाग में उसका शव एक पेड़ से लटकता मिला। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, फिलहाल इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा, पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# बरेली मे मंदिर का गेट तोड़ने की कोशिश, महिला से छेड़छाड़ और धमकी का आरोप

## कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने एसएसपी से लगाई गुहार

*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** थाना किला क्षेत्र में दबंगों की गुंडागर्दी और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। किला कोठी इलाके की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने मंदिर का गेट तोड़ने की कोशिश की, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट, अश्लील हरकतें और जान से मारने की धमकी दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़िता के अनुसार, 2 फरवरी 2026 की सुबह करीब साढ़े सात बजे कुछ लोग नशे की हालत में उसके घर के पास स्थित मंदिर पहुंचे और गेट को लात मारकर तोड़ने लगे। जब इसका विरोध किया गया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला के साथ मारपीट की और अभद्र व्यवहार किया। मौके पर मौजूद अन्य महिलाओं के साथ भी छेड़छाड़ किए जाने का आरोप लगाया गया है। महिला का कहना है कि आरोपियों ने खुलेआम धमकी दी कि पुलिस उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी और उल्टा झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवा देंगे। घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

# कोतवाली इलाके में सट्टा माफिया का वीडियो हुआ वायरल, संबंधित पुलिस पर मिलीभगत के आरोपों से मचा हड़कंप

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** बरेली के कोतवाली थाना क्षेत्र से जुड़ा एक कथित सट्टा संचालन का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुख्यात सट्टा माफिया विजय उर्फ कुप्पी के सट्टे का धंधा चलने का दावा किया जा रहा है, जिसके बाद शहर में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय पुलिस पर सट्टा माफियाओं से मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। चर्चा है कि एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा लगातार की जा रही सख्त कार्रवाई के बावजूद शहर में सट्टा कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं और वे खुलेआम अपना नेटवर्क चला रहे हैं।

# सेवानिवृत्त पुलिस उपनिरीक्षक का आरोप- दबंगों की धमकी, जातिसूचक अपशब्द और पुलिस की उदासीनता से दहशत

**बरेली। (अवधनामा संवाददाता)** जनपद बरेली में कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। प्रेमनगर क्षेत्र में रहने वाले उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत्त नरेश सिंह ने कुछ दबंग लोगों पर खुलेआम गुंडागर्दी, जातिसूचक गालियों के प्रयोग और मारपीट जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद पुलिस स्तर पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। नरेश सिंह के अनुसार, 27 जनवरी को उनके और उनकी पुत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप है कि इस दौरान जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। घटना के बाद उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत सौंपी, जिसके बाद उन्हें सीबीगंज थाने से संपर्क करने के निर्देश मिले। पीड़ित का दावा है कि थाना स्तर पर उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया गया और कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नरेश सिंह ने बताया कि जब उन्होंने अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य शुरू कराया, तभी कुछ दबंग किस्म के लोग मौके पर पहुंचे और मजदूरों को धमकाकर भगा दिया। आरोप है कि इस दौरान मारपीट और गाली-गलौज भी की गई, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया। पीड़ित का कहना है कि घटना के बाद वह दोबारा थाने पहुंचे, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के बजाय पुलिस की चुप्पी देखने को मिली। उनका आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता से दबंगों के हौसले और बढ़ गए हैं। मामला उजागर होने के बाद पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के साथ इस तरह की घटना ने आम नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। नरेश सिंह ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य से निष्पक्ष जांच कराते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है या फिर यह मामला भी

# बस स्टेशन का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर लगाई फटकार

## कार्यालयों में गंदगी मिलने पर अधिकारियों को दी कड़ी चेतावनी



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने मंगलवार को बस स्टेशन महराजगंज का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बसों के संचालन एवं रख-रखाव, विश्रामालय, विभिन्न कार्यालयों, साफ-सफाई व्यवस्था तथा यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कार्यालयों में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई और कार्यालयों में नियमित रूप से स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टेशन परिसर में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बस स्टेशन परिसर में स्थित दुकानों एवं कैंटीन के संचालन को सुव्यवस्थित ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालय को व्यवस्थित एवं स्वच्छ रूप से संचालित किया जाए, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने बस स्टेशन से संचालित बसों की संख्या एवं उनके रूट की जानकारी भी ली। संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि महराजगंज बस स्टेशन से महराजगंज डिपो की 60 बसों सहित कुल लगभग 100 बसें गोरखपुर, फरेंदा एवं ठूठीबारी मार्ग पर संचालित हो रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने यात्रियों की आवश्यकता के अनुरूप बसों के रूट निर्धारित करने के निर्देश दिए और कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि यात्रियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

# सफाई कर्मचारी संघ चुनाव में कांटे की टक्कर, बृजेश कन्नौजिया दूसरी बार बने ब्लॉक अध्यक्ष

## 68 मत पाकर बृजेश कन्नौजिया विजयी, 42 मतों पर रहे ग्रीजेश मद्धेशिया



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा (महराजगंज)।** राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की ब्लॉक मिठौरा इकाई का द्विवार्षिक चुनाव बुधवार को ब्लॉक परिसर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए कांटे की टक्कर देखने को मिली, जिसमें बृजेश कन्नौजिया ने 68 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ग्रीजेश मद्धेशिया को पराजित किया, जिन्हें 42 मत मिले। इस प्रकार बृजेश कन्नौजिया लगातार दूसरी बार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद अन्य पदों पर भी निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। संतराज गुप्ता को महामंत्री, निर्मल को कोषाध्यक्ष तथा मनोज पटेल को संगठन मंत्री चुना गया। वहीं सुधाकर को सह-पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी सतेन्द्र दुबे एवं रामजी गुप्ता की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान पन्नेलाल यादव, प्रद्युम्न सिंह, सुनील गुप्ता सहित अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजीत गुप्ता, सरताज, बक्सीस अली एवं श्याम नारायण की भी सक्रिय उपस्थिति रही। निर्वाचन के उपरांत नवनिर्वाचित अध्यक्ष बृजेश कन्नौजिया ने कहा कि संघ सफाई कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं, उत्पीड़न और अधिकारों को लेकर संगठन मजबूती से संघर्ष करेगा।उन्होंने उत्तर प्रदेश पंचायती राज विभाग एवं वर्तमान सरकार द्वारा संचालित स्वच्छता अभियानों को प्रभावी ढंग से लागू करने में सभी सफाई कर्मियों से सहयोग की अपील की।

इस अवसर पर जिला महामंत्री रामजीत गुप्ता, बांकेलाल, संतराज गुप्ता, हंसराज गौतम, निर्मल, मनोज पटेल, संजय तिवारी, बक्सी अली, सुधाकर, श्याम नारायण, जगरनाथ गुप्ता सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने गोरखपुर रोड का किया निरीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल ने बुधवार को गोरखपुर रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने दुकानदारों से अपील की कि कूड़ा खाली प्लॉटों में न फेंकें, बल्कि नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह व्यवस्था के माध्यम से ही कूड़ा दें, जिससे क्षेत्र स्वच्छ एवं सुंदर बना रहे।

उन्होंने पटेल नगर वार्ड में साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्ट्रीट लाइट की स्थिति का भी जायजा लिया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष ने कहा कि आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

डॉ. पुष्पलता मंगल ने स्पष्ट किया कि नगर की स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर सभासद राजेंद्र गौतम, सफाई प्रभारी इंद्राशन, चालक आरिफ खान सहित वार्ड की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

# यूजीसी एक्ट के विरोध में सर्वण समाज ने प्रदर्शन करते हुए निकाला जुलूस

- सर्वण समाज के लोगों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** यूजीसी (विश्वविद्यालय अनुदान आयोग) की ओर से पारित नए नियमों और यूजीसी एक्ट-2026 के विरोध में मंगलवार को सर्वण समाज के लोगों ने जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए विशाल जुलूस निकाला। बीएसए ग्राउंड में विभिन्न संगठनों से जुड़े सैकड़ों लोग सुबह एकत्र हुए और हाथों में तख्तियां व बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में कलक्ट्रेट की ओर बढ़े। जुलूस के दौरान ÷यूजीसी वापस लो, शिक्षा में भेदभाव नहीं चलेगा, समान शिक्षा-समान अवसर जैसे नारों से पूरा इलाका गूंज उठा।

बीएसए ग्राउंड से निकला जुलूस जैसे ही कलक्ट्रेट परिसर पहुंचा, प्रदर्शन और तेज हो गया। यहां करीब एक घंटे तक सर्वण समाज के लोगों ने धरना-प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के खिलाफ भी आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि यूजीसी के नए नियम शिक्षा व्यवस्था को कमजोर करने के साथ-साथ समाज में जातीय विभाजन को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए कलक्ट्रेट परिसर और आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से चलता रहा। कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन के दौरान राम कृष्ण पांडेय, प्रेम पांडेय, पंडित सुधीर पांडेय उर्फ फरसा बाबा, अखंड प्रताप सिंह, राघवेंद्र मिश्र, दिव्यांशु, सुनील पांडेय, राकेश सिंह, विजय सिंह, बीएन तिवारी, पवन मिश्रा, वंशीधर पांडेय, मंटू सिंह, कृष्णपाल सिंह, केशव पांडेय, शिवाकांत मिश्रा, राकेश दत्त त्रिपाठी, कौशलेंद्र त्रिपाठी, राम लखन पांडेय, गंगा मिश्रा, विनय पांडेय, आदित्य अग्रहरि, अजय कसौंधन, सुनील जायसवाल, राजन सिंह, शिवेंद्र पांडेय आदि ने कहा कि देश की आज़ादी और राष्ट्र निर्माण में सर्वण एवं सामान्य वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। बावजूद इसके वर्तमान नीतियों में इस वर्ग की उपेक्षा की जा रही है। सर्वण समाज का कहना है कि आरक्षण के नाम पर असमान नियम बनाकर गरीब सामान्य वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। सभी का तर्क था कि आरक्षण का आधार जाति नहीं बल्कि आर्थिक स्थिति होनी चाहिए, ताकि समाज के सभी कमजोर वर्गों को समान अवसर मिल सकें। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि यूजीसी के नए नियमों को जल्द वापस नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो जिला स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक सड़क से संसद तक संघर्ष किया जाएगा। अंत में सर्वण समाज के प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से यूजीसी एक्ट-2026 को वापस लेने की मांग की गई। जिक्र किया कि नए नियमों के चलते ब्राह्मण सहित सर्वण और सामान्य वर्ग के छात्रों के भविष्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे शिक्षा के क्षेत्र में असमानता बढ़ेगी और सामाजिक समरसता कमजोर होगी।

ज्ञापन सौंपने के बाद प्रदर्शनकारी शांतिपूर्वक वापस लौट गए, लेकिन प्रशासन और सरकार को यह साफ संदेश देकर गए कि यूजीसी एक्ट-2026 को लेकर सर्वण समाज का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। इस मौके पर अभिषेक पाठक, नीरज पांडेय, गणेश शंकर पांडेय, प्रदीप सिंह, उमेश सिंह, राम रूप पांडेय, निखिल दुबे, विवेक सिंह, शिवेंद्र पांडेय, नितिन श्रीवास्तव, विनोद दुबे, मेजर सिंह, संतोष मिश्रा, मुन्ना पांडेय, घनश्याम पांडेय, अखिलेश पांडेय, शिवा पांडेय, हर्ष चौबे, अजीत सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# सीसीआई पंतनगर में मण्डलीय आकांक्षा समिति का बहुआयामी सेवा कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** मण्डलीय आकांक्षा समिति देवीपाटन मण्डल के तत्वावधान में मंगलवार को जनपद गोण्डा स्थित बाल देख-रेख संस्थान (सीसीआई) बालगृह बालिका/शिशु गृह, पंतनगर में बच्चों के सर्वांगीण कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक बहुआयामी सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग, गोण्डा के संयुक्त सहयोग से किया गया। इस अवसर पर संस्थान में निवासरत बालिकाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। दृष्टि संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद बच्चों को चश्मों का वितरण किया गया, जिससे उन्हें पढ़ाई एवं दैनिक गतिविधियों में सुविधा मिल सके।

कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को प्राथमिकता देते हुए सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया। साथ ही ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किए गए, जिससे उन्हें ठंड से राहत मिल सके। बच्चों के लिए नाश्ता एवं अल्पाहार की भी समुचित व्यवस्था की गई, जिससे कार्यक्रम का वातावरण और अधिक आत्मीय, उत्साहपूर्ण एवं बच्चों के अनुकूल बना रहा।

कार्यक्रम में मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण और उनके साथ आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील , जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने बच्चों से सीधा संवाद किया, उनका उत्साहवर्धन किया तथा इस पहल को समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयास का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। इस अवसर पर आयुक्त एवं मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा द्वारा स्वयं अपने हाथों से बच्चों को ऊनी वस्त्र, चश्मा, नाश्ता/अल्पाहार तथा सेनेटरी नैपकिन आदि वितरित किए गए, जिससे बच्चों में विशेष प्रसन्नता देखी गई। आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने कहा कि बच्चों का समग्र विकास सुनिश्चित करना समाज और प्रशासन की साझा जिम्मेदारी है। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संवेदनशील देखभाल के माध्यम से ही बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य प्रदान किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों के चेहरों पर खुशी और संतोष स्पष्ट रूप से झलक रहा था।

# एनटीपीसी टांडा में गरिमा महिला मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय सरयू मेला का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टांडा आवासीय परिसर में स्थित महिलाओं की स्वयंसेवी संस्था गरिमा महिला मंडल द्वारा राम लीला मैदान में आयोजित दो दिवसीय सरयू मेला 2026 का शानदार उद्घाटन 31 जनवरी 2026 को किया गया। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक (टांडा) जयदेव परिदा एवं गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संघमित्रा परिदा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर, भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके, केक काटकर तथा आसमान में गुब्बारे छोड़कर किया।इस अवसर पर अजय सिंह यादव (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण), राम नारायण त्रिपाठी (महाप्रबंधक, ईंधन प्रबंधन), हर्ष सेठी (महाप्रबंधक, प्रचालन), एस.सी. सिंह (महाप्रबंधक, सतर्कता), गरिमा महिला मंडल की उपाध्यक्षा श्रीमती अर्चना यादव, सचिव श्रीमती वाई. भारती, अपर महाप्रबंधक रजनीश खेतान, उपमहाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनुराग सिन्हा, उपमहाप्रबंधक (सिविल) अमित वर्मा सहित परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी, कर्मचारीगण, उनके परिवारजन तथा गरिमा महिला मंडल की सदस्याएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।उद्घाटन के बाद मुख्य अतिथि द्वारा एनटीपीसी के नैगमिक सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई मशीनों का वितरण किया गया, जिससे स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे।मेले को आकर्षक बनाने के लिए गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं ने विभिन्न खान-पान स्टॉल लगाए। इसके अलावा प्रतिष्ठित संस्थाओं द्वारा आभूषण, मोटर कंपनियां, कारपेट, इंश्योरेंस, रियल एस्टेट, बनारसी साड़ी, सुरक्षा विभाग, सीएसआर अनुभाग, चिकित्सालय तथा अन्य घरेलू सामग्रियों और हस्तशिल्प के स्टॉल सजे। बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए। मेले में नो प्लास्टिक यूज पर विशेष जोर दिया गया।

## आज आएंगी महिला आयोग की सदस्य, करेंगी जनसुनवाई

**गोण्डा।** प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 04 फरवरी,2026 को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11:00 बजे से सर्किट हाउस गोण्डा में आयोजित होगा। जनसुनवाई के उपरान्त आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जाएगा। जनपद में महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सभी पीड़ित महिलाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती है। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पुलिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। आयोग का यह प्रयास महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वहीं जनसुनवाई के बाद श्रीमती सिंह द्वारा स्वास्थ्य केंद्र व आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण करेंगी।

# एस.सी.पी.एम. खेल महाकुंभ का हुआ आज समापन

**अवधनामा संवाददाता**



**गोण्डा।** एस.सी.पी.एम. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल एंड एजुकेशन द्वारा आयोजित 7वें खेल महाकुंभके चौथे एवं अंतिम दिन खेल मैदान उत्साह, ऊर्जा और प्रतिस्पर्धा से सराबोर दिखाई दिया। खिलाड़ियों के जोश तथा दर्शकों की तालियों ने पूरे परिसर को खेलमय वातावरण प्रदान किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोंडा-सदर विधायक मा0 प्रतीक भूषण शरण सिंह जी एवं उनकी धर्मपत्नी तथा गोनार्द कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज की प्रबंध निदेशक डॉ. राजश्री सिंह जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर डॉ. श्रेयांश पांडे (ऑर्थोपेडिक सर्जन), कटरा प्रभारी श्री ज्योति पांडेय जी तथा श्रीमती स्मिता फिलिप (प्रधानाचार्य, गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज, बहराइच) भी उपस्थित रहीं।

सदर विधायक जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल-कूद केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास का सशक्त माध्यम है। खेल अनुशासन, टीमवर्क, नेतृत्व और आत्मविश्वास सिखाते हैं, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए आवश्यक हैं। डॉ. राजश्री सिंह जी ने कहा कि भविष्य में इंटर कॉलेज स्तर की प्रतियोगिताएँ आयोजित कराने की घोषणा की, जिससे खिलाड़ियों को बड़ा मंच और प्रतिभा प्रदर्शन का बेहतर अवसर मिल सके। आज विभिन्न खेलों के फाइनल मुकाबले खेले गए, जिनमें मुख्य अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के चेयरमैन डॉ. ओ.एन. पांडेय ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, टीमवर्क और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाते हैं तथा सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। संस्थान की अध्यक्षा श्रीमती अलका पांडेय ने कहा कि खेल प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ सहयोग और खेल भावना का महत्व भी सिखाते हैं। प्रबंध निदेशक डॉ. आयुष पांडेय ने कहा कि इन खेलों ने खिलाड़ियों को यादगार अनुभव और आत्मविश्वास प्रदान किया है। निदेशक श्री अजिताभ दुबे ने बताया कि खेलों ने छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना को सुदृढ़ किया है।

**प्रमुख खेल एवं परिणाम क्रिकेट (पुरुष) फाइनल :** आयुर्वेदा (166/7, 12 ओवर) ने एलाइड एंड हेल्थकेयर (115/10, 11.2 ओवर) को 51 रनों से हराया। मैन ऑफ द मैचः कासिफ खान बेस्ट बैट्समैन आतिफ खान (4 पारिषांश 186 रन) बेस्ट बॉलर विवेक तिवारी (4 पारियां 9 विकेट) प्लेयर ऑफ द सीरीजः आतिफ खां क्रिकेट (महिला) आयुर्वेद (71/0, 8 ओवा) ने नर्सिंग (69/3, 8 ओवर) को 10 विकेट से हराया। वुमन ऑफ द मैच मानसी सिंह बेस्ट बैट्सचुमनः मानसी सिंह (4 पारिवांडा 168 स) बेस्ट बॉलर ख्याति पांडेय (4 पारिगांइङ विकेट) प्लेयर ऑफ द सीरीज मानसी सिंह कबड्डी फाइनल। आयुर्वेद ने फार्मेसी को हराकर खिताब अपने नाम किया।

# नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के कब्रिस्तान रहे गुलज़ार इबादतों का रात भर चला सिलसिला



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शब-ए-बरात का पर्व पूरी अकीदत व एहतेराम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर कब्रिस्तानों, दरगाहों और मस्जिदों में इबादत का सिलसिला लगातार जारी है। बड़ी संख्या में लोग अपने परिजनों के साथ कब्रिस्तानों में पहुंचकर कुरआन की तिलावत कर रहे हैं और मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगी जा रही हैं।

शाम ढलते ही नगर के रौज़ा-ए-हज़रत क़ासिम, रुहाबाद, उस्मानपुर, जाफराबाद, नगपुर, मालीपुर सहित अन्य कब्रिस्तानों में अकीदतमंदों की आवाजाही बनी हुई है। दिवंगत परिजनों को याद कर लोग भावुक नजर आ रहे हैं और उनकी मग़फिरत के लिए दुआएं की जा रही हैं। इधर शिया समुदाय की ओर से 12वें इमाम हज़रत इमाम-ए-ज़माना (अ.स.) के जन्मदिवस के मौके पर खुशियां मनाने का सिलसिला भी जारी है। जाफराबाद स्थित मरहूम हाजी अमजद सेठ के इमामबाड़े में रात्रि के समय ज़श्न-ए-क़ायम का कार्यक्रम चल रहा है, जहां स्थानीय शायरों द्वारा कलाम पेश किया जा रहा है और बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद हैं। शब-ए-बरात के मौके पर घरों में हलुआ बनाया जा रहा है, जिसका बच्चे और बुजुर्ग आनंद ले रहे हैं।

## सरस्वती हॉस्पिटल पर सीलिंग का आदेश फिर भी संचालन जारी

**अम्बेडकरनगर।** जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी अंतर्गत नगहरा स्थित सरस्वती हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के बिना नवीनीकरण संचालित होने के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में आ गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकरनगर द्वारा जारी आदेश में अस्पताल को नियमों के उल्लंघन का दोषी मानते हुए जांच एवं सीलिंग की कार्रवाई कर आख्या तीन दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

आदेश के अनुसार उक्त अस्पताल का 100 बेड का पंजीकरण 29 जून 2024 को किया गया था, जिसकी वैधता 29 जून 2025 तक निर्धारित थी। वैधता समाप्त होने के बाद अस्पताल का नवीनीकरण नहीं कराया गया, इसके बावजूद अस्पताल का संचालन जारी पाया गया, जो क्लीनिक एस्टैब्लिशमेंट एक्ट 2010 का उल्लंघन है। मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अम्बेडकरनगर से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि शायद अस्पताल सील हो गया है। हालांकि, इसके विपरीत मीडिया की पड़ताल में अस्पताल सामान्य रूप से संचालित पाया गया, जहां मरीजों का इलाज जारी था। इस विरोधाभासी स्थिति ने स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों और उनकी वास्तविक क्रियान्वयन प्रक्रिया पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। सवाल यह उठता है कि जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा स्वयं जारी किए गए आदेशों की स्थिति स्पष्ट नहीं है, तो अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा कार्रवाई कैसे और किस आधार पर की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग के इस अजब-गजब निर्देशात्मक रवैये से आमजन में यह संदेश जा रहा है कि कागजों पर सख्ती और ज़मीनी हकीकत में बड़ा अंतर है।

# थाना धानेपुर कोतवाल साहब के कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

**अवधनामा संवाददाता**

**गोंडा।** जहां एक तरफ योगी सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है वहीं दूसरी तरफ राजनीति की हेर फेर में निर्दोष को फसाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं बता दे की थाना धानेपुर क्षेत्र अंतर्गत 24 दिसंबर 2024 को लिखित तहरीर दी गई विंध्याचल शर्मा, प्रदीप कुमार, पुत्र रामदीन निवासी हनुमंत भारी थाना धानेपुर जनपद गोंडा का आरोप है कि विपक्षी संजय कुमार शर्मा का दो मिनी बस उसके स्वर्गीय राम सखा राजपति शिक्षा संस्थान हनुमंत भारी मैं खड़ी उसमें आग लगा दिया साथ में दो अज्ञात व्यक्ति भी थे मेरे पास सीसीटीवी फुटेज है इस गंभीर आरोप को लेकर जब तक पीड़ित अपना साक्ष्य देना चाहता है कि थाना धानेपुर के कोतवाल साहब जाँच पहले नहीं कराते मुकदमा 326 बी.एन.एस. पहले दर्ज कर लेते है मुकदमा दर्ज करने के दौरान थाने के थानेदार साहब जेल भेज देते हैं।

थानेदार साहब विपक्षी से सांठगांठ करके पीड़ित को मौका नहीं देते है वो दर दर भटकता रहता अपनी फरियाद लेकर लेकिन जब कि थाने के थानेदार साहब सुने ना किसी की वो बड़े साहब है उनसे क्या मतलब है कि आप निर्दोष हैं पीड़ित का जमानत होने के बाद फिर से अपने आप को निर्दोष होने का प्रमाण देने के लिये उसने पुलिस महानिरीक्षक से गुहार लगाई और पुनः विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर निष्पक्ष की गई तथा सी सी फुटेज की जाँच विधि विज्ञान प्रोगशाला उ0प्र0, रामनगर वाराणसी से कराया गया जिसमें मेरे विरुद्ध कोई भी साक्ष्य प्रमाणित नहीं पाया गया और दोनों पीड़ित का नाम दोषमुक्त किया गया और जो बिना जाँच किये हमें पहले जेल भेज दिये उससे हमारा समय और सामाजिक छबि पे असर पड़ा उसका जिम्मेदार कौन उस पुलिस के विरुद्ध कार्यवाही क्या हुई अगर ऐसे पुलिस वाले न्याय करते रहे रहेंगे तो सवालिया निशान खड़ा होता रहेगा ।पीड़ित का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व विपक्षी संजय कुमार शर्मा वो 307 का भी फर्जी मुकदमा लिखाया था उसमें भी जाँच के दौरान निर्दोष साबित हुये। विपक्षी हमारा एक राजनीतिक दबंग है जो आये दिन बा दिन हमारे या हमारे परिवार वालों के ऊपर फर्जी मुकदमों में फंसाने की साजिश रचता रहता है पीड़ित का कहना है कि ऐसी स्थिति में हम हमेशा कहाँ तक हम अपना प्रमाण पत्र देते रहेंगे कि निर्दोष हैं । सबसे गंभीर विषय ये है कि जहाँ कानून - व्यवस्था की बात है वहाँ लोग अपनी फरियाद लेके जाते है अगर उनके खिलाफ गलत मुकदमा दर्ज किया जाएगा तो क्या होगा।

### क्या फेल हो रहा निचला तंत्र

किसी भी जिले में लोग अपनी पहली शिकायत लेकर थाने तक पहुंचते हैं अगर वही उनकी बात नहीं सुनी जाती है तब वे एसपी और फिर उसके ऊपर के अधिकारियों के पास फरियाद लेकर जाते हैं सवाल यह है कि क्या वाकई में उप्र पुलिस का निचला तंत्र फेल हो चुका है..? जिस थाने मे लोगों को उचित न्याय न मिल सके वहाँ ये कहना थोड़ा गलत होगा कि पुलिस का निचला तंत्र फेल है।

## रोड़ पर खड़े खराब सोलर पोल लाईट को हटाने के लिए थानाध्यक्ष ने किया मांग



**लोटन सिद्धार्थनगर।** लोटन कस्बा के मुख्य चौराहे पर पुलिस बुथ के सामने बहुत पुराने व खराब सोलर पोल लाईट को लेकर लोटन थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रत्यावेदन के माध्यम से हटवाने की मांग किया है। थानाध्यक्ष ने अपने प्रत्यावेदन में कहां है कि उक्त दोनों पोल मुख्य मार्ग के समीप होने के कारण अवागमन में अवरोध उत्पन्न कर रहे है।तिराहे पर वाहन मोड़ने के दौरान अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटना का भी हर वक्त प्रबल संभावना बनी रहती है। उक्त पोल बिना किसी जरुरत के मुख्य चौराहे पर खड़ा है उजाला न होने पर रात मे राहगीर को काफी दिक्कत झेलनी पड़ती है। बिजली न होने के कारण सुरक्षा एवं यातायात में असुविधा हो रही है। जनहित को देखते हुए दोनों पोलो हटाना अति आवश्यक हो गया है। थानाध्यक्ष ने उच्च अधिकारियों से मांग किया है कि सम्बंधित विभाग को निर्देश देकर दोनो खराब लाईट सही कराकर कही और लगा दिया जाये।

## ओवरलोड गन्ना लदी ट्रक पलटी दुकान क्षतिग्रस्त



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर चौराहे पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। ओवरलोड होकर जा रही गन्ना लदी ट्रक चौराहे के पास अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे सड़क किनारे दुकानों के सामने लगे तीन सेट पूरी तरह टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के नेवादा गांव से गन्ना लादकर यह ट्रक मरैला मिल जा रही थी। जैसे ही ट्रक जमालपुर चौराहे पर पहुंची, अधिक भार के कारण चालक संतुलन नहीं बना सका और ट्रक पलट गई। घटना सुबह लगभग 5 बजे की है। उस समय बाजार बंद था, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर ट्रक मालिक ने गन्ना मालिक और मिल प्रबंधन को मामले से अवगत कराया। इसके बाद मिल मालिक द्वारा दूसरे ट्रक की व्यवस्था कर सड़क पर गिरे गन्ने को लोड कर मिल भेजा गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ओवरलोड वाहन से हुए नुकसान की मांग की है।

## गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना मोतीगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-25/26, धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त-विपिन कुमार सिंह पुत्र भवानी भीख सिंह निवासी परासपट्टी मझवार थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा चौबेपुर नाला के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। दिनांक 02.02.2026 को प्र0नि0 मोतीगंज को क्षेत्र में भ्रमण/चेकिंग के दौरान जनता से सूचना प्राप्त हुई कि विपिन कुमार सिंह पुत्र भवानी भीख सिंह निवासी परासपट्टी मझवार, थाना उमरी बेगमगंज, जनपद गोण्डा द्वारा एक संगठित अपराधी गिरोह संचालित किया जा रहा है, जिसका सक्रिय सदस्य अर्जुन पाठक पुत्र जय जय राम पाठक निवासी धनुही लोहंगपुर, थाना परसपुर, जनपद गोण्डा है। उक्त गिरोह समाज में भय एवं आतंक फैलाकर फिरौती हेतु अपहरण जैसे गंभीर अपराध कारित करता है। उक्त गिरोह का कृत्य उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 1986 की धारा 3(1) के अन्तर्गत दण्डनीय पाया गया। गिरोहचार्ट तैयार कर अनुमोदन उपरान्त अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# गोवंशो के संरक्षण को लेकर सीडीओ के नेतृत्व में गोशाला का निरीक्षण

- गौशालाओं में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी ने किया स्थलीय भ्रमण
- निराश्रित गोवंश की समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए जनपद की गौशालाओं का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** निराश्रित गोवंश के संरक्षण, समुचित देखभाल एवं शासन की मंशा के अनुरूप व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला, परियोजना अधिकारी डीआरडीए श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जनपद के विभिन्न विकासखंडों में संचालित गौशालाओं का स्थलीय एवं गहन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकासखंड टान्डा की गौशाला डांडी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा विकासखंड भीटी की गौशाला तेरिया, परियोजना अधिकारी डीआरडीए द्वारा विकासखंड भीटी की गौशाला केवारीपरमानन्द तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा विकासखंड भीटी की गौशाला विलोलपुर का भ्रमण कर वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया। अधिकारियों द्वारा गौशालाओं में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं यथा– निराश्रित गोवंश के लिए पर्याप्त हरा चारा एवं भूसा, स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शेड, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बाड़बंदी, सुरक्षा प्रबंध, गोबर निस्तारण, साथ ही पशुओं की स्वास्थ्य स्थिति, नियमित टीकाकरण एवं उपचार व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला ने संबंधित अधिकारियों एवं गौशाला प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित गोवंश की देखभाल में किसी भी स्तर पर शिथिलता अस्वीकार्य है। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी गौशालाओं में प्रतिदिन चारा-पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन हो।

मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि गौशालाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, समयबद्ध टीकाकरण, बीमार अथवा कमजोर पशुओं के लिए पृथक देखरेख एवं त्वरित उपचार व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं भी निरीक्षण के दौरान कमियां पाई गई, उन्हें तत्काल दूर कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप गौशालाओं का संचालन व्यवस्थित एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ सुनिश्चित किए जाने और इसके लिए विकासखंड स्तर पर नियमित निरीक्षण एवं सतत निगरानी करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा खण्ड विकास अधिकारी एवं पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि यदि कोई भी पशु पालक अपने गोवंश को छोड़ते हैं तो उन्हें चिन्हित कर उनके खिलाफ भी नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बारह घण्टे में लगवायें प्रशासन बाबा साहब की मूर्ति : दिनेश गौतम



**अवधनामा संवाददाता**

**इटवा सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के पेड़ारी गांव में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर साहब की पीतल की मूर्ति अराजक तत्वों द्वारा चोरी किया जाना बहुत दुःखद है।प्रशासन को बारह घण्टे के भीतर दूसरी पीतल की मूर्ति स्थापित कराकर चोरी की घटना का पर्दाफाश करके दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उक्त बातें बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने ने कहा उन्होंने बताया कि बाबा साहब की पीतल की मूर्ति चोरी हो जाना बहुत दुःखद घटना है। इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने ग्राम पेड़ारी में मौके पर पहुंचकर वहां के लोगों से मिलकर जानकारी ली। इसके बाद अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इटवा अखिलेश दीक्षित तथा थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर से फोन पर वार्ता करके बारह घण्टे के भीतर दूसरी मूर्ति लगवाने तथा चोरी की घटना का शीघ्र पर्दाफाश करके दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।इस अवसर पर पार्टी के पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश कुमार गौतम ,पूर्व मंडल प्रभारी शुभकरन चौधरी ,मंडल प्रभारी इन्द्र जीत गौतम ,अंगद राज गौतम, राधेश्याम गौतम ,राम औतार, पिंगल प्रसाद गौतम, वीरू पासवान, हरीलाल गौतम विधानसभा संयोजक राम औतार गौतम विनोद कुमार राव प्रिंस अंबेडकर बाबूलाल कन्हैया प्रसाद शिव प्रसाद आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## कैंसर इलाज मुफ्त क्यों नहीं?

कैंसर और मधुमेह (डायबिटीज) भारत में दोहरा, जानलेवा, गंभीर स्वास्थ्य संकट हैं। देश में 2025 तक मधुमेह पीड़ितों की अनुमानित संख्या 12.49 करोड़ है। करीब 8-18 फीसदी कैंसर रोगियों को मधुमेह भी होता है, लिहाजा टाइप-2 मधुमेह के कारण स्तन, कोलन, लिवर, पैंक्रियाज के कैंसर का जोखिम 20-30 फीसदी तक बढ़ जाता है। भारत में मुख कैंसर विश्व में सबसे अधिक है, क्योंकि भारतीय तंबाकू का सेवन बहुत करते हैं। फेफड़े, श्वास-नली, बड़ी आंत या मलाशय, पैंक्रियाज, स्तन आदि के कैंसर करीब 50 फीसदी मौतों के लिए जिम्मेदार हैं। पहली बार बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को 1 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कुल बजट 1,01,709 करोड़ रुपए का है, जिसे पांच साल में 42 फीसदी बढ़ाया गया है, लेकिन जीडीपी का जितना हिस्सा स्वास्थ्य और शिक्षा पर आवंटित किया जाना चाहिए, उतना बजट नहीं दिया जा रहा है। यह विडंबना और संकुचित सोच का नतीजा ही है। स्वास्थ्य का बजट अब भी 2 फीसदी से कम है, जो 147 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश के लिए 'ऊंट के मुंह में जीरा' समान है। देश का औसतन 9वां नागरिक कैंसर-पीड़ित है। अभी तक कैंसर लगभग लाइलाज है, क्योंकि देश में सुविधाएं और चिकित्सा पर्याप्त नहीं है। जहां इलाज उपलब्ध है, वहां लंबी प्रतीक्षा है, मशीनें खराब पड़ी रहती हैं, डाक्टर भाी गायब रहते हैं, शोध का स्तर उथला है और अंतत~ इलाज बेहद महंगा है। राजधानी दिल्ली की नाक के तले ही कैंसर की नकली दवाइयां बनाई और बेची जा रही हैं। कुछ गिरोह पकड़े भी जाते हैं, लेकिन उनका कानूनी निष्कर्ष क्या होता है, कितना दंडनीय अपराध साबित होता है, उनका सार्वजनिक खुलासा नगण्य है।

बहरहाल बजट में कैंसर, मधुमेह समेत 7 गंभीर बीमारियों की दवाएं सस्ती घोषित की गई हैं। बेशक कैंसर की दवाओं पर शुल्क घटने से इन दवाओं के आयात और वितरण से जुड़ी कंपनियों के मार्जिन में सुधार होगा। बजटीय आबंटन 10,000 करोड़ रुपए का सीधा लाभ उनको मिलेगा, जो 'बायोसिमिलर्स' और शोध पर काम कर रही हैं। बॉयोकॉन, सन फार्मा, जायडस लाइफ साइंसेज को ये लाभ मिल सकते हैं। डा. रेड्डीज कैंसर की कई महत्त्वपूर्ण दवाओं के उत्पादन और वितरण में सक्रिय है। नेटको फार्मा की कैंसर दवाओं के पोर्टफोलियो में इसकी बड़ी पकड़ है। मौजूद सवाल यह है कि देश में कैंसर का इलाज मुफ्त क्यों नहीं किया जा सकता? अथवा जो अस्पताल कैंसर के इलाज के लिए चिह्नित किए जाएं, उनमें इतना अनुशासन और सख्ती की जानी चाहिए कि आम आदमी को कैंसर का इलाज 100 फीसदी सुनिश्चित किया जा सके। जब देश में 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांटने की राजनीतिक संस्कृति पुख्ता हो चुकी है और इस आधार पर चुनाव जीते जा रहे हैं, तो कैंसर किसी की जिंदगी और मौत से जुड़ी बीमारी है। 'अमीर अर्थव्यवस्था' वाला देश कैंसर का मुफ्त इलाज मुहैया क्यों नहीं करा सकता? किसानों की सम्मान राशि के लिए बजट में 65,000 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया गया है, तो कैंसर-पीड़ितों के लिए बजटीय प्रावधान क्यों नहीं किया जा सकता? देश में दवाओं का इतना संकट नहीं है, बल्कि अस्पताल और डाक्टरों की उपलब्धता बहुत कम है। हास्यास्पद् है कि बजट में 'मेडिकल पर्यटन' की खूब गालबजाई की गई है। राजधानी दिल्ली में ही प्रति लाख आबादी पर अस्पताल मात्र 0.52 है। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और मणिपुर में प्रति लाख आबादी पर औसतन एक अस्पताल नहीं है। सबसे कम डाक्टर नगालैंड, मिजोरम, झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार में उपलब्ध हैं। देशवासियों और विदेशियों को सहज और सुलभ इलाज कैसे मुहैया कराएंगे? बहरहाल 1 लाख एलाइड पेशेवरों को प्रशिक्षण और 1000 करोड़ रुपए का बजट, 3 नये नेशनल फार्मा संस्थान, 50 फीसदी ट्रॉमा केयर सेंटर, जिलेवार अस्पताल, आयुष फार्मेसी, ड्रग टेस्टिंग लैब, जामनगर स्थित टेऊडिशनल मेडिसन सेंटर और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र की घोषणाएं अच्छी हैं, लेकिन उनकी उपस्थिति और सक्रियता जमीन पर भी दिखनी चाहिए। यदि लद्दाख, चंडीगढ़, पुड्डुचेरी, केरल, तमिलनाडु में प्रति लाख आबादी पर सबसे अधिक बेड उपलब्ध हो सकते हैं, तो यही व्यवस्था देश भर में भी की जा सकती है। बहरहाल जो भी है, बजट का स्वागत है, बशर्ते जो आवंटित किया गया है, उसका पूरी तरह इस्तेमाल हो।

## पाकिस्तान सरकार का आत्मघाती कदम

**संजीव ठाकुर**

पाकिस्तान सरकार ने आगामी टी 20 वर्ल्ड कप 26 को श्रीलंका में होने वाले भारत-पाकिस्तान मैच में शामिल नहीं होने का फैसला कर लिया है। पाकिस्तान ने इस तरह पाकिस्तान क्रिकेट की कब्र ही खोद दी है। विगत 10 से12 वर्षों में क्रिकेट पाकिस्तान के लिए बोझ बनता जा रहा है और आगामी टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में 15 फरवरी को भारत के विरुद्ध मैच खेलने से पाकिस्तान सरकार के इनकार ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। कयास यह लगाई जा रहे हैं कि भारत से डर कर पाकिस्तान ने मैच खेलने से इनकार कर दिया है गौरतलाप है कि वर्ल्ड कप टी-20 में आठ में से 7 मैच भारत जीता है और केवल एक मैच पाकिस्तान जीत पाया है। ऐसी परिस्थितियों में यह फैसला खेल से अधिक राजनीति से प्रेरित प्रतीत होता है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट व्यवस्था में इसके दूरगामी आर्थिक, कूटनीतिक और संस्थागत दुष्परिणाम निश्चित हैं।

भारत पाक मुकाबला केवल एक मैच नहीं बल्कि वैश्विक क्रिकेट का सबसे बड़ा व्यावसायिक इवेंट माना जाता है। जिससे आईसीसी, मेज़बान देश, ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां, प्रायोजक और स्वयं दोनों क्रिकेट बोर्डों को भारी राजस्व प्राप्त होता है। इन परिस्थितियों में यदि पाकिस्तान इस मैच से पीछे हटता है तो पहला सीधा झटका इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टर्स को लगेगा जिन्होंने अरबों रुपये का निवेश इस टूर्नामेंट के अधिकारों में किया है। विज्ञापन अनुबंध, स्लॉट बुकिंग और व्यूअरशिप अनुमानों की रीढ़ भारत-पाक मैच पर ही टिकी होती है। मैच रद्द या पाकिस्तान की अनुपस्थिति की स्थिति में ब्रॉडकास्टिंग कंपनियां आईसीसी से मुआवज़े की मांग करेंगी और यह स्वाभाविक है कि आईसीसी उस क्षतिपूर्ति का बोझ संबंधित बोर्ड यानी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और अंततः पाकिस्तान सरकार पर डालने का प्रयास करेगा। विभिन्न मीडिया अनुमानों और पूर्व अनुभवों के आधार पर यह नुकसान लगभग 250 से 300 करोड़ रुपये तक आंका जा रहा है, जो पहले से कर्ज, महंगाई, विदेशी मुद्रा संकट और आईएमएफ की शर्तों से जूझ रहे पाकिस्तान के लिए अत्यंत गंभीर आर्थिक आघात होगा। इतना ही नहीं यदि आईसीसी इसे टूर्नामेंट की अखंडता और अनुबंध उल्लंघन के रूप में देखती है तो उस पर अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया जा सकता है। जिससे कुल नुकसान और बढ़ेगा, इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा शिकार पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड होगा जो पहले ही आर्थिक रूप से कमजोर स्थिति में है और जिसकी आय का बड़ा हिस्सा आईसीसी के वितरण और भारत-पाक सीरीज की अप्रत्यक्ष लोकप्रियता पर निर्भर करता है। यदि आईसीसी पाकिस्तान को गैर-पेशेवर व्यवहार या राजनीतिक हस्तक्षेप के लिए दोषी मानती है तो उस पर भविष्य के टूर्नामेंटों की मेजबानी से वंचित किया जा सकता है या पांच वर्ष तक के प्रतिबंध जैसी कठोर कार्रवाई की संभावना भी बन सकती है, जो पीसीबी के लिए लगभग विनाशकारी सिद्ध होगी क्योंकि तब न केवल राजस्व रुकेगा बल्कि खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर भी सीमित हो जाएगा। पाकिस्तान का यह तर्क कि उसने बांग्लादेश के भारत न आकर खेलने के फैसले के समर्थन में यह कदम उठाया है, तो यह फैसला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में ज्यादा वजन नहीं रखता क्योंकि आईसीसी का ढांचा द्विपक्षीय राजनीतिक समर्थन नहीं बल्कि लिखित अनुबंधों और तय कार्यक्रमों पर आधारित होता है। खेल की वैश्विक संस्था भावनात्मक या वैचारिक समर्थन से नहीं बल्कि व्यावसायिक अनुशासन से चलती है।


स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**


**विधायी प्रयास जो न केवल नकली बीजों पर अंकुश लगाने का लक्ष्य रखता है,बल्कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए कृषि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।बीज विधेयक, 2025 दरअसल 1966 के पुराने बीज अधिनियम का स्थान लेने के लिए लाया गया है, जो वर्तमान समय की जटिलताओं और बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप अपर्याप्त सिद्ध हो रहा था।पिछले कुछ दशकों में बीज उद्योग में निजी कंपनियों, हाइब्रिड और उन्नत किस्मों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और डिजिटल आपूर्ति श्रृंखलाओं का तीव्र विस्तार हुआ है, लेकिन नियामक ढांचा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सका।**

# नकली माल से बीज विधेयक : निर्णायक कदम


किशन भावनानी

वर्तमान डिजिटल प्रतिस्पर्धा युग में वैश्विक अर्थव्यवस्था के विस्तार के साथ- साथ नकली और निम्न गुणवत्ता वाले उत्पादों का प्रसार भी एक गंभीर अंतरराष्ट्रीय चुनौती बन चुका है। चाहे वह दवाइयाँ हों, खाद्य पदार्थ हों, कृषि आदान हों या तकनीकी उपकरण, नकली माल का उपयोग उपभोक्ताओं के लिए केवल आर्थिक नुकसान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह उनके स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर भी गहरा प्रतिकूल प्रभाव डालता है। विडंबना यह है कि जहां एक ओर उपभोक्ता इस बहुआयामी क्षति को झेलता है, वहीं दूसरी ओर इस गैरकानूनी गतिविधि से जुड़े तत्व भारी आर्थिक लाभ अर्जित करते हैं। यही कारण है कि आज विश्व स्तरपर यह स्वीकार किया जा रहा है कि नकली उत्पादों से निपटने के लिए केवल सामान्य आपराधिक कानून पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र- विशेष के लिए विशेष और कठोर कानूनों की आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र में इस समस्या का प्रभाव और भी अधिक गहरा है, क्योंकि यहां नुकसान केवल एक उपभोक्ता तक सीमित न होकर खाद्य सुरक्षा,ग्रामीणअर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय कृषि प्रणाली तक फैल जाता है। नकली या घटिया बीजों का प्रयोग किसान की पूरी फसल, उसकी आय, ऋण चुकाने की क्षमता और अंततः उसके मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यही पृष्ठभूमि है, जिसमें भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित बीज विधेयक, 2025 को ला रही है। यह एक ऐसा विधायी प्रयास जो न केवल नकली बीजों पर अंकुश लगाने का लक्ष्य रखता है,बल्कि किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए कृषि बाजार में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करता है।बीज विधेयक, 2025 दरअसल 1966 के पुराने बीज अधिनियम का स्थान लेने के लिए लाया गया है, जो वर्तमान समय की जटिलताओं और बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप अपर्याप्त सिद्ध हो रहा था।पिछले कुछ दशकों में बीज उद्योग में निजी कंपनियों, हाइब्रिड और उन्नत किस्मों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार और डिजिटल आपूर्ति श्रृंखलाओं का तीव्र विस्तार हुआ है, लेकिन नियामक ढांचा उसी अनुपात में विकसित नहीं हो सका। इस अंतर का लाभ उठाकर नकली बीजों का संगठित कारोबार फलता-फूलता रहा,जिसके परिणामस्वरूप किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। नए विधेयक का मूल उद्देश्य इसी असंतुलन को सटीक रूप से दूर करना है।

साथियों बात अगर हम बीज विधेयक, 2025 को समझने की करें तो इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बीजों की गुणवत्ता को एक राष्ट्रीय मानक के अंतर्गत लाने का प्रयास करता है। विधेयक के अनुसार, बाजार में बेची जाने वाली सभी बीज किस्मों का अनिवार्य पंजीकरण



आवश्यक होगा। इसका अर्थ यह है कि कोई भी बीज, चाहे वह सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा विकसित हो या निजी कंपनियों द्वारा,बिना नियामक स्वीकृति के किसानों तक नहीं पहुंच सकेगा। यह प्रावधान नकली और अप्रमाणित बीजों के लिए बाजार के दरवाजे बंद करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।इसके साथ ही, विधेयक बीज उत्पादकों, बीज प्रसंस्करण इकाइयों, डीलरों और पौध नर्सरियों के अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान करता है। यह व्यवस्था पूरी आपूर्ति श्रृंखला को निगरानी के दायरे में लाती है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न हो। अंतरराष्ट्रीय अनुभव बताता है कि कृषि आदानों में पारदर्शी ट्रैकिंग और पंजीकरण प्रणाली नकली उत्पादों को रोकने का सबसे प्रभावी साधन होती है, और इस दृष्टि से बीज विधेयक, 2025 भारत को वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के समकक्ष खड़ा करता है।

साथियों बात अगर हम विधेयक क़ो एक अन्य महत्वपूर्ण प्रावधान से समझने की करें तो, आपातकालीन परिस्थितियों में बीज बिक्री मूल्यों का विनियमन है। प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तनजनित संकटों या महामारी जैसी स्थितियों में अक्सर बीजों की कृत्रिम कमी पैदा कर कीमतें बढ़ा दी जाती हैं।इसका सीधा बोझ किसान पर पड़ता है। बीज विधेयक सरकार को यह अधिकार देता है कि वह ऐसी असाधारण परिस्थितियों में बीजों की कीमतों को नियंत्रित कर सके, जिससे किसानों का शोषण रोका जा सके। यह प्रावधान कृषि को केवल बाजार की शक्तियों के हवाले न छोड़कर सामाजिक न्याय के सिद्धांत से जोड़ता है। बीजों के प्रदर्शन का अनिवार्य लेबलिंग भी विधेयक का एक केंद्रीय तत्व है। लेबलिंग के माध्यम से बीज की किस्म, अंकुरण क्षमता, शुद्धता, उत्पादन वर्ष और अन्य आवश्यक जानकारियाँ स्पष्ट रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे किसानों को सूचित निर्णय लेने में मदद मिलेगी और धोखाधड़ी की संभावना न्यूनतम होगी। वैश्विक स्तर पर यह माना जाता है कि सूचना की पारदर्शिता उपभोक्ता संरक्षण का सबसे मजबूत आधार है, और बीज विधेयक इसी सिद्धांत को कृषि क्षेत्र में लागू करता है। डिजिटल युग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विधेयक में 'साथी पोर्टल' पर अनिवार्य पंजीकरण का प्रावधान भी किया गया है। यह पोर्टल बीज से जुड़े सभी हितधारकों उत्पादकों डीलरों और नियामक एजेंसियों के बीच एक साझा डिजिटल मंच प्रदान करेगा। इससे न केवल निगरानी और शिकायत निवारण की प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि नीति-निर्माण के लिए विश्वसनीय डेटा भी उपलब्ध होगा। अंतरराष्ट्रीय कृषि शासन में डेटा-आधारित नियमन को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है, और इस दृष्टि से यह प्रावधान भारत को भविष्य के लिए तैयार करता है।

साथियों बात अगर हम बीज विधेयक, 2025 को लेकर एक महत्वपूर्ण आशंकाओं को समझने की करें तो, यह आशंका व्यक्त की जाती रही है कि कहीं यह किसानों की पारंपरिक प्रथाओं और अधिकारों को सीमित न कर दे। हालांकि विधेयक इस संदर्भ में अत्यंत स्पष्ट है। इसके प्रावधान किसानों और उनकी पारंपरिक किस्मों पर लागू नहीं होते।यह विधेयक पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अनुरूप किसानों के उन अधिकारों की रक्षा करता है, जिनके तहत वे बीजों को उगाने, बोने, सहेजने, आदान-प्रदान करने और बेचने के लिए स्वतंत्र हैं। यह संतुलन इस विधेयक की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक है।इसके अतिरिक्त, जैविक विविधता अधिनियम, 2002 और पादप किस्मों के संरक्षण एवं किसान अधिकार अधिनियम, 2001 के अंतर्गत पहले से ही किसानों, सामुदायिक बीज उत्पादकों और स्वदेशी किस्मों की सुरक्षा के लिए जो प्रावधानमौजूद हैं यह विधेयक उनके साथ सामंजस्य स्थापित करता है। इसका अर्थ यह है कि बीज विधेयक,2025 किसीमौजूदा अधिकार को कमजोर नहीं करता, बल्कि नियमन और संरक्षण के बीच एक व्यावहारिक संतुलन बनाता है।

# आर्थिक सर्वेक्षण में सेहत की चिंता


**आर्थिक सर्वेक्षण ने एक गंभीर चेतावनी दी है, जो खाना आज हम अपने बच्चों को खिला रहे हैं, वही कल करोड़ों बच्चों की सेहत और देश की आर्थिक मजबूती के लिए खतरा बन सकता है। पहली बार मोटापे और अनहेल्दी डाइट को सिर्फ हेल्थ इश्यू नहीं, बल्कि आर्थिक जोखिम के रूप में देखा गया है। यह चेतावनी हमें रुक कर सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर हमारे बच्चे क्या खा रहे हैं और क्यों।**


रोहित माहेश्वरी

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी आर्थिक सर्वेक्षण 2025-2026 में चेतावनी दी गई है कि 2035 तक भारत में 83 लाख तक बच्चे मोटापे का शिकार हो सकते हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट से पहले संसद में यह सर्वेक्षण पेश किया। इस दस्तावेज़ में अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति का आधिकारिक आकलन और भविष्य की संभावनाओं का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है। आर्थिक सर्वेक्षण ने एक गंभीर चेतावनी दी है, जो खाना आज हम अपने बच्चों को खिला रहे हैं, वही कल करोड़ों बच्चों की सेहत और देश की आर्थिक मजबूती के लिए खतरा बन सकता है। पहली बार मोटापे और अनहेल्दी डाइट को सिर्फ हेल्थ इश्यू नहीं, बल्कि आर्थिक जोखिम के रूप में देखा गया है। यह चेतावनी हमें रुक कर सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर हमारे बच्चे क्या खा रहे हैं और क्यों। वास्तव में, देश में आज बच्चों की थाली सिर्फ घर का मामला नहीं रह गई है, बल्कि यह देश के भविष्य और अर्थव्यवस्था से भी जुड़ गई है।

तेज रफ्तार से भागती जिंदगी, काम का दबाव और आसान विकल्पों की तलाश ने माता-पिता को पैकेट बंद और रेडी-टू-ईट खाने की ओर मोड़ दिया है। चिप्स, बिस्किट, शुगरी ड्रिंक्स, इंस्टेंट नूडल्स और फास्ट फूड अब बच्चों की रोजमर्रा की डाइट का हिस्सा बनते जा रहे हैं. इन्हें अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड यानी यूपीएफ कहा जाता है, ऐसे फूड्स जिनमें ज्यादा शुगर, नमक, अनहेल्दी फैट और केमिकल एडिटिव्स होते हैं, लेकिन पोषण बहुत कम होता है। यूपीएफ का अत्यधिक सेवन सभी आयु वर्ग के लोगों को प्रभावित कर रहा है और मधुमेह (डायबिटीज), हृदय रोग और हाइपरटेंशन जैसे गैर-संक्रामक रोगों (एनसीडी) का खतरा बढ़ रहा है।

आर्थिक सर्वेक्षण में नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया गया है कि भारत में 24 प्रतिशत महिलाएं और 23 प्रतिशत पुरुष ओवरवेट या मोटापे का शिकार हैं। बच्चों में स्थिति और भी चिंताजनक है। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में ओवरवेट होने की दर 2015-16 में 2.1 प्रतिशत थी, जो 2019-21 में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। संख्या में देखें तो 2020 में करीब 33 करोड़ बच्चे मोटे थे और अनुमान है कि 2035 तक यह आंकड़ा 83 करोड़ तक पहुंच सकता है। आर्थिक सर्वेक्षण में आहार संबंधी सुधारों को सार्वजनिक स्वास्थ्य की प्राथमिकता बताई गई है। भारत यूपीएफ की बिक्री के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है। सर्वेक्षण बताता है कि भारत में यूपीएफ का बाजार तेजी से बढ़ा है। साल 2006 में जहां इसकी रिटेल बिक्री लगभग 0.9 बिलियन डॉलर थी, वहीं 2019 तक यह बढ़कर करीब 38 बिलियन डॉलर हो गई। यह बढ़ोतरी सिर्फ़ बाजार का आंकड़ा नहीं है, बल्कि बदलती खान-पान की आदतों का सबूत है। ज्यादा अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स खाने को मोटापा,




डायबिटीज, दिल की बीमारियों, सांस की समस्याओं और मेंटल डिसऑर्डर्स से जोड़ा गया है। आर्थिक सर्वेक्षण साफ कहता है कि इसका असर सिर्फ व्यक्ति तक सीमित नहीं रहेगा। इससे घरों और सरकार दोनों के लिए हेल्थ केयर खर्च बढ़ेगा। लंबी बीमारियों के कारण काम करने की क्षमता घटेगी। प्रोडक्टिविटी कम होगी और पब्लिक फाइनेंस पर दबाव बढ़ेगा। इसलिए मोटापे को मानव पूंजी के लिए खतरा बताया गया है।

इस समस्या से निपटने के लिए, सर्वेक्षण में विद्यालय स्तर पर हस्तक्षेप की सिफारिश की गई, जिसमें पीने के पानी की उपलब्धता में सुधार, मुफ्त फल उपलब्ध कराना, कैंटीन में केवल स्वास्थ्यवर्धक विकल्प सुनिश्चित करना और वेंडिंग मशीनों को हटाना शामिल है। रिपोर्ट में स्कूल कर्मचारियों के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य परिषद के गठन और स्कूल-आधारित उपायों को मजबूत करने के लिए एक लिखित स्वास्थ्य नीति लागू करने का सुझाव भी दिया गया। इसके अतिरिक्त, इसमें अभिभावकों और कर्मचारियों के लिए नियमित प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के साथ-साथ स्थानीय समुदायों के साथ अधिक सहयोग की सिफारिश की गई।

मोटापे को एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती के रूप में पहचानते हुए, सरकार ने कई पहल शुरू की हैं ताकि स्वास्थ्य, पोषण, शारीरिक गतिविधि, खाद्य सुरक्षा और जीवनशैली में सुधार को एकीकृत करते हुए समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा सके। पोषण अभियान एवं पोषण 2.0, फिट इंडिया मूवमेंट, खेलो इंडिया, ईट राइट इंडिया, राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान - आज से थोड़ा कम जैसे कदम इन पहलों के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इसके अलावा, एफएसएसएआई ने मोटापा रोकें, मोटापा भगाएं-मोटापा रोकने हेतु जागरूकता पहल अभियान शुरू किया है। मन की बात मासिक कार्यक्रम में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोटापे की समस्या के बारे में देशवासियों से चर्चा कर चुके हैं। आर्थिक समीक्षा में बच्चों में डिजिटल व्यसन की बढ़ती समस्या पर प्रकाश डाला गया है। आर्थिक सर्वेक्षण में कहा गया है कि इंटरनेट मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बच्चों और किशोरों की बढ़ती निर्भरता उनके मानसिक स्वास्थ्य, पढ़ाई और सामाजिक जीवन पर बुरा असर डाल रही है। डिजिटल व्यसन लगातार विचलन, 'नींद की कमी' और कम एकाग्रता के कारण शैक्षणिक प्रदर्शन और कार्यस्थल की उत्पादकता को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। विविध भारतीय एवं वैश्विक अध्ययनों ने 15-24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के बढ़ते व्यसन की पुष्टि की है। सोशल मीडिया के व्यसन का जुड़ाव घबराहट, अवसाद, आत्मविश्वास में कमी और साइबर बुलिंग से उपजे दबाव के साथ भी है। भारतीय युवाओं को परेशान करने वाली अन्य समस्याओं में कंपल्सिव स्क्रॉलिंग, सामाजिक तुलना और गेमिंग से जुड़ी विकृतियां शामिल हैं। ये समस्याएं किशोरों में नींद की कमी, आक्रामकता, सामाजिकता में कमी और अवसाद को जन्म देती हैं।

गौरतलब है कि दुनियाभर में छोटे बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया को खतरनाक बताया जा रहा है। आस्ट्रेलिया और फिनलैंड ने 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इंटरनेट मीडिया पर प्रतिबंध के लिए जहां कानून लागू कर रखा है, वहीं फ्रांस की नेशनल असेंबली में ऐसा कानून लाने पर सहमति बनी है। वहीं ब्रिटेन, डेनमार्क और ग्रीस इस मुद्दे पर व्यापक अध्ययन कर रहे हैं। दुनिया के दूसरे नंबर के स्मार्टफोन बाजार, भारत के लिए ये खास चिंता का विषय इसलिए भी है, क्योंकि देश में सालाना 75 करोड़ से ज्यादा स्मार्टफोन बिकते हैं। रिसर्च फर्म डाटारिपोर्टल के अनुसार, देश में एक अरब से ज्यादा इंटरनेट यूजर हैं, 50 करोड़ से ज्यादा यूट्यूब यूजर, 40 करोड़ से ज्यादा फेसबुक यूजर और 48 करोड़ से अधिक इंस्टाग्राम यूजर हैं। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, इन एप्स पर 75 प्रतिशत से ज्यादा छोटी उम्र के यूजर्स हैं। इस समस्या से निपटने के लिए सर्वेक्षण ने आनलाइन कंपनियों को उम्र सत्यापन के लिए जिम्मेदार बनाने और बच्चों के लिए सरल व सुरक्षित डिजिटल उपकरणों को बढ़ावा देने की सिफारिश की है।

# कच्चे घरों के बीच पक्की उम्मीदों का सपना

**ग्रामीणों के जीवन स्तर को करीब से समझने के लिए जब हम इस गाँव में पहुँचे, तो हमने देखा कि बड़ी संख्या में परिवार कच्चे मकानों में रहने को मजबूर है। इन्हीं घरों में हम चार पांच परिवारों से भी मिले, जिनकी कहानियां और संघर्ष अलग-अलग होते हुए भी एक साझा सच्चाई सामने लाती है और वह है सरकारी योजनाओं का अभाव। हालांकि विभाग इस बात का दावा करता है कि गांव-गांव तक योजनाएं पहुंच रही हैं, लेकिन सैलानी गाँव में यह दावा कुछ कमजोर ही नजर आता है।**


किरण आर्या

इस वर्ष के केन्द्रीय बजट से ग्रामीण क्षेत्रों को काफी आशाएं थी। बात चाहे घर की हो, सड़क की हो या फिर नलजल योजना की, लोगों को उम्मीद थी कि सरकार गाँव के विकास के लिए बजट के पिटारे खोल देगी। इसके पीछे कई कारण भी हैं। आज भी देश के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्र विशेषकर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र विकास कि योजनाओं में काफी पीछे चल रहे हैं। केवल उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो इस पहाड़ी इलाके के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आवास जैसी अहम योजना भी देरी से पहुँचती है। इसका एक उदाहरण सैलानी गाँव है। बागेश्वर जिला के गरुड़ ब्लॉक से लगभग 33 किमी दूर, पहाड़ों के बीच बसा यह गांव बाहर से जितना शांत दिखाई देता है, भीतर से उतना ही संघर्षों से भरा है। इस गाँव की पगडंडियों पर चलते हुए सबसे पहले जो बात ध्यान खींचती है, वह हैं मिट्टी, लकड़ी और टिन से बने कच्चे मकान, जिनकी दीवारें समय के साथ जर्जर हो चुकी हैं और छतें हर बारिश में डर पैदा करती हैं। कई बार इसके गिरने का खतरा भी बना रहता है, लेकिन ज्यादातर लोगों की आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि वह इसकी मरम्मत भी करा सकें। ग्रामीणों के जीवन स्तर को करीब से समझने के लिए जब हम इस गाँव में पहुँचे, तो हमने देखा कि बड़ी संख्या में परिवार कच्चे मकानों में रहने को मजबूर है। इन्हीं घरों में हम चार पांच परिवारों से भी मिले, जिनकी कहानियां और संघर्ष अलग-अलग होते हुए भी एक साझा सच्चाई सामने लाती है और वह है सरकारी योजनाओं का अभाव। हालांकि विभाग इस बात का दावा करता है कि गांव-गांव तक योजनाएं पहुंच रही हैं, लेकिन सैलानी गाँव में यह दावा कुछ कमजोर ही नजर आता है।

यहां हमारी पहली मुलाकात 76 वर्षीय इंद्र गड़िया से हुई। जिनके चेहरे से योजनाओं के लाभ से वंचित रहने की नाराजगी साफ झलक रही थी। उन्होंने कहा कि आजकल सुविधाओं की बातें बहुत होती हैं, लेकिन गाँव में सही जानकारी समय पर नहीं पहुँचती हैं। हालांकि कागजों पर यह योजनाएँ पूरी नजर आएंगी। अपने कच्चे मकान की हालत को देख कर वह कहते हैं कि मैंने प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में सुना तो जरूर है, लेकिन उसके लिए क्या करना होता है, यह बताने वाला कोई नहीं है। वह कहते हैं कि उनके सभी बच्चे बेहतर ज़िंदगी कि तलाश में गांव छोड़कर शहर पलायन कर चुके हैं।

55 वर्षीय प्रेम मिश्रा की भी कुछ ऐसी ही शिकायत है। वह कहते हैं कि उनका घर लकड़ी का बना है और बारिश के दिनों में घर के अंदर पानी भर जाता है। कई बार उन्होंने गांव के प्रधान से इस समस्या और आवास योजना के बारे में बात की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



धीरे-धीरे उन्होंने कहना ही छोड़ दिया। वहीं 42 वर्षीय राधा देवी कहती हैं कि पहले भी उन्होंने आवास योजना के लिए प्रयास किया था, लेकिन अब तक उन्हें इसका लाभ नहीं मिल सका है। हालांकि राज्य में हाल में ही संपन्न हुए पंचायत चुनाव में इस गांव में नए प्रधान का चयन हुआ है और उन्हें उम्मीद जगी है कि अब उनका घर मिलने का सपना जरूर पूरा होगा।

वहीं 38 वर्षीय दीपा मिश्रा की कहानी अलग है। वह बताती हैं कि उन्होंने भी गांव के प्रधान से आवास योजना के संबंध में बात की थी, लेकिन जब कोई सकारात्मक मदद नहीं मिली, तो उनके पति ने पैसे जोड़ कर स्वयं घर बना लिया। वह कहती हैं कि घर के बजट में कटौती करके पिछले कई सालों से हम घर के लिए पैसा जमा कर रहे थे। कई बार प्रयास करने के बाद भी जब आवास योजना का लाभ नहीं मिला तो हमने अपने पैसों से ही घर बना लिया। आखिर बच्चे बड़े हो रहे थे, वह कहाँ रहते? हालांकि 45 वर्षीय रूपा देवी के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना लाभकारी सिद्ध होने वाला है। उन्होंने बताया कि कुछ महीने पहले ही उन्होंने आवास योजना के लिए सभी दस्तावेज जमा कर दिया है और उन्हें बताया गया है कि जनवरी-फरवरी तक उन्हें घर बनाने के लिए पहली किस्त मिल जाएगी। उनकी आँखों में एक अलग-सी चमक थी। मानो वर्षों से अधूरी एक इच्छा अब पूरी होने वाली हो। उनके लिए यह घर केवल दीवारों का ढांचा नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य और रोजमर्रा की चिंता से थोड़ी राहत का वादा है।

ये केवल एक सैलानी गाँव की स्थिति नहीं हैं। अन्य राज्यों की तुलना में उत्तराखंड जैसे पहाड़ी राज्यों में ऐसी चुनौती और भी जटिल हो जाती है। दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियाँ, सीमित संसाधन और दूर-दराज़ बसे गाँव योजना के क्रियान्वयन को धीमा कर देते हैं। उदाहरण के तौर पर, पौड़ी जिले के कल्जीखाल क्षेत्र में एक वर्ष में 805 घरों का निर्माण हुआ, जबकि बीरोंखाल जैसे क्षेत्रों में यह संख्या केवल 65 घरों तक सीमित रही। यह अंतर दर्शाता है कि एक ही राज्य के भीतर भी विकास की गति समान नहीं है। देश और राज्य स्तर पर आंकड़े देखें तो ग्रामीण आवास की स्थिति एक बड़ी तस्वीर पेश करती है। ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत देश भर में लगभग 3.79 करोड़ घरों का लक्ष्य रखा गया था, जिनमें से लगभग 2.72 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है, यानी करीब 72 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जा चुका है। अब इस योजना का विस्तार कर लक्ष्य को 5.79 करोड़ घरों तक ले जाने की बात की जा रही है।

लेकिन आंकड़ों से परे असली सवाल जमीन पर नजर आने वाली सच्चाई का है। पहाड़ों में रहने वाले परिवारों के लिए पक्का घर न केवल ठंड और बारिश से बचाव का माध्यम है बल्कि यह उन्हें किसी भी समय होने वाले भूस्खलन से बचाव का भी साधन है। यहां की गलियों से गुजरते हुए यह साफ़ महसूस होता है कि जब किसी परिवार को घर मिलने की सूचना मिलती है, तो वह केवल एक सरकारी लाभ नहीं होता है बल्कि उम्मीदों का एक कारवां होता है। वहीं जिन परिवारों तक यह सुविधा नहीं पहुँच पाती, उनके लिए स्थानीय स्तर पर काम करने की आवश्यकता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सरकार गांव के विकास को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाती है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इन योजनाओं की जानकारी हर गांव और हर परिवार तक समय पर पहुँचे। इसके लिए स्थानीय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही तय किये जाने की जरूरत है। साथ ही उन आवाजों को भी सुनने की बहुत जरूरत है जो हाशिये पर होते हैं और अक्सर फाइलों और आंकड़ों के बीच उनकी आवाज कहीं दब जाती हैं।

अवधनामा
लखनऊ, बुधवार, 04 फरवरी, 2026



# बरसाना नंदगांव के मंदिरों में होरी धमार गायन शुरू

अवधनामा संवाददाता

■ होली पर रोडवेज चलाएगा बरसाना के लिए 150 बसें

**बरसाना (मथुरा)।** ब्रज के प्रमुख तीर्थ स्थल बरसाना व नंदगांव मे रविवार से फाल्गुन मास का शुभारंभ हो गया। वसंत की समाज के उपरांत बरसाना व नंदगांव के मंदिरों में प्रतिदनि शाम से परंपरागत होरी-धमार गायन की शुरुआत हो गई। बरसाना के लाडलीजी मंदिर व नंदगांव के नंदबाबा मंदिर में रंग, रस और राग की अद्भुत छटा बिखरने लगी है। होली के पद गायनों को सुनकर भक्त गण आनंदित हो रहे हैं। बरसाना की होली पर रोडवेज मथुरा से 150 बसों का संचालन करेगा।

बरसाना के ब्रह्म गिरि पर्वत स्थित लाडलीजी मंदिर में प्रतिदिन शाम को मुखिया रामभरोसे गोस्वामी के नेतृत्व में गोस्वामी समाज द्वारा किया जा रहा है। जिसमें होहोहो कर बोलत होरी का पद का गायन सुनकर भक्त आनंदित हो उठे।

नंदगांव के नंदबाबा मंदिर में वसंत पंचमी से शयन आरती के समय गोस्वामीजन द्वारा समाज गायन किया जा रहा था। पड़वा से फाल्गुन मास लगते ही धमारों का क्रम शुरू हो गया है। सेवायत रमेश गोस्वामी ने बताया कि इस अवधि में रंगन रंगिलौ बहु रंगन रंगिलौ और गोरी आयो फागुन मास, खेल तू रसिया ते होरी जैसे पारंपरिक धमार समाज में गाए। दोनों मंदिरों के श्रीविग्रहों को प्रतिदिन अबीर-गुलाल अर्पित कर होली खिलाई जा रही है। ढप, मृदंग, झांझ और मंजीरा की मधुर धुनों पर रसिक कवियों के पद खेलत फाग परस्पर हिलमिल और ब्रज में कैसी धूम मचाई गूंजने लगे हैं। टेसू के फूलों के रंग बरसने के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा है। वहीं नंदगांव-बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लठमार होली की तैयारियां जोरों पर हैं। बरसाना में 24 फरवरी को लड्डू होली और 25 फरवरी लठामार होली तथा नंदगांव में 26 फरवरी को लठामार होली का आयोजन होगा।

मथुरा से बरसाना, गोवर्धन और नंदगांव के लिए अतिरिक्त बसों को चलाने की योजना है। आगामी नौ फरवरी से इन तीनों मार्ग पर बसों का संचालन किया जाएगा। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मदन मोहन शर्मा ने बताया कि फिलहाल बरसाना व गोवर्धन के लिए छह-छह बसों को चलाया जाएगा। नंदगांव के लिए चार बसों को चलाया जाएगा। यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर बसों की संख्या में इजाफा किया जाएगा। 20 फरवरी से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। 24 फरवरी से 150 बसें मथुरा से बरसाना चलाई जाएंगी।

## आपसी सुलह-समझौते के आधार पर त्वरित निस्तारण करना है : नितिका राजन

**आजमगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा मीडियेशन एवं कन्सीलियेशन प्रोजेक्ट कमेटी, सर्वोच्च न्यायालय के तत्वाधान में सम्पूर्ण राष्ट्र में दिनांक 01 जनवरी, 2026 से राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान-2.0 चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पक्षकारों द्वारा आपसी सुलह-समझौते के आधार पर न्यायालयों में लम्बित वादों का अधिकाधिक संख्या में त्वरित निस्तारण करना है। इसी क्रम में आज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नितिका राजन द्वारा ए0डी0आर0 भवन, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कक्ष में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 को सफल बनाने के क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में नियुक्त अधिवक्ता मध्यस्थों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

# एक लिखी हुई किताब जब तक अस्तित्व में रहती है, आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती रहती है: डीएम

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं जिला पर्यावरण समिति द्वारा आयोजित पुस्तक एवं पर्यावरण मेला-2026 का फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। आजमगढ़ पुस्तक एवं पर्यावरण मेला 02 फरवरी से 08 फरवरी 2026 तक हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आयोजित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि आज से शुरू होकर 8 फरवरी 2026 तक चलने वाले पर्यावरण एवं पुस्तक मेले का जनपद वासियों को काफी फायदा होगा। उन्होंने कहा कि पुस्तक से होने वाले फायदे को सभी पढ़े लिखे लोग जानते हैं। उन्होंने कहा कि जब किताबे बोलतीं है, तो सदियां सुनतीं है, यह बात अक्षरशः सही है। उन्होने कहा कि टीवी, भाषण या नाटकों का प्रभाव कुछ समय (घंटों, दिनों या महीनों) तक रहता है, लेकिन एक लिखी हुई किताब जब तक अस्तित्व में रहती है, आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करती रहती है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद के लोगो के लिए एवं जनपद के आस पास के लोगो के लिए बहुत ही बढ़ा सुनहरा अवसर है कि यहां पर एक से एक प्रकाशन व एक से एक राईटर तथा एक से एक सब्जेक्ट पर किताबें हैं।

जिलाधिकारी ने आज़मगढ़ की धरती से जुड़े महान साहित्यकारों जैसे राहुल सांकृत्यायन, अयोध्या सिंह उपाध्याय ''हरिऔध'', रामधारी सिंह दिनकर और मुंशी प्रेमचंद का ज़िक्र किया, जिनकी कृतियाँ इस मेले में उपलब्ध हैं।

जिलाधिकारी ने स्कूल और कॉलेजों के प्रधानाचार्यो से अपील किया कि वे हाईस्कूल से लेकर पोस्ट ग्रेजुएशन तक के छात्रों को इस मेले में लाएं। उन्होने कहा कि यहां सिर्फ देखने का नहीं है, बल्कि यहां किताबें बिकती है। उन्होने कहा कि छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए किताबों पर न्यूनतम 25 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, इसलिए जिसको जो अच्छा लगे वह किताब खरीद कर पढ़ सकते हैं। उन्होने कहा कि यह मेला न केवल ज्ञानवर्धन के लिए है, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और जीवन में प्रेरणा पाने का भी एक बेहतरीन ज़रिया है। जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर्यावरण का मेला भी लगाया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि मेले के प्रवेश द्वार पर पुस्तक के आकार में बना पेड़ पर्यावरण और ज्ञान के अंतर्संबंध को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि अभी जल्द ही तमसा नदी के पुनरोद्धार के लिए कार्य हुआ है, जो पर्यावरण संरक्षण के लिए एक बड़ा कदम है। जिलाधिकारी ने कहा कि 2025 में बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किया गया था और इस वर्ष (2026) जुलाई-अगस्त के दौरान लगभग 56 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी ने इस आयोजन को सफल बनाने में वन विभाग, जिला प्रशासन और सामाजिक प्रतिनिधियों की सक्रिय भूमिका की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इसका अधिक से अधिक लाभ लें, यहा भ्रमण कर देखें तथा अपनी मन पसन्द की किताबे देखें व खरिदे, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सके। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से संबंधित जितने भी व्यक्ति हैं, वे बहुत अच्छा कार्य कर रहे है तथा समाज एवं पर्यावरण के हित में है। जिलाधिकारी ने इस तरह के आयोजनों को पावन और सामाजिक कार्य बताते हुए भविष्य में भी इन्हें अधिक प्रभावी ढंग से आयोजित करने की कामना की। जिलाधिकारी ने बताया कि मेला दिनांक 02 फ़रवरी से 08 फ़रवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिदिन ज़िला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरुकता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश की बढ़ाकर की 15 फरवरी

अवधनामा संवाददाता

■ अटल विद्यालय की प्रवेश परीक्षा आठ मार्च को

**मथुरा।** जनपद में शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 व 9 में अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा परिवर्तित 8 मार्च को आयोजित होगी। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश लने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी थी, अब शासन ने आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ा दी है।

सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल ने बताया कि अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 व 9 वी में प्रवेश लेने को परीक्षा का आठ मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। परीक्षा में दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिये 40 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा । प्रवेश परीक्षा पास करने के बाद कक्षा 6 में 160 व कक्षा9 में 67 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश परीक्षा में आगरा मण्डल के सभी जिलों जिसमें आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद एवं मैनपुरी के छात्र-छात्राएं प्रवेश ले सकती है। उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय ग्राम कौरई तहसील किरावली जिला आगरा में स्थापित है। जहॉ विभाग के अन्तर्गत पजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों व कोविड-19 की महामारी के दौरान कोरोना से निराश्रित हुये बच्चों के अलावा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के तहत पात्र बच्चों के लिए शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन लिए जा चुके है। इनमें कक्षा 6 में बालक 80 व बालिका 80 को मिलाकर कुल 160 और कक्षा-9 में 67 बालक व 34 बालिका को मिलाकर 111 सीटों पर प्रवेश होना है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र परीक्षा से एक सप्ताह पहले दिए जाएंगे।

## गैंगस्टर वांछित एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम व एसओजी टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के वांछित एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं चोरों के विरूद्ध व वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु प्रचलित अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के कुशल नेतृत्व में थाना प्रभारी सिरसागंज मय पुलिस बल व एसओजी प्रभारी मय टीम के साथ एनएच-19 नगला राधे मोड अन्डर पास के पास दौरान 02.02.2026 को मु0अ0स0-03/26 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के वांछित अभियुक्त रौकी उर्फ बम्बा पुत्र नरेश निवासी गिहार कालोनी कस्बा व थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# हमारा संगठन व्यापारियों के हित में करता है कार्य : संतोष

अवधनामा संवाददाता



■ दिल्ली से उरई तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए

**उरई (जालौन)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोशिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उरई से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक वन्देभारत ट्रेन चलवाए जाने के संबंध में कैप्टन अखिलेश नगायच एवं जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में उरई रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक श्री एस के खरे को ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक कैप्टन अखिलेश नगायच ने कहा कि हमारे जिला जालौन को सैनिकों के नाम से जाना जाता है जहां के सैकड़ो जाबांज वीर सपूत सैनिकों ने प्रथम विश्व युद्ध से लेकर अभी तक अपनी मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राणों को निछावर किया है। आज भी हमारे जिले के हजारों सैनिक देश की सीमा की रक्षा अपनी जान की बाजी लगाकर कर रहे हैं। लेकिन हमारे जिले से अभी तक कोई भी ट्रेन देश की राजधानी नई दिल्ली तक सीधी नहीं जाती है जिससे सेवारत सैनिकों तथा उनके परिवारों के साथ साथ जिले के आम जनमानस को भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महोदय से निवेदन है कि हमारे जिले के लिए देश की राजधानी दिल्ली से उरई रेलवे स्टेशन तक वंदे भारत ट्रेन चलाई जाए। जिससे आम जनमानस लाभान्वित हो सके। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की डायरेक्ट ट्रेन होने से जिले के उद्योगों को भी लाभ मिलेगा। जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को भी बल मिलेगा। ज्ञापन देने वालों में कैप्टन अखिलेश नगायच के साथ कैप्टन छेदा सिंह, कैप्टन संतोष कुमार रैकवार, हवलदार जितेन्द्र सिंह सरदार, हवलदार अमर सिंह पाल, नायब सूबेदार बृजलाल चौधरी, नायब सूबेदार रामबाबू राठौर, हवलदार रामशरण शर्मा, हवलदार लल्लन सिंह, पेटी अफसर सौरभ अवस्थी, सूबेदार राम लखन राठौर, हवलदार रामनारायण चतुर्वेदी, हवलदार जसवीर सिंह, सूबेदार मुक्ता प्रसाद, हवलदार कमलेश कुमार, हवलदार गोविंद सिंह, हवलदार राजेंद्र एवं अन्य व्यापारी फौजी भाई उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मदरसा इस्लामिया शहज़ादपुर में जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन



**मंझनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** मदरसा इस्लामिया शहज़ादपुर में मौलाना दिलशाद साहब की सदारत में जश्ने दस्तारबंदी का भव्य और आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवासाए हुजूर असहाबे मिल्लत हज़रत मौलाना आमिर मियां सफ़वी मिस्बाही की शिरकत रही, जिन्होंने अपने प्रभावशाली खिताब से मौजूद लोगों को दीन की तालीम और कुरआन की अहमियत से रूबरू कराया। महफ़िल का आग़ाज़ कुरआन-ए-पाक की तिलावत से हुआ, जिसके बाद नात व मनक़बत पेश की गईं। इस मौके पर हाफ़िज़ बिलाल, मौलवी शहबाज़, हाफ़िज़ क़िस्मत अली सहित आसपास के तमाम उलमा व इमाम मौजूद रहे।

### जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 फरवरी को

**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 10 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यो पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### हिन्दू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गई बाइक रैली



**शिकोहाबाद (अवधनामा संवाददाता)।** नगर में आठ फ़रवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन नारायण इंटर कालेज के ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन की सफलता के लिए मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों, भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली का मार्ग में स्वागत किया गया। रैली में शामिल हिंदू वादी संगठन के पदाधिकारी और भाजपा के कार्यकर्ता हाथ में केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे। लोग जय श्रीराम के उदघोष करते हुए चल रहे थे। रैली नारायण इण्टर कॉलेज के प्रांगण से प्रारम्भ होकर कटरा बाजार व बड़ा बाजार होते हुए पुनः कॉलेज प्रांगण पर समाप्त हुई। रैली का उद्देश्य नगर में 8 फ़रवरी को नारायण इण्टर कॉलेज में होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन के सम्बन्ध में नागरिकों को अवगत कराना था। दोनों बाजारों में बाइक रैली का पूर्ण हर्ष के साथ स्वागत किया गया। जिला प्रचारक संदीप ने बताया कि 8 फ़रवरी को नारायण इण्टर कॉलेज में प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर का उद्बोधन नगरवासियों को प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी व विशाल भण्डारे का आयोजन होगा। यह समय अपनी सामूहिक शक्ति का परिचय कराने का है। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में नगरवासियों से सम्मेलन में आने का निवेदन किया। रैली में मुख्य रूप से अंकुर वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव गुप्ता, हरजीत मल्होत्रा, सोनी गंभीर, शेखर ग्रवाल, संजय जाट, अमन अग्रवाल, सतीश यादव, गगन कठेरिया, राजा यादव, मयंक तिवारी आदि सम्मिलित हुए।

# रेलवे सुरक्षा बल फतेहपुर ने 148 अवैध कछुए किए बरामद

अवधनामा संवाददाता



■ तस्करी में शामिल दो आरोपी वन विभाग को सौंपे गए

**फतेहपुर।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) थाना फतेहपुर द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से ले जाए जा रहे 148 कछुओं को बरामद किया गया है, जिनकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है। इस मामले में पकड़े गए दो संदिग्धों को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक अपनी टीम के साथ तथा थाना प्रभारी जीआरपी राजकुमार मौर्य मय स्टाफ द्वारा हावड़ा जाने वाली ट्रेनों की सुरक्षा के मद्देनजर प्लेटफार्म नंबर 02/03 पर यात्रियों के सामान की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो संदिग्ध व्यक्ति छह बैग के साथ बैठे मिले। शक होने पर जब उनसे बैग खोलने को कहा गया तो दोनों घबरा गए और बैग छोड़कर भागने लगे। तत्परता दिखाते हुए आरपीएफ स्टाफ ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम उमेश पुत्र मिथुन उम्र 21 वर्ष निवासी महेशुआ थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर तथा निखिल पुत्र अमर उम्र 15 वर्ष निवासी महेशुआ थाना हनुमानगंज जिला सुल्तानपुर बताया। दोनों ने स्वीकार किया कि वे बैग में कछुए लेकर हावड़ा बेचने जा रहे थे और पकड़े जाने के डर से भागे थे। सूचना पर मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में जब सभी छह बैग खोले गए तो जूट के बोरों में छोटे-बड़े आकार के कुल 148 अवैध कछुए बरामद हुए। आरोपियों ने बताया कि वे सुल्तानपुर क्षेत्र के आसपास के नदी-तालाबों से कछुओं को एकत्र कर अधिक कीमत पर बेचने के लिए जोधपुर-हावड़ा ट्रेन से हावड़ा ले जा रहे थे।

## कौन हैं मथुरा की नई मुख्य विकास अधिकारी

**मथुरा।** 2020 बैच की आईएएस (भारतीय प्रशासनिक सेवा) अधिकारी डॉक्टर पूजा गुप्ता ने सोमवार शाम को मुख्य विकास अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने अधिकारियों से परिचय करते हुए विकास कार्यो के प्रति प्रतिबद्धता जताई। वह इससे पहले गाजियाबाद में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पद पर कार्यरत थीं। राजीव भवन स्थित सीडीओ कार्यालय में डॉक्टर पूजा गुप्ता को पीडी डीआरडीए एके उपाध्याय ने पदभार ग्रहण की औपचारिकता कराई। इसके बाद उन्होंने डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, डीडीओ गरिमा खरे आदि अधिकारियों से परिचय किया। नवागत सीडीओ ने जिले में ग्रामीण क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता जताई। सीडीओ ने कहा कि यदि किसी परियोजना या योजना में कोई रुकावट है, तो उसे अधिकारी पूरे मनोयोग के साथ दूर करें। यदि किसी को कोई समस्या हो तो मेरे पास आकर विमर्श करें और उसका समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि वह जिले में चल रहे विकास कार्यो और विकास खंडों का जल्द ही निरीक्षण करेंगी।

# ब्रज में हुंकार भरेंगे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** माघ मेला प्रकरण में शासन की भूमिका के विरोध तथा सनातन धर्म की रक्षा के लिए देशभर में उठ रही आवाज़ को और तेज करते हुए शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने शीघ्र ब्रज में आकर विशाल धर्मसभा को संबोधित करने की स्वीकृति प्रदान की है। इस संबंध में अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा एवं श्री माथुर चतुर्वेदी समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बैठक में शासन के जनविरोधी एवं धर्मविरोधी कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य संरक्षक महेश पाठक ने की। सर्वसम्मति से माघ मेला प्रकरण पर कठोर आपत्ति दर्ज करते हुए शंकराचार्य को पूर्ण समर्थन देने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके उपरांत दोनों संस्थाओं के प्रतिनिधिमंडल ने वाराणसी स्थित महाराज जी के आश्रम पहुंचकर समर्थन पत्र सौंपा। इस दौरान गौ-रक्षा, पवित्र नदियों की अविरलता, मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण तथा सनातन पर हो रहे प्रहारों जैसे गंभीर विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री पाठक के आग्रह पर पूज्य शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने ब्रज में आकर धर्मसभा को संबोधित करने की सहमति प्रदान की।

# मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को किया समापक भुगतान



अवधनामा संवाददाता

**चन्दौली।** सोमवार को शाम को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह जनवरी -2026 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये सामुदायिक भवन, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा आज डीडीयू मंडल के कुल 66 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल 33,98,65,419/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। वित्तीय प्रबंधन, बीमा, डिजिटल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गई। साथ ही अपने स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन का ध्यान देने तथा अपने आप के उत्तम जीवन लिए समय का सदुपयोग करने की बात कही गई। डीडीयू मंडल की निरंतर उपलब्धियों में सेवानिवृत हो रहे रेल कर्मियों के महत्वपूर्ण योगदान को भी इंगित किया गया।

## कुं. नरेंद्र सिंह बने पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग के सदस्य

**मथुरा।** केंद्र सरकार ने मथुरा के वरिष्ठ समाजसेवी कुंवर नरेंद्र सिंह को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन आयोग का सदस्य नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर जिले में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर सीसी क्लब की ओर से कुंवर नरेंद्र सिंह के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व सीसी क्लब के मनोज शर्मा बॉबी डेरी ने किया। कुंवर नरेंद्र सिंह लंबे समय से सामाजिक सरोकारों, पर्यावरण संरक्षण तथा जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनकी नियुक्ति से जिले सहित प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में प्रभावी कार्य होने की उम्मीद जताई जा रही है। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि उनका अनुभव और समर्पण आयोग के कार्यो को नई दिशा देगा तथा पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को मजबूती मिलेगी।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना: 57 अनुसूचित जाति बहुल गांवों का होगा समग्र विकास

अवधनामा संवाददाता



■ चयनित गांव को 20 लाख रुपए से अधिक की गैप-फिलिंग निधि उपलब्ध कराई जाएगी

**उरई (जालौन)।** सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत जनपद के उन 144 अवशेष गांवों, जिनमें 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति आबादी निवास करती है, में से 57 चयनित गांवों के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक आयोजित की गई।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत जनपद की 20 ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है, जबकि 09 गांवों में विकासात्मक कार्य वर्तमान में प्रगति पर हैं। शेष चयनित गांवों के लिए तैयार की गई ग्राम विकास योजना एवं प्रस्तावित कार्यों के आगणन को समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक चयनित गांव को 20 लाख रुपए से अधिक की गैप-फिलिंग निधि उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे उन बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाएगा जो अब तक केंद्र अथवा राज्य की अन्य योजनाओं में आच्छादित नहीं हो सकी थीं। इन क्षेत्रों पर रहेगा विशेष फोकस योजना के तहत पेयजल आपूर्ति, शौचालय निर्माण, आंतरिक संपर्क सड़कें, जल निकासी व्यवस्था, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण आवास, विद्युत एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियों में सुधार, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण एवं कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकासात्मक कार्य कराए जाएंगे।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्य गुणवत्ता, समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं, ताकि अनुसूचित जाति बहुल गांवों का एकीकृत एवं समावेशी विकास सुनिश्चित हो सके और ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ प्राप्त हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) प्रेमचंद मौर्य सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# क्या पत्रकार मजदूर भी नहीं

अवधनामा संवाददाता

■ साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन की केंद्र सरकार से बड़ी मांग



**फतेहपुर।** देशभर के लाखों पत्रकारों की बदहाल आर्थिक स्थिति को लेकर साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (रजि.) ने केंद्र सरकार से गंभीर हस्तक्षेप की मांग की है। एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्री, भारत सरकार को एक मांग-पत्र भेजकर पत्रकारों को न्यूनतम मज़दूरी, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक संरक्षण देने की अपील की गई है।

साइबर जर्नलिस्ट एसोसिएशन (सीजेए) के राष्ट्रीय महासचिव शीबू खान द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि जिला, तहसील, ब्लॉक और ग्रामीण स्तर पर कार्यरत अधिकांश लघु एवं मध्यम समाचार पत्रों के प्रतिनिधि आज भी अवैतनिक रूप से काम कर रहे हैं। दिन-रात जनता की समस्याएं उठाने वाले पत्रकार स्वयं अपने परिवार का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं। उन्हें न तो किसी तरह का वेतन मिलता है और न ही सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ। एसोसिएशन ने सवाल उठाया है कि जब सरकार मनरेगा मज़दूर को न्यूनतम मज़दूरी और काम के घंटे तय करती है, तो 24 घंटे सामाजिक ड्यूटी करने वाले पत्रकार को कम से कम मज़दूर का दर्जा क्यों नहीं दिया जा सकता? मांग-पत्र में प्रमुख रूप से न्यूनतम वेतन की गारंटी, ग्राम पंचायत स्तर तक सरकारी विज्ञापन एवं विज्ञापन कमीशन व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा के तहत पत्रकार सहित उनके परिवार को मुफ्त स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा, शिक्षा में विशेष रियायत व अन्य के साथ ही पत्रकार कल्याण कोष के माध्यम से सक्रिय पत्रकारों की आवश्यकतानुसार मदद की मांग रखी गई है। इसके आगे मार्मिक अंदाज में पत्र में यह भी कहा गया है कि जब पत्रकार की जेब खाली होती है और घर में बच्चों की भूख सामने होती है, तब निष्पक्ष पत्रकारिता करना अत्यंत कठिन हो जाता है।

# अवैध बायो-डीजल पंपों के संचालन को बंद कराने की उठाई मांग

■ उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसियेशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ जिले में बिना अनुमति एवं नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे बायो-डीजल पंपों को बंद कराए जाने की मांग उठाते हुये जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए अवैध पंपों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष विजय द्विवेदी एवं विद्यायक/डीलर कैलाश राजपूत सहित पदाधिकारियों ने डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि दिनांक 01 फरवरी को छिबरामऊ में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में जिले में अबैध रुप से बायो डीजल के नाम पर संचालित हो रहे पेट्रोल पम्पों की जॉच कराये जानें की मांग की गई है। बताया कि जिले के भाउलपुर, ईन्द्रानगर, परौर, ईजलपुर, राजपुर, लालपुर, सिकन्दरपुर सकरावा में कई बायो-डीजल पंप बिना वैध लाइसेंस, अग्नि सुरक्षा मानकों तथा आवश्यक अनुमति के संचालित किए जा रहे हैं। इससे न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि सुरक्षा की दृष्टि से भी यह गंभीर खतरा बना हुआ है। पदाधिकारियों ने कहा कि मानकों का पालन करने वाले अधिकृत पेट्रोल पंप संचालकों के साथ यह अन्याय है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अवैध बायो-डीजल की बिक्री से वाहनों की मशीनरी में भारी खराबी आ रही है। जिससे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी हो रही है। जिलाधिकारी ने संगठन के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों को जांच के निर्देश दिए जाएंगे तथा अवैध रूप से संचालित पंपों के खिलाफनियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम ट्रेडर्स संगठन जिला महामंत्री संजीव गुप्ता संजू सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# ऐप द्वारा रखें बिजली की खपत पर नजरः राजीव कुमार

■ अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने की यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप डाउनलोड करनें की अपील

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** नगर क्षेत्र में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर एवं पारदर्शी सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) द्वारा स्मार्ट मोबाइल ऐप की सुविधा शुरू की गई है। इस संबंध में अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप के माध्यम से उपभोक्ता अब अपनी बिजली खपत पर स्वयं नजर रख सकेंगे। मंगलवार को छिबरामऊ अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने बताया कि इस ऐप को अपने स्मार्ट फोन में गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर इंस्टाल कर साईन अप करें आपके कनेक्सन से लिंक माबाईल नंबर पर ओटीपी आयेगा। जिसके बाद ऐप को एक्सप्लोर करें और घर बैठे प्रतिदिन, साप्ताहिक एवं मासिक बिजली खपत का विवरण आसानी से देख सकते हैं। साथ ही बिल की जानकारी, भुगतान की स्थिति, पिछले बिलों का रिकॉर्ड एवं बकाया राशि की जानकारी भी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। ऐप के जरिए ऑनलाइन बिल भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे उपभोक्ताओं को दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अधिशासी अभियंता ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की कि वे यूपीपीसीएल स्मार्ट ऐप को अपने मोबाइल में डाउनलोड कर इसका अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे न केवल बिजली की खपत पर नियंत्रण रखा जा सके, बल्कि समय और धन की भी बचत हो सके।

# विपिन चौरसिया बनें जिलाध्यक्ष, बोले किसानहित में करूंगा कार्य

**अवधनामा संवाददाता**



■ जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** जय जवान जय किसान लोक शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. सत्यभान चौहान के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा द्वारा संगठनात्मक विस्तार के तहत नगर निवासी विपिन चौरसिया को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर दोनों पदाधिकारियों ने विपिन चौरसिया को मनोनयन पत्र सौंपते हुए संगठन की नीतियों और उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने की अपेक्षा जताई। मंगलवार को नगर के तिर्वारोड स्थित एक गेस्टहाउस में आयोजित सभा में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष/ सभासद विपिन चौरसिया को मनोनयन पत्र सौंपनें के उपरान्त राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. सत्यभान चौहान ने कहा कि विपिन चौरसिया जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने की क्षमता रखते हैं और किसानों, जवानों व आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएंगे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि संगठन को जिले में नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी तथा सदस्यता अभियान को गति दी जाएगी। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन चौरसिया ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने, किसानों के हितों की रक्षा करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा।

इस मौके पर सभासद जीतू गुप्ता, शिवा गुप्ता, सुनील राठौर, अशोक बाल्मीकि, नितिन चौरसिया, सचिन चौरसिया, राजा खॉन, मोहसिन खॉन, अभिषेक गुप्ता, विक्की शर्मा, आकाश, आशीष चौरसिया सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भव्य सुंदरकांड के दौरान भाव विभोर हुये श्रद्धालु



**अवधनामा संवाददाता**

■ विद्यायिका, चेयरमैन, सीएमओ व स्वास्थ्य अधिकारियों ने किया प्रसाद ग्रहण

**कन्नौज।** प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. शरद दुबे की पुत्री मन्नत का प्रथम जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बजरंगबली का सुंदरकांड पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसका वाचन प्रसिद्ध सुंदरकांड वाचक अरुण पंडित द्वारा किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के उदघोष लगाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

मंगलवार को सिकन्दरपुर में आयोजित सुंदरकांड पाठ में आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की और भक्तिमय वातावरण में बजरंगबली की आराधना की। पाठ एवं भजन-कीर्तन के उपरांत सायंकाल भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, डिप्टी सीएमओ डॉ. अजहर सिद्दीकी, अपर शोध अधिकारी मंजुल, सिन्दरपुर चेयरमैन हरिहर सिंह, पूर्व चेयरमैन रजनीकांत दुबे, प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के समस्त चिकित्सकगण एवं स्टाफ साथ ही कानपुर नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## जनजागरूकता अभियान /मेगा इवेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**आजमगढ़।** आजमगढ पुस्तक मेला के आयोजन के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ की ओर से बेटी-बचाओं, बेटी पढाओं योजनान्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत की थीम पर आज हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में जनजागरूकता अभियान/मेगा इवेन्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन्दना सिंह उपस्थित रहीं। विभाग की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल विवाह, बाल अपराध के मुद्दे पर स्कूल की छात्राओं द्वारा गायन एवं नाट्य के माध्यम से जन जागरूकता अभियान किया गया है। मुख्य अतिथि एवं विभाग की ओर से उपस्थित अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्जवलन कर उपस्थित लोगों को संबोधित किया गया। विभिन्न विद्यालयों से उपस्थित छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, नूक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक गायन का कार्यक्रम भी किया गया है। मुख्य अतिथि महोदया वन्दना सिंह, मुख्य कोषाधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, नोडल मेडिकल ऑफिसर रस्मि सिन्हा, महिला पुलिस उपनिरीक्षक अंकिता शुक्ला के द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत शपथ लिया गया तथा बाल विवाह मुक्त भारत हस्ताक्षर अधियान के अन्तर्गत हस्ताक्षर किया गया।

# न्यायिक कार्य करने के दौरान अधिवक्ताओं का सहयोग अनुकरणीय : न्यायमूर्ति

■ न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव के सेवानिवृत्त होने पर बार एसोसिएशन ने दी विदाई

**अवधनामा संवाददाता**




**प्रयागराज।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायाधीश न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। अंतिम कार्य दिवस पर आज हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के ऐतिहासिक लाइब्रेरी हाल में आयोजित समारोह में न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव को विदाई दी गई। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डे, महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और कुबेर का पौधा भेंटकर स्वागत और अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव ने बार एसोसिएशन के सदस्यों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुझे अत्यंत सुखद अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जनपदों की बार एसोसिएशन से कुछ न कुछ सीखने का मौका मिला था।आज मैं जो कुछ भी हूं, यह आप सभी की वजह से हूं। मैंने यह महसूस किया है कि जनपद न्यायालय अनजाने लोगों का समूह नही है, यहां सभी अपने हैं। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पाण्डे बबुआ ने कहा कि न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव अधिवक्ताओं के बीच बहुत ही लोकप्रिय रहे हैं। न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव अपने निर्णयों से जाने जाते रहे हैं। महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने कहा कि न्यायमूर्ति नलिन कुमार श्रीवास्तव के बारे में जितनी प्रशंसा की जाए उतना कम है। न्यायिक कार्य सम्पादित करने के दौरान न्यायमूर्ति ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को एक समान सुनकर हमेशा निर्णय पारित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार द्विवेदी, उपाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, विवेक मिश्र, राज कुमार त्रिपाठी, हनुमान प्रसाद मिश्र, दिनेश वरूण, संयुक्त सचिव प्रशासन बैरिस्टर सिंह, संयुक्त सचिव प्रेस रामेश्वर दत्त पाण्डेय, संयुक्त सचिव महिला बिन्दु कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजनी कुमार मिश्र, कार्यकारिणी सदस्य अंजली सिंह तोमर, कनक कुमार त्रिपाठी, दिवांशु तिवारी, बलदेव शुक्ल, अभिषेक तिवारी, तृप्ति यादव, आरती गुप्ता, अखण्ड प्रताप त्रिपाठी, गया प्रसाद मिश्र, गिरीश चन्द्र शुक्ला, अनिरूद्ध सिंह, अवनीश चन्द्र त्रिपाठी, कृष्ण मोहन पाण्डेय, मनीष द्विवेदी, ज्ञानेंद्र सिंह, सौरभ मिश्र आदि उपस्थित रहे। यह जानकारी संयुक्त सचिव प्रेस रामेश्वर दत्त पाण्डेय आरडी ने दी है।

## पत्रकार को मातृ शोक

**खुटहन (जौनपुर)/अवधनामा संवाददाता।** लवायन गांव निवासी inext दैनिक जागरण के पत्रकार रिंकू उपाध्याय की बड़ी मां मुन्नी देवी का मंगलवार को उनके पैतृक आवास पर निधन हो गया उनके निधन की खबर लगते ही शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने के लिए लोगों का तांता लग गया। वे लंबे समय से बिमार चल रही थी उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद पिलकिछा घाट पर किया गया मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अरबिंद उपाध्याय ने दी

## राहुल, अखिलेश, ममता, तेजस्वी सत्ता वियोग में व्याकुल : केशव प्रसाद मौर्य

**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी और तेजस्वी यादव सत्ता वियोग में व्याकुल लोग हैं। ये सत्ता के बिना राजनीति नहीं कर सकते क्योंकि सेवा इनके संस्कार में नहीं और सत्ता इनको मिलने वाली नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य निर्धारित किया है। पूरा विश्वास है कि भारत 2047 तक विकसित बन जाएगा और उत्तर प्रदेश भी। विपक्ष पर हमला बोलते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि सत्ता विहीन लोग फर्जी आरोप लगाकर फर्जी राजनीति करते हैं और अब इनकी दुकान चलने वाली नहीं है।

## निर्भय के शतक से ट्रिपल आईटी क्लब फाइनल में



**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** ट्रिपल आईटी क्लब ने इंडियन क्लब को 255 रन से हराकर रिपब्लिक डे सेलिब्रेशन क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली। इस जीत में निर्भय सिंह ने शतकीय पारी (111 नाबाद, 47 गेंद, 14 चौके, छह छक्के) खेली। लूकरगंज मैदान पर मंगलवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में ट्रिपल आईटी क्लब ने 30 ओवर में 7 विकेट पर 356 रन (निर्भय सिंह 111 नाबाद, देव सिंह 82, बशर 54, कृष्ण यादव 38, अमन यादव 25, संदीप आनंद 4/44, यश आनंद व रवि कुमार एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में इंडियन क्लब की टीम 18.1 ओवर में 101 रन (मोहित 23, अभिजीत त्रिपाठी 17, शिवा मिश्रा 4/27, अभिषेक 2/12, पार्थ, विवेक कुमार व अनुज रावत एक-एक विकेट) पर सिमट गई। निर्भय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## किड्स प्रयागराज क्लब की जीत में रंजन चमके



**प्रयागराज/अवधनामा संवाददाता।** किड्स प्रयागराज क्लब ने भानु प्रताप सिंह क्लब को एक विकेट से हराकर अमृत लाल भारतीय अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। इस जीत में रंजन भारती (17 रन एवं चार विकेट) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में भानु प्रताप क्लब ने 24 ओवर में 113 रन (अंकुर यादव 34, अमित यादव 25, रंजन भारती 4/11, अंकुश सिंह 3/21) बनाए। जवाब में किड्स प्रयागराज क्लब ने 26 ओवर में 9 विकेट पर 114 रन (चित्रांश श्रीवास्तव 27, रंजन भारती 17 अंकुश सिंह 15 नाबाद, शिव गौतम 3/15, रूद्रवंश त्रिपाठी 3/37, अंशुमान पटेल 2/21) बना लिए। रंजन भारती को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## सखी वन स्टॉप सेंटर का राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने किया निरीक्षण

**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर जनपद आजमगढ़ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित मिली। सदस्य द्वारा अल्पवास में आवासित पीड़िताओं से वार्ता किया गया तथा उन्हें निर्देश दिया गया कि जब तक आपकी उम्र 20 साल ना हो जाए, तब तक आपको गलत कदम नहीं उठाना है तथा बालिक/महिलाओं को यह निर्देश दिया गया कि मां-बाप इनकी इच्छा के बिना जबरदस्ती उनकी शादी का चयन नहीं कर सकते हैं। महोदया द्वारा कड़ा निर्देश दिया गया कि अगर मां-बाप जबरदस्ती रिस्ता तय करते हैं, तो उनके खिलाफ भी मुकदमा होना चाहिए। साफ सफाई सही तरीके से पाई गई। समस्त स्टॉप उपस्थित पाए गए। महोदया द्वारा वन स्टॉप सेंटर आजमगढ़ के बारे में काफी सराहना की गई।

## महिलाओं को शिक्षित कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें - ममता कुमारी

**आजमगढ़/अवधनामा संवाददाता।** कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी द्वारा आजमगढ़ मंडल के तीनों जनपद आजमगढ़, मऊ एवं बलिया से आई हुई महिलाओं की जनसुनवाई की गई। समस्याओं को सुनकर त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। ममता कुमारी ने कहा कि भारत सरकार महिलाओं से संबंधित योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पूरी संवेदनशीलता के साथ सुरक्षा दें तथा उन्हें शिक्षित कर आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करें, ताकि उनकी समाज में अधिक से अधिक भागीदारी हो। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग महिलाओं को किसी भी दशा में शाम को थाने पर ना बुलाए। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस के अधिकारी किसी मामले में महिलाओं के घर जाते हैं तो अपने साथ महिला पुलिसकर्मी को लेकर वहां के प्रधान या किसी जिम्मेदार व्यक्ति को अपने साथ ले जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं से संबंधित बहुत से प्रकरण आयोग के सामने आते हैं, जिससे यह साबित हो रहा है कि यहां की महिलाएं शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हैं।

# मिशन शक्ति केन्द्र में दो विवादों में कराई सुलह

■ मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत काउंसिलिंग कराकर सकुशल रवाना किया

**अवधनामा संवाददाता**



**गुरसहायगंज, कन्नौज** मिशन शक्ति अभियान फेज 0.5 के तहत नगर निवासी दंपति सहित एक अन्य विवाद को लेकर स्थानीय कोतवाली में नवस्थापित महिला शक्ति केन्द्र में काउंसिलिंग कराकर दोनों पक्षों के बीच चल रहे आपसी विवाद को सुलझाने के लिए महिला पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों की सहमति से समझौता कराया गया। मंगलवार को स्थानीय कोतवाली मिशन शक्ति अभियान प्रभारी सीपी तिवारी के नेतृत्व में महिला हेड कॉन्स्टेबल शशिबाला व महिला कांस्टेबल सीमा भदौरिया द्वारा आवेदिका रिजवाना वेगम पत्नी कासिम निवासी मोहल्ला दिलशाद नगर के प्रार्थना पत्र पर आवेदिका के पति कासिम को बुलबाकर समझा बुझा कर काउंसलिंग कराकर समझौता कराया गया। जबकि ग्राम मरहरिया निवासी रागिनी देवी पुत्री रामदास के प्रार्थना पत्र पर विपक्षी सलमान के परिवारीजनों बहनोई अरशद पुत्र सत्तार खॉन को बुलाकर समझाया बुझाया और 3000 रुपये रागिनी को दिलवाकर दोनों पक्षों में समझौता कराने के उपरान्त सकुशल रवाना किया। इस दौरान महिला हेड कांस्टेबल शशिबाला ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को केवल कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर परिवारिक विवादों को आपसी संवाद से सुलझा कर सकुशल रवाना किया जा रहा है।

## प्रयागराज छिवकी जंक्शन पर चलाया गया सघन टिकट चेकिंग अभियान

**प्रयागराज।** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक प्रयागराज, हरिमोहन के नेतृत्व में यात्रियों को उच्च स्तरीय सेवा प्रदान एवं बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा यात्रियों को रेल नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रयागराज मंडल द्वारा प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर किलेबंदी कर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। मंडल वाणिज्य प्रबंधक/प्रयागराज, अंकित अग्रवाल के सुपरविजन में प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर किलेबंदी कर सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया गया। इस अभियान के दौरान कुल 255 यात्रियों को प्रभारित कर 1,64,740 /- रुपये का जुर्माना वसूला गया । इनमें बिना टिकट यात्रा करने वाले 85 यात्रियों से 82,040 /-, अनियमित यात्रा करने वाले 166 यात्रियों से 82300 /- एवं गंदगी फैलाने वाले 4 यात्रियों से ?400/- जुर्माना वसूला गया ।

# कृषक भ्रमण दल को हरी झंडी दिखाकर सीडीओ ने किया रवाना

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) योजनान्तर्गत आज राज्य के बाहर कृषकों का प्रशिक्षण दल गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उद्धमसिंह नगर उत्तराखण्ड तथा सीमैप नगला उत्तराखण्ड, उत्तराखण्ड बीज विकास निगम हल्दी भेजा गया। उप कृषि निदेशक आजमगढ़ द्वारा बताया गया कि प्रशिक्षण दल में जनपद के 66 प्रगतिशील कृषकों, पशुपालकों, मत्स्य एवं बकरी पालकों तथा अन्य कृषि संवर्गीय उद्यमियों को सम्मिलित किया गया है, जिससे वे उन्नत तकनीकी की जानकारी प्राप्त कर अपनी आय में गुणोत्तर वृद्धि कर सकें तथा अपने सम्पर्क में आने वाले कृषकों एवं उद्यमियों को भी उन्नत तकनीकी का हस्तानान्तरण कर सकें। भ्रमण दल के कृषक/ पशुपालक दिनांक-04/02/2026 से 10/02/2026 तक विभिन्न संस्थानों पर भ्रमण करते हुए ज्ञान प्राप्त करेंगे। इसके अतिरिक्त जनपद के 102 कृषकों का भ्रमण दल दिनांक-04/02/2026 से 08/02 /2026 तक भ्रमण हेतु आईआईएसआर लखनऊ, सीमैप लखनऊ, पद्म श्री रामसरण वर्मा का फार्म बाराबंकी, एक्सीलेन्स सेण्टर अयोध्या, कृषि विज्ञान केन्द्र मसौधा अयोध्या हेतु प्रस्थान किया। भ्रमण दल को श्री परीक्षित खटाना आईएएस मुख्य विकास अधिकारी, आजमगढ़ द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से गोपाल दास गुप्ता संयुक्त कृषि निदेशक, शम्भू नाथ सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ, डा0 सीएल शर्मा प्रभारी उप परियोजना निदेशक (आत्मा) आजमगढ़ उपस्थित रहे।

# यूपी बार काउंसिल चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं के बीच हुई थी मारपीट

■ दोनों पक्षों ने दर्ज कराया मुकदमा

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** यूपी बार काउंसिल के चुनाव के दौरान अधिवक्ताओं के बीच हुई मारपीट के मामले में आखिरकार मुकदमा दर्ज हो गया है। बार काउंसिल के प्रत्याशी देवेंद्र मिश्रा नगरहा और श्रद्धा शुक्ला पक्ष की ओर से एफआइआर लिखी गई है। सिविल लाइंस पुलिस मामले की जांच कर रही है। चुनाव के दौरान ही दो पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज करने और मारपीट का आरोप लगाते हुए सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया गया कि सोमवार को चुनाव के दौरान चुनावी रंजिश को लेकर मारपीट करते हुए धमकी दी गई। सिविल लाइन्स इंस्पेक्टर राम आसरे ने कहा कि महिला वकील और दूसरे पक्ष के वकीलों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वकीलों का आपसी विवाद है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि चौथे चरण में यूपी बार काउंसिल का प्रयागराज में भी चुनाव में चार दिन तक मतदान किया गया। यहां 30 जनवरी से दो फरवरी तक मतदान संपन्न हुआ था। इसमें मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मतों का प्रयोग किया था। यूपी बार काउंसिल चुनाव में 333 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें प्रदेश के कुल 2 लाख 49 हजार वोटर मतदान करेंगे। प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करते नजर आए। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पहली बार प्रयागराज में करीब 33 हजार अधिवक्ताओं को चार दिनों में मतदान का अवसर दिया गया है।

# मुकेश बारा और प्रदीप करछना के आसपा विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) का बढ़ता हुआ जनाधार जो सामाजिक न्याय, समानता और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए सतत एक मज़बूत जन आंदोलन का स्वरूप ले रहा है। जिसका उद्देश्य समतामूलक समाज की स्थापना करना है जहां हर वर्ग को बराबरी और सम्मान मिले उक्त बाते करछना विधानसभा में आजाद समाज पार्टी की विधानसभा कार्यकारिणी के गठन हेतु बैठक जिला अध्यक्ष भोला नाथ पटेल की अध्यक्षता में की गई।

एक ओर जहां यह बैठक 25 फरवरी को जौनपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष आसपा नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद का आगमन और रैली को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई तो वहीं विधानसभा बारा से मुकेश पासी और विधानसभा करछना से प्रदीप पटेल को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त कर संगठन में भाईचारा बनाकर संगठन को सेक्टर बूथ स्तर पर मजबूत कर विस्तार करने पर जोर दिया गया। बारा विधानसभा के वार्ड शंकरगढ़ के दुबहा निवासी रवि शंकर भारतीया तथा अनिकेत कुमार बिंद को विधानसभा महामंत्री बनाया गया।

उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज सदस्य आसपा बैठक को संबोधित करते हुए आसपा समर्थकों और पदाधिकारियों को बताया कि पार्टी की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। बूथ स्तर पर सभी साथियों को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए एक पदाधिकारी होते हुए भी एक कार्यकर्ता की भांति बूथ जीतो, चुनाव जीतो के मंत्र पर काम करना होगा।

आसपा से जिला पंचायत का चुनाव लड़ने के लिए दो उम्मीदवारो में वार्ड संख्या 61 से दिलीप कुमार पाल, वार्ड संख्या 62 से भगवान प्रसाद बिंद ने अपने अपने आवेदन प्रस्तुत किए है। बैठक में जिलाध्यक्ष भोलानाथ पटेल के साथ सुशांत अम्बेडकर, सुनील कुमार, लाल महेन्द्र चौधरी, दिलदार जाटव, अनिल कुमार वर्मा, रवि पाल, रिंकू गौतम, राहुल कुशवाहा, भगवान प्रसाद बिंद, पवन कुमार गौतम के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## रुद्र ने विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल को जिताया

**प्रयागराज।** रुद्र प्रताप सिंह की हरफनमौला खेल (66 रन नाबाद, 76 गेंद, 11 चौके एवं एक विकेट) की बदौलत विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब को 9 विकेट से हराकर डॉ. डीएन तिवारी स्मृति अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर मंगलवार को खेले गए मैच में कैंटोनमेंट बोर्ड क्लब ने 30 ओवर में 8 विकेट पर 144 रन (मोहम्मद फैज 54, शिवम यादव 22, आर्यन यादव 17, आयुष 16, आर्यमान ओझा 15 नाबाद, अवनीश सिंह 3/21, अर्णव गर्ग 2/17, रुद्र प्रताप व प्रियम सिंह एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने 24.4 ओवर में एक विकेट पर 145 रन (रुद्र प्रताप 66 नाबाद, कार्तिकेय सिंह 54 नाबाद, अर्पित यादव 1/19) बना लिए। रुद्र प्रताप को एजीयूपी के कल्याण सहायक एवं पूर्व क्रिकेटर अस्करी अब्बास ने मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राजू नटेसन ने स्मृति चिन्ह देखकर उनका स्वागत किया। प्रतियोगिता में बुधवार को जैदी इंडोर क्लब का मुकाबला चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब से होगा।

# कर्दाशियन के पास हैमिल्टन से 27 गुना ज्यादा संपत्ति, अंतर चौंका देगा




**पेरिस।** फॉर्मूला-1 के सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन का नाम इससे पहले कई चर्चित हस्तियों के साथ जुड़ चुका है। अब किम कर्दाशियन के साथ उनकी हालिया डेटिंग की अटकलों ने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। आइए दोनों की कुल संपत्ति के बारे में जानते हैं.... रियलिटी टीवी स्टार और बिजनेसवुमन किम कर्दाशियन और फॉर्मूला-1 के दिग्गज ड्राइवर और सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन की डेटिंग की अटकलें चर्चा में है। ऐसा बताया जा रहा है कि दोनों चोरी छिपे साथ में समय बिता रहे हैं। इंग्लैंड में क्वालिटी टाइम बिताने के बाद दोनों पेरिस में एक ही होटल में जाते दिखे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने पेरिस के लग्जरी सुइट में साथ में समय बिताया। दोनों की संपत्ति में जमीन-आसमान का अंतर है। फोर्ब्स के आंकड़ों के मुताबिक, किम कर्दाशियन की संपत्ति लुई हैमिल्टन से 27 गुना ज्यादा है। दोनों की संपत्ति में अंतर करीब 16,744 करोड़ के आसपास है। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि दोनों के पास कितनी संपत्ति है और किस तरह का जीवन जीते हैं। 41 वर्षीय लुईस हैमिल्टन फॉर्मूला वन के दिग्गज रेसर हैं। रेसिंग के अलावा फैशन और सोशल एक्टिविज्म की दुनिया में भी उनका खासा प्रभाव है। उनके योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें 2021 में नाइटहुड से नवाजा गया था। लुईस हैमिल्टन का नाम इससे पहले कई चर्चित हस्तियों के साथ जुड़ चुका है, जिनमें सिंगर निकोल शेर्जिंगर, पॉप स्टार शकीरा और एक्ट्रेस सोफिया वर्गारा शामिल हैं। अब किम कर्दाशियन के साथ उनकी हालिया मौजूदगी ने फैंस की उत्सुकता और बढ़ा दी है। लुईस हैमिल्टन ने 2020 में फॉर्मूला-1 ड्राइवर्स टाइटल जीतकर महान ड्राइवर माइकल शूमाकर के रिकॉर्ड सात वर्ल्ड चैंपियनशिप के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। इसके बाद 2021 में वह बेहद करीबी अंतर से एक और खिताब जीतने और रिकॉर्ड बनाने से चूक गए।

# भारत एशियाई ओलंपिक क्वालिफाइंग निशानेबाजी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, अगले साल होगा टूर्नामेंट

**आयोजन**

**पत्र में कहा गया है, हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।**



**नई दिल्ली।** एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार ने कहा, %यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे। भारत अगले साल दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप (राइफल/पिस्टल) की मेजबानी करेगा, जिसमें 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान दांव पर लगे होंगे। यह भारतीय निशानेबाजी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी क्योंकि वह पहले ही एक अन्य ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी हासिल कर चुका है। एशियाई प्रतियोगिता में ओलंपिक के लिए आठ स्थान अगले वर्ष 21 से 30 अप्रैल तक दिल्ली में होने वाले विश्व कप (राइफल/पिस्टल/शॉटगन) में उपलब्ध 12 कोटा स्थानों के अतिरिक्त होंगे। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखे पत्र में इसकी पुष्टि की। एनआरएआई ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली में होगा और इसकी तिथियों को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। एशियाई निशानेबाजी परिसंघ ने पत्र में कहा, हम भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ को एशियाई राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी हासिल करने पर बधाई देते हैं, जहां लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए आठ कोटा स्थान वितरित किए जाएंगे। पत्र में कहा गया है, हमें पूरा विश्वास है कि आपके (एनआरएआई) नेतृत्व में चैंपियनशिप का आयोजन उच्चतम मानकों के अनुरूप होगा और यह एक सफल प्रतियोगिता साबित होगी।

एनआरएआई के महासचिव पवनकुमार ने कहा, यह ऐतिहासिक अवसर होगा जबकि भारत दो ओलंपिक कोटा प्रतियोगिताओं की मेजबानी करेगा और हमें इस पर बहुत गर्व है। हम नई दिल्ली में करणी सिंह रेंज में आईएसएसएफ विश्व कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन (21-30 अप्रैल) और राइफल एवं पिस्टल में एशियाई चैंपियनशिप की मेजबानी करेंगे।

## टाटा स्टील मास्टर्सः उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव बने विजेता

**नई दिल्ली।** उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने खराब फॉर्म से जूझ रहे अर्जुन एरिगेसी को हराकर सोमवार को टाटा स्टील मास्टर्स का खिताब जीता। वहीं, विश्व चैंपियन डी गुकेश संयुक्त आठवें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। गुकेश ने अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट केमर से ड्रॉ खेला और 6.5 अंक के साथ भारतीय खिलाड़ियों के बीच शीर्ष स्थान हासिल किया।

आर प्रज्ञानंदा ने भी नीदरलैंड के जोर्डन वैन फोरेस्ट के साथ ड्रॉ खेला और 5.5 अंक के साथ टूर्नामेंट खत्म किया। अगर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से पहले इस प्रदर्शन को देखें तो भारतीय खिलाड़ी को सुधार करना होगा। एरिगेसी को रेटिंग के मामले में सबसे अधिक नुकसान हुआ क्योंकि उन्होंने 29 अंक गंवा दिए और विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर हो गए।

# टीम इंडिया पसंदीदा, पर कागजों पर कौन है सर्वश्रेष्ठ



**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप को लेकर कयासों का बाजार गर्म हो चुका है। फैंस जानना चाहते हैं कि कौन सी टीम मजबूत है और कौन आंकड़ों में हावी है। इसी कड़ी में हम आपको वो आठ मापदंड बता रहे हैं, जिसके आधार पर हमने टीमों की तुलना की और जाना कि उनमें कौन सी टीम सबसे मजबूत है।

टी20 विश्व कप के 10वें संस्करण की शुरुआत सात फरवरी से होने जा रही है। कुल 20 टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। बांग्लादेश के बाहर होने और पाकिस्तान के ड्रामे के बीच यह टूर्नामेंट सुर्खियों में है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को कोलंबो में होने वाले ग्रुप मैच को खेलने से इनकार कर दिया है। पाकिस्तान को शायद भारत के खिलाफ विश्व कप में एक और हार का डर सता रहा है, यही वजह है कि उसने मैच के बहिष्कार का रास्ता चुना।

भारतीय टीम ने 2024 में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था और इस बार डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में उतरेगी। टीम इंडिया टी20 में विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक है। पाकिस्तान को उसने वनडे और टी20, दोनों तरह के विश्व कप को मिलाकर 16 में से 15 बार हराया है और सिर्फ एक बार भारतीय टीम को हार मिली है। भारत उन तीन टीमों में शामिल है, जिसने टी20 विश्व कप दो-दो बार जीते हैं। टीम इंडिया के अलावा इस लिस्ट में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज हैं। इतना ही नहीं, भारत के पास टी20 में सबसे ज्यादा बार 200 या इससे ज्यादा के स्कोर बनाने का भी रिकॉर्ड है। अब तक खेले जा चुके नौ संस्करणों में तीन टीमों ने दो-दो बार खिताब जीता है। इनमें वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और भारत शामिल हैं। टीम इंडिया मौजूदा डिफेंडिंग चैंपियन भी है। भारत ने 2024 के टी20 विश्व कप फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरा खिताब अपने नाम किया था। अब तक छह अलग-अलग टीमें टी20 विश्व कप का खिताब जीत चुकी हैं। इनमें वेस्टइंडीज एकमात्र ऐसी टीम है, जिसने कभी भी टी20 विश्व कप का फाइनल नहीं हारा है।

वहीं भारत और इंग्लैंड को एक-एक बार फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान और श्रीलंका की टीमें दो-दो बार फाइनल हार चुकी हैं। इस तरह फाइनल हार के लिहाज से देखें तो वेस्टइंडीज, भारत और इंग्लैंड संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं, जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका दूसरे स्थान पर मौजूद हैं। आदर्श रूप से क्रिकेट को बल्ले और गेंद के बीच संतुलन का खेल माना जाता है, लेकिन टी20 क्रिकेट आधुनिक दौर का ऐसा प्रारूप बन चुका है, जहां बल्लेबाजों का दबदबा साफ तौर पर नजर आता है। लगातार छक्के लगाना और बड़े स्कोर खड़े करना अब किसी भी मजबूत टीम की पहचान बन चुका है।

टी20 क्रिकेट में इस पैमाने पर भी टीम इंडिया सबसे आगे है। भारत ने अब तक 46 बार 200 या उससे अधिक रन का स्कोर खड़ा किया है। इतना ही नहीं, भारतीय टीम चार बार 250 से ज्यादा रन भी बना चुकी है, जो उसकी आक्रामक बल्लेबाजी की ताकत को दर्शाता है।

दुनिया की कोई भी दूसरी टीम 200 से ज्यादा रन 30 बार भी नहीं बना सकी है। इस सूची में दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका ने 28-28 बार 200+ का आंकड़ा पार किया है। वहीं वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की टीम सिर्फ दो-दो बार ही 250 से अधिक रन बनाने में सफल रही हैं।

क्रिकेट में पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा करना अक्सर आसान माना जाता है, क्योंकि उस समय स्कोरबोर्ड का दबाव नहीं होता, लेकिन दूसरी पारी में बड़े लक्ष्य का पीछा करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है। इस पैमाने पर भी टीम इंडिया सबसे आगे नजर आती है। भारत के खिलाफ 16 बार 200 से ज्यादा रन का लक्ष्य रखा गया। इन मुकाबलों में मेन इन ब्लू ने 10 बार 200+ रन बनाए और इनमें से रिकॉर्ड आठ मैच जीतने में सफलता हासिल की।

यह आंकड़ा दबाव में शानदार प्रदर्शन करने की भारतीय टीम की क्षमता को दर्शाता है। भारत के बाद इस सूची में ऑस्ट्रेलिया का नाम आता है, जिसने सात बार 200+ लक्ष्य का सफल पीछा किया है। वहीं दक्षिण अफ्रीका ने छह बार 200 से ज्यादा रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया है।

## पेरिस के होटल में जाते दिखे लुईस हैमिल्टन और किम कर्दाशियन




**पेरिस।** किम कर्दाशियन और लुईस हैमिल्टन को पेरिस के एक होटल में लगभग साथ पहुंचते हुए देखा गया, जिसके बाद दोनों के डेटिंग में होने की अटकलें तेज हो गई हैं। इंग्लैंड में साथ समय बिताने, पेरिस की तस्वीरों और वीडियो ने इन चर्चाओं को और मजबूत किया है। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी रिश्ते को लेकर आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

रियलिटी टीवी स्टार और बिजनेसवुमन किम कर्दाशियन और फॉर्मूला वन के दिग्गज ड्राइवर और सात बार के चैंपियन लुईस हैमिल्टन को हाल ही में पेरिस में एक ही होटल में पहुंचते हुए देखा गया है। इस घटना के बाद दोनों के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में चर्चाएं तेज हो गई हैं। पेरिस में उनकी यह मौजूदगी इंग्लैंड में साथ समय बिताने के कुछ ही दिनों बाद सामने आई है, जिसने इन अटकलों को और हवा दे दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ड्यूक्यमोई द्वारा साझा की गई तस्वीरों में किम और हैमिल्टन को पेरिस में होटल के बाहर देखा गया। दोनों ने खुद को लो-प्रोफाइल रखने की कोशिश की। किम कर्दाशियन काले रंग के ट्रेंच कोट और बड़े सनग्लासेस में नजर आईं, जबकि लुईस हैमिल्टन ऑल-ब्लैक आउटफिट के साथ ग्रे शॉल में दिखाई दिए। वहीं, टीएमजेड द्वारा जारी एक वीडियो में दोनों को होटल में अलग-अलग लेकिन कुछ ही मिनटों के अंतर से प्रवेश करते हुए देखा गया। पहले किम होटल में गईं और थोड़ी देर बाद हैमिल्टन वहां पहुंचे। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक, पेरिस पहुंचने से पहले किम और लुईस को इंग्लैंड में साथ देखा गया था। दोनों कथित तौर पर यूके से एक प्राइवेट जेट के जरिए रवाना हुए थे, जहां उन्होंने वीकेंड साथ बिताया। वहीं, पेज सिक्स ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि दोनों कोट्सवॉल्ड्स स्थित लग्जरी प्रॉपर्टी एस्टेल मेनोर में ठहरे थे। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया कि यह स्टे बेहद रोमांटिक था।

# 'तुम्हें हीरोइन का रोल नहीं मिलेगा', नीना गुप्ता ने बेटी मसाबा को एक्ट्रेस बनने से किया था मना




**मुंबई।** नीना गुप्ता ने बताया कि आखिर क्यों उन्होंने बेटी मसाबा से कहा था कि वो हीरोइन नहीं बन सकती। साथ ही इंडस्ट्री की कड़वी सच्चाई के बारे में भी दी सलाहज

अभिनेत्री नीना गुप्ता इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'वध 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म के प्रमोशन में जुटीं नीना गुप्ता ने हाल ही में बताया कि एक समय उनकी बेटी मसाबा गुप्ता भी अभिनेत्री बनना चाहती थीं। लेकिन नीना ने मसाबा को इंडस्ट्री के बारे में कुछ ऐसा बता दिया और उन्हें एक्ट्रेस बनने के सपने देखने से मना कर दिया। हालांकि, बाद में मसाबा का काम देखकर नीना खुद हैरान रह गईं। एएनआई के साथ बातचीत के दौरान नीना ने मसाबा की बॉलीवुड में मुख्य अभिनेत्री बनने की ख्वाहिशों को याद किया। नीना ने बताया कि यह उसका फैसला नहीं था। बस हो गया। हालात ऐसे थे। मसाबा अपने आसपास के लोगों से प्रभावित थीं, जो इसी तरह की महत्वाकांक्षाएं रखते थे। मैंने उससे कहा, देखो तुम्हारा चेहरा ऐसा है, तुम्हारा शरीर ऐसा है। तुम्हें किसी हिंदी फिल्म की हीरोइन का रोल नहीं मिलेगा, क्योंकि तुम वैसी नहीं दिखती हो। यह सच है। तुम उस दौर की किसी हिंदी फिल्म की हीरोइन जैसी नहीं दिखती हो। नीना गुप्ता ने बताया कि उन्होंने मसाबा को प्रोफेशनल एक्टिंग ट्रेनिंग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कैरेक्टर वाले किरदार करने के लिए प्रोत्साहित किया। नीना की यह सलाह तब निर्णायक साबित हुई जब मसाबा ने नेटफ्लिक्स की सीरीज %मसाबा मसाबा% से अभिनय की शुरुआत की। इसमें उन्होंने अपनी मां के साथ खुद के एक काल्पनिक संस्करण की भूमिका निभाई। नीना ने स्वीकार किया कि बेटी के अभिनय से वह बेहद भावुक हो गईं। उन्होंने कहा कि उसका अभिनय देखकर मेरी आंखों में आंसू आ गए। वह बहुत अच्छी अभिनेत्री है। उसका अभिनय बेहद स्वाभाविक है। मैं दंग रह गई। वह बिल्कुल एक पेशेवर की तरह थी।

# क्या रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर द रिवेंज में हुई यामी गौतम की एंट्री

**दर्शक**

**यामी ने इस रोल के लिए लगभग 5 दिन की शूटिंग की है। हालांकि ये कैमियो है, लेकिन ये इतना खास और सरप्राइजिंग होगा कि दर्शक चौंक जाएंगे।**




**मुंबई।** द रिवेंज 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म का टीजर जारी हो चुका है, लेकिन लोगों ने इसकी काफी आलोचना की, क्योंकि इसमें पहले भाग के क्लाइमेक्स सीन ही यादा दिखाए गए हैं। वहीं ताजा जानकारी के अनुसार धुरंधर के सीक्वल में यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं? पिंकविला की एक खबर के अनुसार, यामी गौतम धुरंधरः द रिवेंज में एक खास कैमियो रोल में नजर आएंगी। उनका किरदार एक्शन से भरपूर और कहानी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा। यामी ने इस रोल के लिए लगभग 5 दिन की शूटिंग की है। हालांकि ये कैमियो है, लेकिन ये इतना खास और सरप्राइजिंग होगा कि दर्शक चौंक जाएंगे। यामी ने काबिल, उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक, ए थर्सडे, आर्टिकल 370, बाला जैसी फिल्मों में दमदार रोल के अलावा हाल ही में हक में भी सराहना बटोरी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विक्की कौशल अपनी 2019 की फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक वाले किरदार मेजर विहान सिंह शेरगिल को फिर से निभा सकते हैं। निर्देशक आदित्य धर ने दोनों कहानियों के समय में फर्क होने के बावजूद उरी का एक ट्रैक शामिल किया है। इसमें कुछ एक्शन सीन होंगे, लेकिन ये साफ नहीं है कि विक्की का किरदार रणवीर सिंह के किरदार से मिलेगा या नहीं। हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स में इस अफवाह को खारिज भी किया गया है। पहली फिल्म धुरंधर 2025 में सुपरहिट रही थी। अब इस सीक्वल में यादा डार्क, एक्शन और प्रतिशोध की कहानी होगी। फोकस रणवीर सिंह के किरदार जसकिरत सिंह रंगी (जो हमजा के नाम से भी जाना जाता है) की असली पहचान और उसके अगले मिशन पर होगा। पहली फिल्म में रहमान डकैत (अक्षय खन्ना) की मौत के बाद, अब हमजा बड़े साजिशकर्ताओं खासकर बड़े साहब को पकड़ने की कोशिश करेगा। फिल्म में आर. माधवन (इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर अजय सान्याल) की भूमिका और बड़ी होगी।

## 'लोग तो दूसरों की बुराई करते हैं', रकुल प्रीत ने खोली बॉलीवुड में पेड पीआर की पोल

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह ने इंडस्ट्री में चल रहे पेड पीआर को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने पीआर कल्चर की भी असलियत के बारे में बात की। रकुल ने उन अभिनेताओं के बारे में भी बात की जो अपने काम की वजह से नहीं बल्कि पर्दे के पीछे होने वाले प्रचार की वजह से चर्चा में रहते हैं। जूम टीवी के साथ बातचीत के दौरान रकुल प्रीत सिंह ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में पैसे लेकर की जाने वाली पीआर पर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता कि लोग ऐसा क्यों करते हैं। रकुल ने कहा कि हम सभी को थोड़ा-बहुत पीआर करना पड़ता है। हमें अपनी उपस्थिति दर्ज करानी पड़ती है। कुछ लोग तो दूसरों की बुराई करने तक चले जाते हैं। मेरा मतलब है, जीवन में आप कितने नकारात्मक हो सकते हैं।

# आर्यन खान की सीरीज के खिलाफ मुंबई में मानहानि केस दायर कर सकेंगे समीर वानखेड़े




**मुंबई।** आईआरएस अधिकारी समीर वानखेड़े अब आर्यन खान की सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के खिलाफ मुंबई की अदालत में मुकदमा दायर कर सकते हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें इसकी अनुमति दी है। शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान ने बीते वर्ष सीरीज %बैड्स ऑफ बॉलीवुड% से बतौर निर्देशक डेब्यू किया था। इस सीरीज को लेकर आईआरएस ऑफिसर समीर वानखेड़े ने आरोप लगाया कि इसमें उनकी छवि खराब करने वाला सीन है। इसके खिलाफ उन्होंने मानहानि का केस ठोका था। मगर, बीते 29 जनवरी को दिल्ली हाईकोर्ट ने क्षेत्राधिकार की बात कहते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी। मगर, आज मंगलवार को दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्हें दिल्ली की अदालत में सीरीज के खिलाफ मुंबई की सत्र अदालत में केस करने की इजाजत दे दी है। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, दिल्ली हाई कोर्ट ने ढ्ढक्रस् अधिकारी समीर वानखेड़े को आर्यन खान केस से जुड़े एक नेटफ्लिक्स शो के खिलाफ मानहानि का मुकदमा मुंबई कोर्ट में ले जाने की इजाजत दे दी है। साथ ही यह भी कहा कि दिल्ली की कोर्ट के पास इस मामले का अधिकार क्षेत्र नहीं है। यह मामला जस्टिस विकास महाजन के सामने आया था, जिन्होंने वानखेड़े की उस अर्जी को मंजूर कर लिया जिसमें उन्होंने मुंबई की एक सक्षम अदालत में अपनी शिकायत पेश करने की इजाजत मांगी थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को 12 फरवरी को मुंबई कोर्ट में पेश होने को कहा, जब वानखेड़े मुकदमा दायर करने वाले हैं।

सुनवाई के दौरान वानखेड़े के वकील ने कोर्ट को जस्टिस पुरुषेन्द्र कुमार कौरव के 29 जनवरी के फैसले के बारे में बताया, जिसके तहत सिविल प्रोसीजर कोड के तहत शिकायत वापस कर दी गई थी। इसमें उन्हें सही फोरम में जाने की इजाजत दी गई थी। उसी आजादी का इस्तेमाल करते हुए वानखेड़े ने केस को मुंबई ट्रांसफर करने के लिए एक एप्लीकेशन दी। वानखेड़े के अनुरोध को मंजूर करते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रक्रियात्मक जरूरतें पूरी हो गई हैं और सिटी सिविल कोर्ट में मुकदमा चलाने का रास्ता साफ कर दिया। समीर वानखेड़े ने दिल्ली हाईकोर्ट में आरोप लगाया था कि रेड चिलीज एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई और नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाली सीरीज %द बैड्स ऑफ बॉलीवुड% के एपिसोड 1 में दिखाए गए एक किरदार के जरिए उनकी छवि को खराब करने की कोशिश हुई है। यह किरदार उनका मानहानिकारक चित्रण है। वानखेड़े का आरोप है कि यह सीरीज आर्यन खान ड्रग्स केस से जुड़ी घटनाओं से संबंधित है। उन्होंने कुछ सीन हटाने या उन पर रोक लगाने के लिए निर्देश मांगे। वानखेड़े ने कहा कि इस सीन से उनकी छवि और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है। वानखेड़े के मुताबिक, कैरेक्टर का लुक, बर्ताव और तौर-तरीके उनसे काफी मिलते-जुलते हैं और मीडिया रिपोर्ट्स में उन्हें काफी हद तक ऐसा ही पहचाना गया था।

## वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका ने पति पर लगाया चीटिंग का आरोप

**मुंबई।** बिग बॉस ओटीटी 3 में नजर आईं इंफ्लुएंसर चंद्रिका दीक्षित अपने निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में आ गईं। एक वायरल वीडियो में वह अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं। लेकिन इस वजह से वह ट्रोल भी हो रही हैं। जानिए, क्या है पूरा मामला सोशल मीडिया पर वड़ा पाव गर्ल के नाम से मशहूर हुई चंद्रिका दीक्षित आगे चलकर इंफ्लुएंसर बन गईं। साथ ही बिग बॉस ओटीटी 3 में भी नजर आईं। एक बार फिर से वह चर्चा में हैं। हाल ही में चंद्रिका का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह रोते हुए अपने पति पर चीटिंग का आरोप लगा रही हैं। लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स उनकी बातों पर यकीन नहीं कर रहे हैं। चंद्रिको सोशल मीडिया यूजर्स खरी-खोटी सुना रहे हैं। चंद्रिका दीक्षित ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सोमवार को एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह अपने पति पर धोखा देने का आरोप लगा रही हैं।

## रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' में विलेन की भूमिका निभाएगा ये सुपरस्टार



**मुंबई।** बॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'गोलमाल' की पांचवीं फिल्म 'गोलमाल 5' को लेकर फैंस लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, अब ऐसी चर्चाएं हैं कि इस साल फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और अगले साल तक फिल्म रिलीज करने की योजना है। अब फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आ रही है। इसके मुताबिक, फिल्म में एक बड़े सुपरस्टार की एंट्री होने वाली है।

वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शेट्टी की 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार की एंट्री हो गई है। खासबात ये है कि अक्षय को फिल्म में मुख्य विलेन के रूप में लिया गया है। यानी 'गोलमाल 5' में अजय देवगन और फिल्म के बाकी मेन किरदारों का अक्षय कुमार से मुकाबला होगा। रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है। इसमें जबरदस्त कॉमेडी देखने को मिलेगी, जो 'गोलमाल' के जॉनर को और भी मजबूत बनाएगी। अक्षय कुमार के फिल्म से जुड़ने की खबरें आने पर अब 'गोलमाल 5' को लेकर फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है। क्योंकि फैंस हमेशा अक्षय कुमार को कॉमेडी फिल्मों में देखना चाहते हैं।

खबरों के मुताबिक, 'गोलमाल 5' में काल्पनिक तत्वों को शामिल किया जाएगा। यह इस फ्रेंचाइज की मशहूर शरारतों पर आधारित सिचुएशनल कॉमेडी से हटकर एक नई कहानी दिखाएगी। फिल्म में हर पार्ट की तरह अजय देवगन के साथ अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू और श्रेयस तलपड़े यहां भी दिखाई देंगे। इसके अलावा जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, मुकेश तिवारी और अश्विनी कालसेकर भी फिल्म का हिस्सा रहेंगे। फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 'गोलमाल फन अनलिमिटेड' का हिस्सा रहे शरमन जोशी भी 'गोलमाल 5' में वापसी कर रहे हैं। जबकि करीना कपूर खान की भूमिका की पुष्टि अभी बाकी है। हालांकि, अभी तक फिल्म की कहानी और कास्ट को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

'गोलमाल 5' की शूटिंग फरवरी के अंत तक शुरू होने की संभावना है। जबकि फिल्म को 2027 की शुरुआत में रिलीज करने की योजना है। फिलहाल निर्देशक रोहित शेट्टी जॉन अब्राहम के साथ राकेश मारिया की बायोपिक की शूटिंग पूरी कर रहे हैं। इसके बाद वो 'गोलमाल 5' पर काम शुरू करेंगे।

## यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी, अब इलाज जरूरी

**समस्या**

**मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स द्वारा महीनों तक फैसले सुरक्षित रखे जाने पर सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि यह न्याय व्यवस्था के लिए बीमारी है, जिसे तुरंत खत्म किया जाना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट्स में फैसले सुनाने और उन्हें सार्वजनिक करने में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि यह न्याय व्यवस्था की एक पहचान योग्य बीमारी बन चुकी है, जिसे अब जड़ से खत्म करना जरूरी है। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि समय पर न्याय न मिलना, न्याय से वंचित किए जाने जैसा ही है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ झारखंड हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिका में कहा गया था कि हाईकोर्ट ने 4 दिसंबर 2025 को याचिका खारिज करने का मौखिक आदेश तो सुना दिया, लेकिन महीनों बाद भी उसका लिखित फैसला अपलोड नहीं किया गया।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की ओर से पेश वकील से कहा कि इस तरह की देरी का कोई औचित्य नहीं है और निर्देश दिया कि पूरा फैसला अगले सप्ताह के अंत तक संबंधित वकील को उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, मामले को फरवरी 16 से शुरू होने वाले सप्ताह में फिर सूचीबद्ध करने का आदेश दिया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायपालिका के भीतर इस समस्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कुछ जज बेहद मेहनती होते हैं, कई मामलों की सुनवाई कर फैसले सुरक्षित रखते हैं, लेकिन फिर लंबे समय तक निर्णय नहीं देते। यह व्यक्तिगत आरोप नहीं है, बल्कि पूरी न्यायपालिका के सामने एक चुनौती है। यह बीमारी है और इसे फैलने नहीं दिया जा सकता। सीजेआई ने यह भी चिंता जताई कि कई मामलों में बहस पूरी होने के बाद भी केस को बार-बार आगे के निर्देशों के लिए सूचीबद्ध किया जाता है, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी बढ़ती है। सीजेआई ने अपने अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि हाईकोर्ट जज के रूप में अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में मैंने कभी भी ऐसा नहीं किया कि फैसला सुरक्षित रखा हो और तीन महीने के भीतर सुनाया न हो।

## ममता बनर्जी ने दिखाया कांग्रेस को ठेंगा



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वाम दलों का अब बहुत ज्यादा प्रभाव नजर नहीं आता है। हालांकि, कुछ क्षेत्रों में उनका संगठनात्मक आधार अभी भी बना हुआ है। पिछले कुछ चुनावों में कांग्रेस और वाम दलों ने गठबंधन के जरिए अपनी राजनीतिक उपस्थिति बनाए रखने की कोशिश की है। हालांकि, इसका कोई सियासी फायदा पार्टियों को नहीं मिला है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलावर को राज्य के आगामी विधानसभा चुनाव में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार कर दिया है। ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बाकी सभी सियासी दल टीएमसी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। ममता बनर्जी के इस फैसले को कांग्रेस के लिए बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दरअसल, भाजपा के खिलाफ विपक्षी पार्टियों ने मिलकर इंडिया ब्लॉक बनाया है। इनमें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी भी शामिल है। इसके बावजूद ममता बनर्जी ने कांग्रेस को सीधे तौर पर सियासी ठेंगा दिखा दिया है।

बीते जनवरी महीने में कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी (पश्चिम बंगाल) के चेयरमैन बीके हरिप्रसाद ने कहा था कि स्क्रीनिंग कमेटी की पहली बैठक हुई। उन्होंने बताया था कि पार्टी हाईकमान जल्द ही पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेतृत्व के साथ बैठक करेगा ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति को फाइनल किया जा सके। माना जा रहा था कि कांग्रेस को टीएमसी के साथ गठबंधन की उम्मीद थी।

## सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की हुई शुरुआत




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग को नई उड़ान देने के लिए 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स' का शुभारंभ हुआ। इसके उद्देश्य सॉइल टू सिल्क है, मतलब इसमें रेशम के निर्माण की पूरी प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा। उत्तर प्रदेश में रेशम उद्योग के सुदृढ़ीकरण, शुद्ध रेशमी वस्त्रों की पहचान तथा आमजन को रेशम उत्पादन की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराने के उद्देश्य से 'सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स' की स्थापना की गई है। सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स में 'सॉइल टू सिल्क' की समस्त विधाओं, नर्सरी विकास, शहतूत वृक्षारोपण, रेशम कीट पालन, कोया उत्पादन, धागाकरण से लेकर साड़ी एवं परिधान निर्माण तक का चरणबद्ध और व्यावहारिक प्रदर्शन किया जाएगा। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को यह समझाना है कि शुद्ध रेशम क्या होता है, उसकी गुणवत्ता कैसे पहचानी जाए और बाजार में उपलब्ध नकली या मिश्रित रेशम से कैसे भेद किया जा सकता है। यह केन्द्र न केवल प्रशिक्षण और जागरूकता का माध्यम होगा, बल्कि एक्जीबिशन, मार्केटिंग कम सेल सेंटर के रूप में भी कार्य करेगा, जहां शुद्ध रेशमी वस्त्रों और परिधानों का सीधा विक्रय किया जाएगा। इससे स्थानीय बुनकरों, कारीगरों, किसानों और स्वयं सहायता समूहों को सीधा बाजार उपलब्ध होगा। इस पहल से रेशम उद्योग से जुड़े हजारों परिवारों की आजीविका सुदृढ़ होगी और प्रदेश की पारंपरिक कला एवं विरासत को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। इस केन्द्र का उद्घाटन सोमवार को सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रेशम निदेशालय परिसर में स्थापित यह सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जहां रेशम उत्पादन की पूरी श्रृंखला का प्रत्यक्ष एवं जीवंत प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां रेशम कीट से धागा बनने की प्रक्रिया, धागाकरण एवं वस्त्र निर्माण की संपूर्ण विधि को एक ही स्थान पर देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व में यह स्थल अनुपयोगी अवस्था में था, जिसे विभागीय प्रयासों से आधुनिक, भव्य एवं उपयोगी स्वरूप प्रदान किया गया है। अब यह केन्द्र प्रदेश मुख्यालय पर देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों के लिए रेशम उद्योग की पहचान का प्रमुख केन्द्र बनेगा। यहां एरी, शहतूती एवं टसर रेशम की उत्पादन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से समझा जा सकेगा।

## जनजातियों के 500 से अधिक आभूषण-बर्तनों का संरक्षण, नई पीढ़ी को मिल रहा सांस्कृतिक धरोहर को जानने का अवसर



**लखनऊ।** जनजातीय संस्कृति से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए प्रदेश की जनजातियों के 500 से अधिक पारंपरिक आभूषणों व बर्तनों का संरक्षण किया जा रहा है। ये पहल उत्तर प्रदेश जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान की ओर से की गई है। उत्तर प्रदेश जनजाति एवं लोक कला संस्कृति संस्थान जनजातियों के पारंपरिक आभूषणों व दुर्लभ बर्तनों के संरक्षण, संवर्धन और प्रचार-प्रसार का प्रयास कर रहा है। संस्थान प्रदेश की विभिन्न जनजातियों के पारंपरिक तरीके से बनाए गए 500 से अधिक आभूषणों व बर्तनों का न केवल संरक्षण किया जा रहा है, बल्कि इनकी प्रदर्शनी के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर को जानने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। उत्तर प्रदेश की थारू, बुक्सा, गोंड और बैगा जनजातियों के आभूषण न केवल सौंदर्य के प्रतीक हैं, बल्कि जनजातीय समाज की गहरी सांस्कृतिक जड़ों और परंपराओं को भी जीवंत बनाते हैं। संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि ये आभूषण पूरी तरह से हस्तनिर्मित होते हैं, जिन्हें जनजातियों के शिल्पकार अपने सदियों पुराने ज्ञान और हस्तकौशल से तैयार करते हैं। जो इन जनजातियों की सांस्कृतिक परंपराओं के साथ उनके कला कौशल की भी पहचान हैं। ये आभूषण गिलेट या गोटा चांदी, पुराने भारतीय सिक्कों, मनकों, तांबा, पीतल, लकड़ी, हड्डी व सीप जैसी सामग्रियों से बनाए जाते हैं। इनका निर्माण पारंपरिक तरीके से होता है, जिसमें धातु को भट्टी में गर्म कर तार और चादरों में बदला जाता है, फिर हाथों से अंतिम आकार दिया जाता है। इनमें हंसली, पायल, करधनी, कड़े, झुमकी, हार, अंगूठियां, बाजूबंद और मंगलसूत्र जैसे आभूषण जनजातीय जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। संस्थान जनजातियों के विलुप्त होते पीतल, तांबे और मिट्टी के पारंपरिक बर्तनों के संरक्षण में भी सक्रिय है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि थारू, बुक्सा, अगरिया, खरवार और सोनभद्र क्षेत्र की जनजातियों के धातु के बर्तन, मृदभांड, धातु पात्र और जंगली लौकी से बनी 'तुंबी' आज भी जनजातीय समाज की जीवनशैली का सजीव उदाहरण है।

## एनपीएस के तहत शुरू होगी स्वास्थ्य पेंशन स्कीम




**नई दिल्ली।** पीएफआरडीए ने एनपीएस के सब्सक्राइबर्स के लिए स्वास्थ्य पेंशन स्कीम शुरू की है। इसके अलावा कोई भी भारतीय नागरिक इस स्किम में जुड़ सकता है। पेंशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (पीएफआरडीए) ने नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) के मौजूदा सब्सक्राइबर्स के लिए स्वास्थ्य पेंशन स्कीम प्रारंभ की है। खास बात है कि सब्सक्राइबर्स के अलावा, कोई भी भारतीय नागरिक अपनी मर्जी से स्वास्थ्य पेंशन स्कीम के साथ जुड़ सकते हैं। इस योजना से उन लोगों को फायदा होगा, जो अपनी सेवानिवृत्ति की बचत के साथ-साथ, मेडिकल खर्च के लिए एक सुरक्षित फंड बनाना चाहते हैं। इस योजना के जरिए, एनपीएस सब्सक्राइबर्स को अस्पताल में भर्ती होने और बिना भर्ती हुए इलाज पर जो राशि खर्च होती है, उसकी भरपाई हो सकेगी। पीएफआरडीए ने स्वास्थ्य पेंशन स्कीम में पैसे जमा करने और निकलवाने के नियमों को सरल बनाया है। इसका मकसद, बीमारी के दौरान, सब्सक्राइबर्स को पैसे के लिए चक्कर न काटने पड़ें। पीएफआरडीए द्वारा इस बाबत गत सप्ताह ही सर्कुलर जारी किया गया है। प्रारंभ में इस योजना को एक छोटे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर विशेष सैंडबॉक्स सिस्टम में टेस्ट किया जा रहा है। इस योजना में लोगों का मेडिकल खर्च, %नेशनल पेंशन सिस्टम% से जुड़ जाता है। इसमें लोगों को दोहरा फायदा मिलता है। एक, वे इसके जरिए पैसा बचा सकते हैं। दूसरा, बीमारी के दौरान लोगों के लिए इस राशि से अस्पताल के बिलों का भुगतान करना भी आसान हो जाएगा। पीएफआरडीए के मुताबिक, इस योजना का उद्देश्य भारतीय नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को आसान, सुरक्षित व पारदर्शी बनाना है। एनपीएस स्वास्थ्य पेंशन योजना को, एनपीएस के अंतर्गत एक विशिष्ट क्षेत्र योजना के रूप में शुरू किया जाएगा। इसका मकसद उद्देश्य बहु-योजना ढांचा (एमएसएफ) के तहत बाह्य रोगी और आंतरिक रोगी के चिकित्सा खर्चों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह योजना अंशदायी पेंशन योजना होगी, जो पीएफआरडीए अधिनियम की धारा 12(1)(क) और धारा 20 के प्रावधानों द्वारा शासित होगी। इसे भारत के नागरिकों को स्वैच्छिक आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। यह योजना पेंशन निधियों (पीएफ) द्वारा प्राधिकरण की पूर्व स्वीकृति के अधीन, केवल एक अवधारणा प्रमाण (प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट) के रूप में, सीमित अवधि के लिए शुरू की जाएगी। ये स्कीम, नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के तहत एक नियंत्रित वातावरण में संचालित होगी। पीएफएस इस तरह के पीओसी को पूरा करने के लिए फिनटेक और अन्य ऐसी संस्थाओं के साथ भी सहयोग कर सकते हैं। इस पीओसी के प्रयोजन के लिए, पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकास और निकासी) विनियम, 2015 के प्रावधानों को नियामक सैंडबॉक्स ढांचे के तहत आसान बनाया गया है। एनपीएस स्वास्थ्य पेंशन योजना कुछ शर्तों के अनुसार संचालित होगी।

यह योजना प्रारंभ में पीएफ द्वारा सीआरए और एचबीए/टीपीए के सहयोग से एक सीमित अवधि और सीमित संख्या में ग्राहक पंजीकरण के साथ अवधारणा के प्रमाण के रूप में शुरू की जाएगी। अवधारणा प्रमाण अवधि पूरी होने पर, यदि योजना की व्यवहार्यता/संभाव्यता स्थापित नहीं हो पाती है, तो अवधारणा प्रमाण अवधि के दौरान नामांकित ग्राहकों को एनपीएस स्वास्थ्य पेंशन योजना खाते से सामान्य योजना खाते में अपनी संचित राशि स्थानांतरित करने और उसके बाद पीएफआरडीए (एनपीएस के तहत निकासी और निकास) विनियम, 2015 के अनुसार योजना से बाहर निकलने का विकल्प दिया जाएगा।

## क्या भारत के निर्यात को मिलेगी रफ्तार

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना भारत के लिए बड़ी सकारात्मक खबर है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद निर्यात में तेजी आने की उम्मीद है। इससे भारतीय कंपनियों और निर्यातकों को सीधा लाभ मिलेगा। आइए विस्तार से जानते हैं इस पर उन्होंने क्या कुछ कहा।

अमेरिका द्वारा टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बड़ी राहत बताया। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद भारतीय निर्यात को गति मिलेगी और कारोबार बढ़ेगा। इससे निर्यातकों को सीधा फायदा होगा और व्यापार माहौल मजबूत होगा।

## शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर भीषण हमला



**कीव।** जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने यूक्रेन पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में बिजली केंद्रों को निशाना बनाया गया, जिससे कड़ाके की ठंड में हजारों लोग बिना बिजली और हीटिंग के रहने को मजबूर हैं। जेलेंस्की ने इसे रूस की डराने वाली नीति बताते हुए दुनिया से मदद मांगी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर एक बहुत बड़ा हमला किया है। इस दौरान रूस ने लगभग 450 लंबी दूरी के ड्रोन और 70 अलग-अलग तरह की मिसाइलें दागीं। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दोनों देश संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में शांति वार्ता करने वाले हैं। अमेरिका की मध्यस्थता में होने वाली इस बातचीत का मकसद चार साल से चल रहे युद्ध को रोकना है।

जेलेंस्की के अनुसार, रूस ने यूक्रेन के पांच राज्यों में बिजली ग्रिड को निशाना बनाया। कड़ाके की ठंड के बीच रूस का मकसद नागरिकों को बिजली, पानी और हीटिंग से महरूम रखना है। इस हमले में दस लोग घायल हुए हैं। जेलेंस्की ने कहा कि रूस कूटनीति के बजाय लोगों को डराने में ज्यादा यकीन रखता है। उन्होंने अपने सहयोगियों से और ज्यादा सुरक्षा उपकरण भेजने और रूस पर दबाव बनाने की अपील की है, ताकि इस युद्ध को खत्म किया जा सके। अबू धाबी में बुधवार और गुरुवार को बातचीत होनी है। हालांकि ट्रंप प्रशासन जमीन के कब्जे जैसे बड़े मुद्दों को सुलझाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन फिलहाल कोई बड़ा समझौता मुश्किल लग रहा है। यूक्रेन की सबसे बड़ी बिजली कंपनी डीटीईके ने बताया कि हमले में उनके पावर प्लांट को काफी नुकसान पहुंचा है।

अधिकारियों ने कहा कि राज्य आपातकालीन सेवा के अनुसार, राजधानी कीव में पांच लोग घायल हुए हैं। वहां कई घरों, एक स्कूल और गैस स्टेशन को नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि हमले की वजह से 1,170 इमारतों में हीटिंग की सुविधा बंद हो गई है। फिलहाल मरम्मत का काम तेजी से चल रहा है। कुछ अपार्टमेंट और बिल्डिंग को छोड़कर बाकी सभी जगहों पर बिजली बहाल कर दी गई थी। रूस ने खारकीव और ओडिसा जैसे इलाकों को भी निशाना बनाया है, जहां लोगों के घायल होने की खबर है।

## पश्चिम एशिया से दिल्ली आएंगे राष्ट्रपति निकोस

**नई दिल्ली।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स मई के अंतिम सप्ताह में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आ सकते हैं। उनका यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेंगा। इसके साथ ही अगले महीने में साइप्रस के विदेश मंत्री भी भारत आ सकते हैं। साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स मई के अंतिम सप्ताह में भारत की आधिकारिक यात्रा पर आएंगे। भारत में साइप्रस के उच्चायुक्त इवागोरस व्रायोनाइड्स ने कहा कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करेंगा। साइप्रस द्वारा यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता शुरू करने के अवसर पर पीटीआई वीडियो से बात करते हुए, व्रायोनाइड्स ने कहा कि उच्च स्तरीय बैठकों की एक श्रृंखला दोनों पक्षों के बीच गहरी होती साझेदारी को दिखाती है।

## कनाडा के सरे शहर में गोलीबारी के आरोप में तीन भारतीय गिरफ्तार

**घटना**

**कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है।**



**ओटावा।** कनाडा पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी करने वाले अधिकारी प्रोजेक्ट एश्योरेंस का हिस्सा थे। ये दल उन इलाकों में गश्त करता है, जहां जबरन वसूली से जुड़ी हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं।

सरे पुलिस ने बताया कि हाल के महीनों में इलाके में घरों और व्यवसायिक परिसरों पर गोलीबारी की घटनाएं बढ़ी हैं और नए साल के बाद इनमें और इजाफा हुआ है।

कनाडा के सरे शहर में एक घर के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। कनाडाई पुलिस के अनुसार आरोपियों को रंगदारी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान पकड़ा गया।

सरे पुलिस सेवा ने सोमवार को जारी बयान में बताया कि हरजोत सिंह (21), तरणवीर सिंह (19) और दयाजीत सिंह बिलिंग (21) पर एक-एक मामले में हथियार से गोलीबारी करने का आरोप लगाया गया है। तीनों को हिरासत में भेज दिया गया है और वे 5 फरवरी 2026 तक रिमांड पर रहेंगे। पुलिस के अनुसार, 1 फरवरी 2026 की सुबह सरे के क्रेसेंट बीच इलाके में क्रेसेंट रोड और 132 स्ट्रीट के पास एक घर के बाहर गोली चलने और छोटी आग लगने की सूचना मिली थी। इसके कुछ ही समय बाद गश्ती दल ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

मामले की जांच अब सरे पुलिस की मुख्य अपराध शाखा कर रही है। तीनों आरोपियों पर कनाडा के आपराधिक संहिता की धारा 244.2(1)(ड्ड) के तहत किसी स्थान पर गोली चलाने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि जांच जारी है और आगे और आरोप भी लगाए जा सकते हैं।

सरे पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों आरोपी विदेशी नागरिक हैं और इस मामले में कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी (सीबीएसए) को भी शामिल किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के वीजा या आव्रजन स्थिति की भी जांच की जा रही है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तारी के दौरान एक आरोपी को चोटें आईं, जिनमें दोनों आंखों के नीचे सूजन शामिल है। सरे पुलिस की स्टाफ सार्जेंट लिंडसे हॉटन ने बताया कि एक आरोपी ने राइड-शेयर वाहन से बाहर आने के निर्देशों का पालन नहीं किया और सक्रिय रूप से विरोध किया, जिसके बाद उसे जमीन पर गिराकर सुरक्षित रूप से हथकड़ी लगाई गई। उन्होंने बताया कि दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तारी के दौरान चोट लगी, क्योंकि उसने भी निर्देशों का पालन नहीं किया।

## तुर्किये की मध्यस्थता पर क्या बोले ईरानी राष्ट्रपति

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने अमेरिका के साथ निष्पक्ष और न्यायसंगत बातचीत के संकेत दिए हैं। उन्होंने विदेश मंत्री को निर्देश दिया कि वे बिना किसी धमकी और दबाव के गरिमा के साथ चर्चा करें। तुर्की इस वार्ता की मेजबानी कर सकता है, हालांकि अमेरिका ने अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा हमने अपने विदेश मंत्री को अमेरिका के साथ निष्पक्ष और न्यायसंगत बातचीत शुरू करने का निर्देश दिया है। राष्ट्रपति का यह बयान ईरान की ओर से स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। कि ईरान तुर्किये के आयोजित मध्यस्थता बातचीत में हिस्सा ले सकता है। तेहरान की ओर से यह पहला साफ संकेत है कि वह तनाव कम करने के लिए चर्चा करना चाहता है।

## पाकिस्तान में अजीबो-गरीब फरमानः मुल्क में बेतहाशा महंगाई



**पाकिस्तान।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी-मरियम नवाज के सजने संवरने पर पाकिस्तान में चार करोड़ का बजट जारी किए जाने की खबर है। पाकिस्तान के पंजाब सूबे से सामने आए इस अजीबो गरीब आदेश की कॉपी मौजूद अमर उजाला के पास है। मुख्यमंत्री मरियम नवाज से जुड़ा ये मामला क्यों सुर्खियों में है? गरीबी और कंगाली से जूझ रहे पाकिस्तान के पंजाब सूबे की मुख्यमंत्री मरियम नवाज के लिए उनकी सरकार ने चार करोड़ रुपए का ऐसा फंड जारी किया है जिस पर हंगामा मच गया है। दरअसल यह फंड उनके मेकअप के लिए जारी किया गया है। यही नहीं पाकिस्तान सरकार ने मरियम नवाज के साथ साथ सूचना मंत्री आजम जाहिर बुखारी के लिए भी उनके मेकअप और प्रेजेंटेशन एक्सपेंस के तौर पर इसको जारी किया है। इससे पहले भी मरियम नवाज की सरकारी गाड़ी के टायर बदलवाने के लिए एक करोड़ पाकिस्तानी रूपये खर्च करने का मामला तूल पकड़ चुका है। इस बजट के जारी होने के बाद पाकिस्तान में हंगामा मच गया है। लोगों का कहना है कि पाकिस्तान में रोजमर्रा की चीजों में जबरदस्त महंगाई है। गरीब पाकिस्तान में करोड़ों रुपए का बजट सिर्फ सजने संवरने के लिए कैसे जारी किया जा सकता है। पाकिस्तान के पंजाब राज्य की ओर से मुख्यमंत्री के सजने संवरने संबंधी जारी किए गए चार करोड रुपए के बजट वाले सरकारी आदेश की कॉपी अमर उजाला के पास मौजूद है। पाकिस्तान में 1 लीटर दूध की कीमत 200 रुपए से लेकर 370 रुपए प्रति लीटर तक पहुंच गई है। जबकि 1 लीटर पेट्रोल के लिए पाकिस्तान में ढाई सौ रुपए से ज्यादा खर्च करने पड़ते हैं। बदहाल आर्थिक स्थिति के चलते इस वक्त पाकिस्तान में 400 से 500 रुपए दर्जन केला और तकरीबन 500 किलो सेब बिक रहा है। कंगाली की ऐसी दशाओं के बाद पिछले महीने 12 जनवरी को लाहौर में पंजाब सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी की ओर से 4 करोड रुपए की एक स्पेशल ग्रांट जारी करने का आदेश पारित होता है। जिसमें मरियम औरंगज़ेब (नवाज) और पाकिस्तान के ही सूचना मंत्री आजम जाहिद बुखारी का जिक्र करते हुए उनके मेकअप और पार्टी से लेकर मीटिंग और भीड़ में खुद को सलीके से पेश आने के नाम पर बजट का उल्लेख किया जाता है। जानकारी के मुताबिक बेहद गुप्त तरीके से इस आदेश को जारी किया लेकिन सरकार के ही कुछ लोगों ने इसका अंदरूनी तौर पर विरोध करना शुरू कर दिया। अब स्थिति यह हो गई है कि पाकिस्तान में पंजाब के मुख्यमंत्री मरियम नवाज को इस मामले में जवाब देते नहीं बन रहा है। पाकिस्तान को करीब से समझने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान की आदत हमेशा से रही है कि वह अपनी अवाम को छोड़कर अपने लिए ही पैसे खर्च करती आई है। कई बार स्थितियां ऐसी हुई कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कंगाली और गरीबी से फजीहत का सामना करना पड़ा। बीते दो वर्षों में पाकिस्तान ने दुनिया के अलग-अलग देश में मौजूद अपने दूतावासों समेत काउंसलेट का कई जगह बिल तक नहीं भरा। नतीजा हुआ कि पाकिस्तान की ओर से दुनिया के अलग-अलग देश में जाए वाले कई मंत्रियों को दूतावासों की गाड़ियां तक नहीं उपलब्ध हो सकीं। अमर उजाला के पास पाकिस्तानी दूतावासों की ओर से पाकिस्तान सरकार को लिखी गई वह चिट्ठियां भी मौजूद हैं।

## चार्ली किर्क की हत्या के वीडियो पर रोक की मांग



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के सबसे प्रमुख रूढ़िवादी कार्यकर्ताओं और मीडिया हस्तियों में से एक रहे चार्ली किर्क की हत्या के वीडियो पर रोक लगाने की मांग की गई है। 10 सितंबर 2025 को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

10 सितंबर 2025 को यूटा वैली यूनिवर्सिटी में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वो अमेरिकी राजनीति में उभरते हुए सितारा थे। उनको अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का करीबी माना जाता था और अमेरिकी राइट विंग के प्रमुख नेता और टर्निंग पॉइंट यूएसए के मुखिया थे। किर्क जब आउटडोर इवेंट में हिस्सा ले रहे, जब उनको एक शख्स ने गोली मारी थी।

रूढ़िवादी कार्यकर्ता चार्ली किर्क की हत्या के ग्राफिक वीडियो, जो कि यूनिवर्सिटी परिसर में उनकी रैली के दौरान बनाए गए थे। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए और लाखों लोगों ने उन्हें देखा। अब इस मामले में आरोपी व्यक्ति के वकीलों ने राज्य के एक न्यायाधीश से मांग की है कि मंगलवार (03 फरवरी) को होने वाली सुनवाई में ऐसे वीडियो दिखाने पर रोक लगाई जाए। दरअसल, बचाव पक्ष ने कोर्टरूम में टीवी और फोटोग्राफी कैमरों को भी बाहर रखने की अपील की है। उनका कहना है कि अत्यधिक पक्षपाती मीडिया कवरेज से मामले पर असर पड़ सकता है और निष्पक्ष सुनवाई बाधित हो सकती है। हालांकि अभियोजकों और मीडिया संस्थानों के वकीलों ने जिला न्यायाधीश टोनी ग्राफ से कार्यवाही खुली रखने की मांग की है। इधर, कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि बचाव पक्ष की चिंता वाजिब है। कॉर्नेल लॉ स्कूल की प्रोफेसर वैलेरी हैंस के अनुसार हाई-प्रोफाइल मामलों में मीडिया कवरेज संभावित जूरी सदस्यों को प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा, जब जूरी पहले से ही मीडिया से मिली जानकारी लेकर अदालत में आती है, तो वह अदालत में पेश किए गए सबूतों को उसी नजरिए से देखने लगती है। बता दें कि अभियोजक 22 वर्षीय आरोपी टायलर रॉबिन्सन के खिलाफ मौत की सजा की मांग कर रहे हैं। उस पर 10 सितंबर 2025 को ओरेम स्थित यूटा वैली यूनिवर्सिटी परिसर में चार्ली किर्क की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है। इस रैली में करीब 3,000 लोग मौजूद थे। किर्क 'टर्निंग पॉइंट यूएसए' के सह-संस्थापक थे और उन्होंने युवाओं को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित किया था।

# उद्योग-अकादमिक तालमेल से बढ़ेंगे रोजगार के अवसरः प्रो. प्रदीप कुमार

**पीयू में एसएनजे टोयोटा ने लिया साक्षात्कार**



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के केन्द्रीय प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल (CTPC) में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए रोजगार अवसर कार्यक्रम का मंगलवार को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कंपनी एसएनजे टोयोटा ने विश्वविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थियों का साक्षात्कार कर उन्हें सेल्स ऑफिसर पद के लिए चयनित किया।

चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहीं एसएनजे टोयोटा, जौनपुर की ग्रुप हेड (मानव संसाधन) सारिका सिंह ने बताया कि ऑटोमोबाइल सेक्टर में युवाओं के लिए करियर की असीम संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य केवल रोजगार देना ही नहीं, बल्कि युवाओं को उद्योग की आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना है। भविष्य में भी ऐसे आयोजन विश्वविद्यालय के साथ मिलकर किए जाएंगे।

सीटीपीसी परिसर में आयोजित इस साक्षात्कार प्रक्रिया में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कंपनी के प्रतिनिधियों ने अभ्यर्थियों की संवाद क्षमता (Communication Skills), बाजार की समझ और ग्राहक सेवा कौशल का सूक्ष्मता से मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के समापन पर सीटीपीसी के निदेशक प्रो. प्रदीप कुमार ने एसएनजे टोयोटा की टीम का आभार प्रकट किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार प्रयासरत है कि विद्यार्थियों को कैंपस से ही प्रतिष्ठित संस्थानों में नियुक्ति मिल सके। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि उद्योग और शिक्षण संस्थानों के बीच ऐसा जीवंत सहयोग प्लेसमेंट तंत्र को और अधिक सशक्त बनाता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. सुशील कुमार, श्याम त्रिपाठी सहित छात्र सदस्य दिव्यांशु, संजय, रुद्रांश चतुर्वेदी, श्रेया मिश्रा और गौरव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# महिला अधिवक्ता का थाने में आत्मदाह की कोशिश

**माचिस जलाते ही पुलिस ने रोका, बोलीं- यूपी बार काउंसिल चुनाव में अभद्रता की गई**

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में यूपी बार काउंसिल चुनाव की वोटिंग के दौरान सोमवार को मारपीट और हंगामा हुआ। मारपीट से नाराज बार काउंसिल सदस्य पद की उम्मीदवार महिला वकील सिविल लाइंस थाने में आत्मदाह करने पहुंच गई। महिला वकील श्रद्धा शुक्ला ने कहा कि जब तक आरोपी प्रत्याशी के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया जाता तब तक वह थाने से नहीं हटेंगी। इसी दौरान वह हाथ में माचिस और ज्वलनशील पदार्थ लेकर थाने के भीतर बैठ गई। कोई सुनवाई नहीं होने पर उन्होंने माचिस जलाकर खुद का जलाने की कोशिश की तभी महिला पुलिसकर्मी ने उन्हें रोक लिया। वहीं मंगलवार दोपहर को सिविल लाइंस थाने में दोनों पक्षों के वकीलों की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला वकील श्रद्धा शुक्ला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा- 2 फरवरी 2026 की शाम को वह चुनाव प्रचार में व्यस्त थीं। तभी तिलकर नगर के रहने वाले हर्षित मिश्रा, कार्तिक मिश्रा और उनके साथ आए 30-40 अज्ञात लोगों ने घेर लिया। उनके साथ मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने मेरे गले से सोने की चेन छीन ली। उन्होंने कहा- मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जो कि मेरे साथ हुई घटना की पुष्टि करता है। आरोपियों से परिवार को मुझे और मेरे परिवार को जान का खतरा है। मुझे सुरक्षा दी जाए।

## कोडीन युक्त कफ सिरप में शशांक गिरफ्तार

**जौनपुर।** कोडीन युक्त कफ सिरप के अवैध कारोबार से जुड़े मामले में जौनपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इस प्रकरण में जिले से पहली गिरफ्तारी करते हुए पुलिस ने शशांक मौर्या को गिरफ्तार किया है। आरोपी की फर्म का नाम न्यू मिलन सुपर फार्मा बताया जा रहा है।पुलिस के अनुसार, इस मामले में जौनपुर कोतवाली में पहले से ही दो मुकदमे दर्ज हैं। जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई तेज कर दी गई है। जौनपुर पुलिस अब जब्तीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करने की तैयारी में है। इस संबंध में जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी नगर (सीओ सिटी) गोल्डी गुप्ता ने बताया कि मामले में कुल 22 लोगों के खिलाफ न्यायालय से गैर-जमानती वारंट (NBW) जारी किए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त की संपत्तियों की भी गहन जांच की जा रही है। सीओ सिटी ने बताया कि पूरे नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है और जो भी लोग इस अवैध कारोबार में संलिप्त पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां भी संभव हैं।

# ज्ञान चन्द का निधन जनपदीय स्काउट-गाइड की अपूरणीय क्षति

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** स्काउट गाइड के तहसील केराकत प्रभारी ज्ञानचंद चौहान के आकस्मिक निधन पर संपूर्ण स्काउट-गाइड जगत में शोक की लहर छा गई। वी .ब. सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय रोवर्स रेंजर्स जिला कमिश्नर प्रोफेसर अजय कुमार दुबे की अध्यक्षता में शोक सभा आयोजित की गई जिसमें ज्ञानचंद चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा प्रोफेसर दुबे ने कहा कि ज्ञानचंद चौहान का निधन स्काउट गाइड ट्रेनिंग के क्षेत्र में जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है। ज्ञानचंद चौहान अपने अनुशासन, कर्तव्य निष्ठा देशभक्ति और छात्र-छात्राओं को सामाजिक संवेदनशीलता के साथ ट्रेनिंग देने का कौशल उन्हें संपूर्ण जनपद में लोकप्रिय बनाया हुआ था। प्रोफेसर सुधांशु सिन्हा ने उनके कार्य और व्यवहार की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्र आज भी उनकी संवेदनशीलता की प्रशंसा करते रहते हैं डॉ प्रशांत कुमार पांडेय ने कहा कि ज्ञानचंद चौहान संपूर्ण जनपद के स्काउट गाइड के प्रमुख ट्रेनर बने हुए थे। शोक सभा में प्रोफेसर रीता सिंह, डॉ राय साहब यादव, डॉ अंजू श्रीवास्तव, निधि सिंह ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनकी अनुशासन प्रियता व्यवहार कुशलता को याद किया।

## डीएम ने सुजानगंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी सुजानगंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने एईआरओ से नोटिस निर्गत करने की प्रकिया ,अपलोड, नोटिस वितरण, साक्ष्य मिलान सहित अन्य बिंदुओं पर अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि नोटिस निर्गत करने के उपरांत अनमैप्ड मतदाताओं के साक्ष्य मिलान हेतु सुनवाई की प्रकिया में तेजी लाई जाए, जिससे समयबद्ध रूप से इस कार्य को पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार, एईआरओ, सुपरवाइजर, बीएलओ सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भोगांव हादसे की मजिस्ट्रियल जांच शुरू

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** उप जिलाधिकारी (न्यायिक) भोगांव शिव नरेश सिंह ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट ने दि. 30 सितम्बर 25 को हनुमान मंदिर के सामने भोगांव में वाहन संख्या-यू.पी. 78 जे.एन.-8908 से घटित दुर्घटना में मृतक के आश्रित, वारिसान एवं घायलों को उ.प्र. मोटरयान कराधान नियमावली-1998 के नियम 30 एवं 31 में वर्णित व्यवस्थानुसार प्रश्नगत दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जॉच करने हेतु अद्योहस्ताक्षरी को जॉच हेतु नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि दि. 30.09.2025 को हनुमान मंदिर के सामने भोगांव में हुई दुर्घटना में मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 30 बी.डी. 9517 पर सवार बिसवादेवी पत्नी नवाब सिंह निवासी कस्बा व थाना कमालगंज जिला फर्रूखाबाद की मृत्यु हो गयी थी एवं वीरेन्द्र पुत्र कल्लू, रेखा देवी पत्नी कल्लू थाना कमालगंज जिला फर्रूखाबाद घायल हो गये थे, के सम्बन्ध में यदि कोई व्यक्ति साक्ष्य या गवाही प्रस्तुत करना चाहता है तो वह दि. 18 फरवरी तक कार्यालय जिलाधिकारी में आकर प्रस्तुत कर सकते है।

## लोक अदालत का आयोजन 14 मार्च को

**मैनपुरी (अवधनामा संवाददाता)** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रीति गिरी ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दि. 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें सभी प्रकार के वादों को अधिक से अधिक सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने पर बल दिया जायेगा।

# वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** आइकॉनिक स्कूल ऑफ़ आज़मगढ़ - वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में आज विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देने हेतु एक भव्य करियर काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम सुख दरिया जी, आईपीएस रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को करियर चयन, जीवन मूल्यों और सफलता के मार्ग पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अलका सिंह ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त रहने, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मानसिक संतुलन बनाए रखते हुए तैयारी करने से ही बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सावरी मुखर्जी ने बोर्ड परीक्षाओं की बारीकियों, आवश्यक सावधानियों,




उत्तर लेखन की रणनीति और निरंतर अभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अच्छे अंक प्राप्त करने के व्यावहारिक उपाय बताए। मुख्य अतिथि प्रेम सुख दरिया जी, आईपीएस ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि करियर का चुनाव करते समय रुचि, क्षमता और लक्ष्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सबसे पहले अपने माता-पिता का विश्वास जीतें— जब यह विश्वास बन जाता है, तो परिवार हर कदम पर साथ खड़ा रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि सफलता कभी तुरंत मिलती है, कभी देर से और कभी कई प्रयासों के बाद, लेकिन आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। जीवन का प्रथम लक्ष्य सफल होना होना चाहिए और जिस क्षेत्र को चुनें, उसमें उत्कृष्टता हासिल करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रेम सुख दरिया जी, आईपीएस तथा डॉ. अलका सिंह को वेदांता इंटरनेशनल स्कूल परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक श्री शिव गोविंद सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि नए बैच के आईपीएस अधिकारी (2023 बैच) द्वारा नई सोच और अद्यतन ज्ञान के साथ विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिलना अत्यंत प्रेरणादायक है। ऐसे प्रयासों के लिए वे अतिथियों और संस्थान के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं विद्यालय परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उपस्थित रहे।

## युवराज और शिवेंद्र ने एएस हनुमानगंज को बनाया चैंपियन

**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** युवराज शुक्ला के हरफनमौला खेल (77 रन, 49 गेंद, 11 चौके, दो छक्के एवं 6-1-35-3) और शिवेंद्र सिंह के अर्धशतक (77 रन, 46 गेंद 10 चौके, दो छक्के) की बदौलत एएस हनुमानगंज क्लब ने भानु प्रताप क्लब को 135 रन से हराकर एएस हनुमानगंज कप अंडर-12 क्रिकेट प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया। एएस हनुमानगंज क्लब ने मंगलवार को अपने मैदान पर टॉस जीतकर पहले खेलते हुए 32.4 ओवर में 269 रन (युवराज शुक्ला 77, शिवेंद्र सिंह 77, यशस्वी मिश्रा 33, मयंक यादव 32, मनु यादव 18, श्रेयांश मिश्रा 3/18, श्रेयांश शर्मा 2/44, अनुप्रास सिंह, अर्पित व रितेश यादव एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में भानु प्रताप सिंह क्लब की टीम 22.5 ओवर में 134 रन (प्रत्यूष त्रिपाठी 35, ओम जायसवाल 20, युवराज शुक्ला 3/35, श्याम सिंह यादव 2/04, प्रशांत 1/16) पर सिमट गई। मैच के बाद एनआईएस क्रिकेट कोच परवेज़ आलम ने पुरस्कार वितरित किये। युवराज शुक्ला को मैन ऑफ द मैच व बेस्ट बैटर, शिवेंद्र सिंह को बेस्ट बॉलर व मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। आयोजन सचिव अशफाक अहमद ने अतिथियों का स्वागत एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर रवि सिंह, सचिन प्रकाश, जमील दादा, रमन, जाहिद शेख, दीपक यादव, अंशु विश्वकर्मा, रितेश, शिवांश जायसवाल, अबुजर अंसारी आदि मौजूद रहे।

# गरीब, युवा और महिलाओं को समर्पित है केंद्र का बजटः डिप्टी सीएम

**अवधनामा संवाददाता**




**ऐतिहासिक बजट, यूपी को हाई-स्पीड रेल की सौगात**

**प्रयागराज।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने केंद्र सरकार के 2026-27 के बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि 2014 में एनडीए सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पेश हुए सभी बजटों में गरीबों की आय बढ़ाने, किसानों की आमदनी दोगुनी करने, महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं को रोजगार देने पर लगातार फोकस किया गया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया यह लगातार नौवां बजट है, जो अब तक के प्रयासों का निचोड़ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पीएम मोदी के शब्दों में यह बजट गरीब, महिला और युवाओं को समर्पित है। विपक्ष द्वारा बजट को निराशाजनक बताए जाने पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है। केंद्र सरकार की नीतियों और उपलब्धियों ने देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि बजट में सभी राज्यों को हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क की सौगात दी गई है, जिसका सर्वाधिक लाभ उत्तर प्रदेश को मिलेगा। पर्यटन क्षेत्र पर विशेष फोकस करते हुए उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक पर्यटक यूपी आए हैं। हिंदू और बौद्ध धार्मिक स्थलों के विकास को सशक्त करने वाला कदम बताया। डिप्टी सीएम ने कहा कि 2026-27 का बजट ऐतहासिक हैं 2014 के बाद मोदी जी की सरकार मे जितने भी बजट पेश हुए हैं वो भारत की आमदनी बढ़ाने भारत की शक्ति बढ़ाने और युवाओं क़ो रोज़गार देने का काम किया हैं, इस बार के बजट मे देश के सभी राज्यों मे हाई स्पीड रेल व्यवस्था मे UP क़ो लाभ मिला हैं उत्तर प्रदेश मे पर्यटन बढ़ा हैं। हम हिन्दू और बौद्ध तीर्थ स्थल का विकास कर रहें हैं। 2014 के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग अच्छे हुए हैं सड़क का नेटवर्क बेहतर हुआ हैं। 2014 से पहले प्रयागराज मे एक दो फ्लाइट थी लेकिन अब खुद का एयरपोर्ट हैं और फ्लाइट लगातार बड़ रही हैं हम देश के किसी भी कोने की यात्रा कर सकते हैं।


# कार्यालय जिलाधिकारी, बहराइच।

(खनन अनुभाग)

पत्रांक : 41/खनिज/ई-निविदा सह ई-नीलामी/2026 दिनांकः 02/02/2026

**ई-निविदा सह ई-नीलामी आमंत्रण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद बहराइच में नदी तल में उपलब्ध साधारण बालू-। के रिक्त खनन क्षेत्रों को भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा जारी शासनादेश संख्या-1144/एम-1 ए 15/2019 दिनांक 11.10.2019 तथा उत्तर प्रदेश उपखनिज (परिहार) नियमावली 2021 के नियम-23(1) के अन्तर्गत ई-निविदा सह ई-नीलामी प्रणाली के माध्यम से उक्त नियमावली के अध्याय-4 के नियम 23(2)(क) के तहत खनन पट्टा पर स्वीकृत किये जाने हेतु उपलब्ध घोषित करते हुये इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं को निम्नवत् शर्तों व कार्ययोजना/अवधि में ई-निविदा सह ई-नीलामी हेतु आमंत्रित किया जाता है :-

1 (क) क्षेत्रों का विवरण :-

| क्र. स. | उप खनिज का नाम | नदी का नाम | क्षेत्र का विवरण | | | | नियमावली 2021 के अनुसूची 1 के अनुसार रायल्टी दर (रूपये प्रति घनमीटर) | खनन योग्य आंकलित उपखनिज का भण्डार (घन मी. प्रति वर्ष) | प्रथम वर्ष में आंकलित भण्डार की कुल रायल्टी रूपये में (कालम 9 में अंकित घनमी. प्रति वर्ष को कालम 8 में अंकित रायल्टी की दर से गुना करने पर उपलब्ध सकल धनराशि) (रूपये में) | अर्नेस्ट मनी कालम 10 में अंकित सकल धनराशि का 25% (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | तहसील | ग्राम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे. में) | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| AREA CODE - 1718360101 | | | | | 2296ख | 4.858 | 65.00 | 87444 | 56,83,860.00 | 14,20,965.00 |
| 1 | सा0 बालू-। | घाघरा | महसी | भौरी | | | | | | |

(ख) क्षेत्रों का जी0ओ0 क्वार्डिनेटस् का विवरण :-

| खनन क्षेत्र | तहसील का नाम | क्वार्डिनेट्स | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भौरी गाटा-2296ख | महसी | अक्षान्तर देशान्तर | 27°21'25.74"N 81°23'12.50"E | 27°21'21.75"N 81°23'08.53"E | 27°21'28.43"N 81°23'01.17"E | 27°21'32.22"N 81°23'05.36"E |

2. उपरोक्त क्षेत्र को ई-निविदा-सह-ई-नीलामी के माध्यम से 05 वर्ष की अवधि हेतु ई-निविदा आमत्रित की जाती है। नियमानुसार ई-निविदा प्राप्त होने पर सक्षम स्तर पर ई-नीलामी स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
3. निविदा-सह-ई-नीलामी से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तों की जानकारी एम0एस0टी0सी0 के ई-ऑक्सन पोर्ट www.mstcecommerce.com पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे सभी सम्बन्धित (इच्छुक निविदादाता/बोलीदाता) द्वारा देखा जा सकता है। उक्त से सम्बन्धित सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिलाधिकारी (खनन अनुभाग), बहराइच के यहां से प्राप्त की जा सकती है।
4. ई-निविदा-सह-ई-नीलामी की कार्य योजना एवं अवधि निम्नानुसार सम्पादित की जायेगीः-

| | |
|---|---|
| प्रेस विज्ञप्ति (विज्ञप्ति का प्रकाशन) | प्रथम दिन |
| प्री-बिड ई0एम0डी एवं आवेदन शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | ई-निविदा से पूर्व एम0एस0टी0सी0 में अपेक्षित प्री बिड ई0एम0डी0 एवं आवेदन शुल्क एम0एस0टी0सी0 बेब साइट पर वर्णित दिशा निर्देशों के अनुसार जमा करने की जिम्मेदारी बोलीदाता की है एवं बोलीदाता यह सुनिश्चित कर लें। |
| प्रथम चरण में ई-निविदा (ई-टेण्डर) की अवधि | दिनांक 09.03.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 12.03.2026 को सायं 5.00 बजे तक। |
| प्रथम चरण में प्राप्त ई-निविदा(बिड) का खोला जाना एवं उसका मूल्यांकन | दिनांक 13.03.2026 को समय पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:00 बजे तक |
| द्वितीय चरण ई-नीलामी की | अवधि दिनांक 13.03.2026 को समय अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक |

(अक्षय त्रिपाठी)
जिलाधिकारी,
बहराइच।

UPID-245124 Dated-02-02-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# सामाजिक सेवा के क्षेत्र में रिटायर्ड आईएएस आर. एस. वर्मा को मानद डॉक्टरेट

**अवधनामा संवाददाता**

**अपराध निरोधक समिति सहित कई संगठनों ने दी बधाई**

**प्रयागराज।** कांस्टीट्यूशनल क्लब में विश्व संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण आयोग (वर्ल्ड कल्चरल एंड एनवायरनमेंट प्रोटेक्शन कमीशन) द्वारा आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी सेवानिवृत्त आईएएस आर. एस. वर्मा को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय एवं दीर्घकालीन योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान आयोग के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एवं विशिष्ट अतिथियों आचार्य यशी पुनस्तोक (डिप्टी स्पीकर, तिब्बत पार्लियामेंट इन- एक्साइल), डॉ. सरोज सिंह, डॉ. संजीव कुमार त्यागी, डॉ. नीलिमा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर श्री वर्मा को प्रमाण पत्र, मेडल, मोमेंटो एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, साहित्य, आयुर्वेद, सामाजिक सेवा, योग, रामचरितमानस पर शोध सहित अनेक विषयों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली देशभर की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव एवं



सचिव संतोष कुमार ने श्री वर्मा को इस सम्मान हेतु हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि आर. एस. वर्मा ने अपने प्रशासनिक जीवन में कई जनपदों में मंडल आयुक्त, जिला अधिकारी तथा अंततः उत्तर प्रदेश सरकार में सचिव पद पर रहते हुए उत्कृष्ट सेवाएँ दीं। सेवानिवृत्ति के पश्चात भी उनका अनुभव, मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देश अपराध निरोधक समिति को निरंतर प्राप्त हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप समिति दिन-प्रतिदिन नई ऊँचाइयों को छू रही है। वर्तमान में आर. एस. वर्मा अध्यक्ष, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन तथा वाइस चेयरमैन, उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति के पद पर कार्यरत हैं।


# कार्यालय अधिषासी अभियन्ता लखनऊ खण्ड-2 शारदा नहर, लखनऊ

**ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराये जाने वाले कार्यो की अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या-06/ई0ई0/2025-26**

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, की ओर से निम्नलिखित कार्यो को ऑनलाईन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री-क्वालीफिकेशन टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत सिविल कार्यो में दक्ष एवं अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों से तालिका संख्या-02 में निहित कार्यक्रम के अनुसार एवं निम्नलिखित शर्तो के साथ आमंत्रित की जाती है। जिसकी तकनीकी बिड समिति के समक्ष ऑनलाइन दिनांक 10.02.2026 को पूर्वान्हन11.10 बजे खोली जायेगी। कार्यालय बंद होने या अवकाश होने की दशा में उक्त निविदाएं अगले कार्य दिवस को निर्धारित समय पर खोली जायेगीं।

**तालिका सं0-01**

| लाट सं. | कार्य का नाम | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू. में) | धरोहर धनराशि (रू. में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी.एस.टी. एवं स्टेशनरी सहित रू. में) | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कुकरैल दांया तटबंध के किमी0 0.300 पर स्थित बैरल संख्या 09 पर जीर्णोद्वार का कार्य | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 19.84 | @ 2% paid online | 90 दिन | 300.00+ 54.00+500.0 | सी एवं उच्च |
| 2. | कुकरैल दांया तटबंध के किमी0 1.500 पर स्थित बैरल संख्या 11 पर जीर्णोद्वार का कार्य | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 22.18 | @ 2% paid online | 90 दिन | 300.00+ 54.00+500.0 | बी एवं उच्च |
| 3. | कुकरैल दांया तटबंध के किमी0 0.525 पर स्थित बैरल संख्या 10 पर जीर्णोद्वार का कार्य | बिल ऑफ क्वान्टिटी के अनुसार | 14.51 | @ 2% paid online | 90 दिन | 300.00+ 54.00+500.0 | सी एवं उच्च |

**तालिका सं0-02**

| S.No. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Submission Start | 04.02.2026 | 12.00 Hr. |
| 2 | Bid Submission End | 10.02.2026 | 11.00 Hr. |
| 3 | Technical Bid Opening | 10.02.2026 in the office of Executive Engineer Lucknow Divison-2 Sarda Canal, Lucknow | 11.10 Hr. |
| 4 | Financial Bid Opening | Date and place to be decided after technical bid evaluation and will be communicated on-line to successful bidders in technical bid. | |

अधिषासी अभियन्ता
लखनऊ खण्ड-2 शारदा नहर
लखनऊ

UPID-245078 Dated-02-02-2026
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध


# रंगमंच व नृत्य में सुनील दत्त विश्वकर्मा को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** रंगमंच एवं ललित कलाओं के लिए समर्पित हुनर सामाजिक,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान आजमगढ़ के कलाकारों ने गिरिडीह झारखंड में 29 जनवरी से 1 फ़रवरी तक कला संगम द्वारा आयोजित अखिल भारतीय नाटक व लोकनृत्य, शास्त्रीय नृत्य प्रतियोगिता मे देश भर से आये 25 नृत्य दलों के बिच आजमगढ़ के कलाकारों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए समूह लोक नृत्य में द्वितीय, समूह शास्त्रीय नृत्य में द्वितीय, रंग यात्रा मे द्वितीय,कैम्पफायर में संस्थान के कलाकारों ने द्वितीय व व्यक्तिगत श्रेणी में शशांक राय ने विशेष पुरस्कार प्राप्त किया। संस्थान के सचिव सुनील दत्त विश्वकर्मा को अभिनय और निर्देशन के क्षेत्र में विशेष कार्य करने के लिए रंग साधक दिगंबर प्रसाद जैन स्मृति रंग सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। नृत्यो का संयोजन कमलेश सोनकर ने किया। इस 15 सदस्यीय दल में राज पासवान,रवि गौड़ रोशनी चौहान, सुहानी, तारा,प्रियम निशा चौहान, रूपाली, रुनझुन,खुशबू गोंड शामिल थे। दल के इस सफलता पर वापस आने पर डॉ कृष्ण मोहन त्रिपाठी,रमाकांत वर्मा, संस्थान अध्यक्ष मनोज यादव, हेमंत श्रीवास्तव, अजेंद्र राय, सुनील अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, पंकज सिंह,गजराज प्रसाद ने बधाई दी।

# मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने असम को एआई-संचालित अस्पतालों की ओर ले जाने में लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज को रणनीतिक भागीदार बनाया



**लखनऊ।** भारत के पब्लिक हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने आज गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल में दुनिया के पहले एआई -आधारित, कॉन्टैक्टलेस रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम की सफल इंस्टॉलेशन की घोषणा की। यह एडवांस्ड सिस्टम नए उद्घाटन किए गए मेडिकल कॉलेज कॉम्प्लेक्स के हिस्से के रूप में एक स्टेप-डाउन आईसीयू वार्ड में लगाया गया है।इस सुविधा का औपचारिक उद्घाटन असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने किया, जो राज्य की हेल्थकेयर यात्रा में एक महत्वपूर्ण क्षण है और असम को भारत में एआई -सक्षम क्लिनिकल केयर में सबसे आगे रखता है।यह पहल माननीय मुख्यमंत्री के सक्रिय नेतृत्व को दर्शाती है, जिन्होंने असम के पब्लिक हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को विश्व स्तरीय मानकों तक पहुंचाने के लिए एक स्पष्ट और सोच-समझकर कदम उठाया है। लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ साझेदारी में एडवांस्ड एआई -संचालित क्लिनिकल टेक्नोलॉजी को अपनाने का समर्थन करके, राज्य यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसके नागरिकों को अधिक सटीक डायग्नोस्टिक्स, तेज क्लिनिकल मार्गदर्शन और विश्व स्तर पर बेंचमार्क देखभाल मानकों तक पहुंच मिले, जिससे असम भविष्य के लिए तैयार हेल्थकेयर डिलीवरी में एक राष्ट्रीय नेता के रूप में अलग पहचान बना रहा है।असम पब्लिक हेल्थकेयर सिस्टम के भीतर एआई -संचालित हॉस्पिटल मॉडल को चालू करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया है, जो लगातार, बिना किसी रुकावट के रोगी की निगरानी का लाभ उठाकर शुरुआती जोखिम का पता लगाने, वास्तविक समय में क्लिनिकल जानकारी और तेज, अधिक सटीक चिकित्सा निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह सिस्टम चौबीसों घंटे महत्वपूर्ण मापदंडों को ट्रैक करते समय शारीरिक संपर्क को समाप्त करता है, जिससे रोगी की सुरक्षा, संक्रमण नियंत्रण और क्लिनिकल दक्षता बढ़ती है, खासकर उच्च-निर्भरता देखभाल सेटिंग्स में।इस विकास पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. सच्चिदानंद उपाध्याय, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, लॉर्ड्स मार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने कहा, भारत का हेल्थकेयर सिस्टम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है जहां टेक्नोलॉजी को पायलट प्रोजेक्ट से आगे बढ़कर मुख्य क्लिनिकल इंफ्रास्ट्रक्चर बनना होगा। असम सरकार के साथ हमारा सहयोग रिएक्टिव केयर से प्रेडिक्टिव, एआई -आधारित हेल्थकेयर डिलीवरी की ओर बदलाव को दर्शाता है। दुनिया के पहले कॉन्टैक्टलेस, एआई -आधारित रिमोट पेशेंट मॉनिटरिंग सिस्टम को तैनात करके, हम डॉक्टरों को लगातार, वास्तविक समय की जानकारी प्रदान कर रहे हैं। जो अधिक सटीक निदान, समय पर हस्तक्षेप और बेहतर रोगी परिणामों का समर्थन करती है। इस मॉडल को अपनाने में असम का नेतृत्व स्केलेबल, भविष्य के लिए तैयार पब्लिक हेल्थकेयर के लिए एक शक्तिशाली राष्ट्रीय बेंचमार्क स्थापित करता है।

# कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया कोटक सर्विसेज फंड, सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ का मिलेगा फायदा

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने कोटक सर्विसेज फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम है, जो सर्विस सेक्टर पर आधारित है। यह नया फंड ऑफर 4 फरवरी 2026 से 18 फरवरी 2026 तक खुला रहेगा। इसके जरिए निवेशकों को भारत के मुख्य ग्रोथ इंजन यानी सर्विस सेक्टर में निवेश करने का मौका मिलेगा। सर्विस सेक्टर भारत की कुल अर्थव्यवस्था में लगभग 55% योगदान देता है और देश की 31.5% आबादी को रोजगार देता है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर, निलेश शाह ने कहा कि, भारत की सर्विस आधारित अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव हो रहा है। यह बदलाव लोगों की बढ़ती आमदनी, डिजिटल तकनीक के ज्यादा इस्तेमाल और शहरों के तेजी से बढ़ने की वजह से आ रहा है। इन कारणों से यह बदल रहा है कि लोग चीजें कैसे खरीदते हैं, लेन-देन कैसे करते हैं और जरूरी सेवाओं का उपयोग कैसे करते हैं। कोटक सर्विसेज फंड के फंड मैनेजर, रोहित टंडन ने कहा कि, सर्विस सेक्टर में खर्च पर आधारित और एक्सपोर्ट पर आधारित, दोनों तरह के बिजनेस शामिल हैं, जिससे इसमें स्थिरता और ग्रोथ दोनों मिलती हैं। हमारे हिसाब से सर्विस सेक्टर भारत के बाजार में मजबूती और तेजी से बढ़ने की क्षमता का बेहतरीन मेल है।

## नेशनल अर्बन एंड रियल एस्टेट डेवलपमेंट कॉन्क्लेव में शहरी विकास के अगले चरण को प्रदर्शित करने के लिए तैयार है

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रियल एस्टेट सेक्टर में लगातार विकास हो रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, बेहतर कनेक्टिविटी और पूरे राज्य में शहरी विकास के तेज़ी से विस्तार से सपोर्ट मिला है। एक्सप्रेसवे, एयरपोर्ट, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर और हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में बड़े निवेश के साथ, उत्तर प्रदेश अपनी शहरी विकास यात्रा और भविष्य की प्राथमिकताओं को पेश करने की तैयारी कर रहा है, और नारेडको उत्तर प्रदेश नेशनल अर्बन एंड रियल एस्टेट डेवलपमेंट कॉन्क्लेव 2026 में राज्य की भागीदारी को लीड कर रहा है।13-14 फरवरी 2026 को यशोभूमि, नई दिल्ली में होने वाला यह कॉन्क्लेव राज्यों को अपने विकास के अनुभव और भविष्य के रोडमैप शेयर करने के लिए एक प्लेटफॉर्म देगा। उत्तर प्रदेश की भागीदारी शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, घरों की उपलब्धता में सुधार करने और लखनऊ, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या और दूसरे उभरते शहरी सेंटर्स जैसे शहरों में प्लान्ड विकास को सपोर्ट करने के लिए राज्य की कोशिशों को हाईलाइट करेगी। इस सहभागिता में एक्सप्रेसवे, मेट्रो प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्रियल नोड्स और इंटीग्रेटेड टाउनशिप के ज़रिए इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित डेवलपमेंट पर उत्तर प्रदेश का फोकस दिखाया जाएगा।

राज्य में व्यवसाय करने में आसानी, रेगुलेटरी सुधार और टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड गवर्नेंस पर ज़ोर, रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट को आकर्षित करने में अहम भूमिका निभाता है, जिसे देश भर के इंडस्ट्री स्टेकहोल्डर्स के सामने पेश किया जाएगा।

# एल्यूडेकोर ने एसीपी सेक्टर के लिए शुरू की देश की सबसे बड़ी मुफ्त टेस्टिंग ड्राइव




**लखनऊ।** फसाड और बिल्डिंग मैटेरियल सेक्टर में फायर सेफ्टी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, देश की अग्रणी फसाड प्रोडक्ट निर्माता कंपनी एल्यूडेकोर ने एल्यूमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) उद्योग के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। कंपनी ने सभी एसीपी ब्रांड्स के लिए निःशुल्क, स्वैच्छिक और ओपन-टू-ऑल मैटेरियल टेस्टिंग पहल की शुरुआत की है, जो बी2बी क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी पहल मानी जा रही है। एल्यूडेकोर लैमिनेशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर (सेल्स) सौरव काबरा ने कहा एसीपी वैल्यू चेन में फैब्रिकेटर्स की भूमिका बेहद अहम होती है और उन्हें भरोसेमंद व पारदर्शी टेस्टिंग व्यवस्था का समर्थन मिलना जरूरी है। किसी भी प्रोडक्ट के फेल होने की स्थिति में सबसे पहले सवाल फैब्रिकेटर्स पर ही उठते हैं, जबकि यह आर्किटेक्ट्स और बिल्डर्स के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन जाती है। लगातार सामने आ रही आग की घटनाओं के चलते अब टेस्टिंग और ट्रेसबिलिटी किसी एक ब्रांड का नहीं, बल्कि पूरे उद्योग का मुद्दा बन चुकी है। एनएबीएल-मान्यता प्राप्त हमारी इन-हाउस फायर टेस्टिंग सुविधाओं को बिना किसी शुल्क और बिना ब्रांड पहचान के पूरे एसीपी उद्योग के लिए खोलकर हम जिम्मेदार और सूचित मैटेरियल चयन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह पहल प्रतिष्ठा की रक्षा, जोखिम को कम करने और अंततः जीवन बचाने से जुड़ी है। यह पहल ऐसे समय में शुरू की गई है, जब देशभर में इमारतों में आग की घटनाओं के बाद एसीपी की गुणवत्ता, फायर रेजिस्टेंस और ट्रेसबिलिटी को लेकर सवाल तेज़ हुए हैं। एसीपी का उपयोग कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, अस्पतालों, होटलों और आवासीय इमारतों में बड़े पैमाने पर होता है, ऐसे में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता सीधे जन-सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। लखनऊ, जो उत्तर भारत के तेजी से उभरते एसीपी बाजारों में शामिल है, इस पहल का अहम केंद्र है। एल्यूडेकोर का यहां फैब्रिकेटर्स, आर्किटेक्ट्स और बिल्डर्स के साथ लंबे समय से सक्रिय जुड़ाव रहा है।

# जश्न रियल्टी ने लखनऊ में 3,200 करोड़ के निवेश की घोषणा की, तेज़ डिलीवरी सर्वोच्च प्राथमिकता




**लखनऊ।** जश्न रियल्टी ने लखनऊ में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जिसमें कंपनी के नेतृत्व ने आने वाले वर्षों के लिए अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना साझा की। मीडिया को संबोधित करते हुए श्री राहुल अग्रवाल, प्रबंध निदेशक, जश्न रियल्टी, ने बताया कि कंपनी आगामी तीन वर्षों में रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में लगभग 3,200 करोड़ का निवेश करने जा रही है। प्रेस वार्ता के दौरान श्री अग्रवाल ने कहा कि जश्न रियल्टी की विस्तार रणनीति उच्च गुणवत्ता वाले आवासीय और मिक्स्ड-यूज़ प्रोजेक्ट्स पर केंद्रित होगी, जो लखनऊ जैसे टियर-II शहरों में बढ़ती मांग के अनुरूप हैं। उन्होंने शहर के तेज़ी से विकसित होते इंफ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी और बढ़ते निवेशकों के विश्वास को इस बड़े निवेश निर्णय के प्रमुख कारण बताया। श्री राहुल अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि परियोजनाओं की तेज़ और समयबद्ध डिलीवरी कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। समय से पहले और तेज़ डिलीवरी अब केवल एक अतिरिक्त सुविधा नहीं, बल्कि हमारी प्रतिबद्धता है। जश्न रियल्टी में हम अपनी प्रक्रियाओं को सुदृढ़ कर रहे हैं, निष्पादन टीमों को मजबूत बना रहे हैं और उन्नत निर्माण योजना को अपनाकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हमारे प्रोजेक्ट्स तय समय से पहले ग्राहकों तक पहुँचें। कंपनी ने यह भी बताया कि आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स में ग्राहक-केंद्रित डिज़ाइन, नियामकीय अनुपालन और पारदर्शी निष्पादन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जशन रियल्टी का लक्ष्य निर्माण गुणवत्ता, सुरक्षा और सतत विकास मानकों से समझौता किए बिना डिलीवरी टाइमलाइन में नए मानक स्थापित करना है। इस घोषणा को स्थानीय रियल एस्टेट जगत और मीडिया से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है, जिससे जशन रियल्टी को लखनऊ के तेजी से विकसित हो रहे रियल एस्टेट परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक निवेशक के रूप में देखा जा रहा है।

# ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित लोगों के लिए मानसिक सेहत के 5 उपाय

**लखनऊ।** वर्ल्ड कैंसर डे हमें याद दिलाता है कि कैंसर की देखभाल सिर्फ शरीर के इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि मन को सहारा देना भी उतना ही जरूरी है। भारत में ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में सबसे आम है। जब शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर का पता चलता है, तो महिलाओं को इलाज के फैसलों के साथ-साथ भावनात्मक अनिश्चितता का सामना करना पड़ता है। इसमें बीमारी के दोबारा होने (रेकरेंस) का डर और जीवन की गुणवत्ता पर पड़ने वाला असर शामिल है। डॉ. अभिषेक पाठक (सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल ऑन्कोलॉजी, अपोलोमेडिक्स, लखनऊ) कहते हैं, ब्रेस्ट कैंसर का इलाज मरीजों पर शारीरिक और भावनात्मक बोझ डाल सकता है। चाहे वह बार-बार अस्पताल जाने की जरूरत हो या सर्जरी और बाल झड़ने जैसे शारीरिक बदलाव हों। ऐसी चुनौतियां बीमारी दोबारा होने के डर को बढ़ाती हैं और जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करती हैं। आधुनिक थेरेपी अब कुछ तनावों को कम कर रही हैं, जिससे भावनात्मक स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर बेहतर ध्यान दिया जा सकता है। साथ ही, थेरेपी सेशन, पेशेंट नेटवर्क और माइंडफुलनेस जैसे तरीके मरीजों को इस स्थिति का सामना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हालांकि, बीमारी की जल्द पहचान और बेहतर इलाज से जीवित रहने की दर काफी सुधरी है, फिर भी कई मरीज इलाज और रिकवरी के दौरान चिंता, तनाव और भावनात्मक कमजोरी महसूस करते हैं। मानसिक सेहत पर ध्यान देना अब बहुत जरूरी हो गया है। इससे महिलाओं को फिर से नियंत्रण का अहसास होता है, उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपना जीवन बेहतर तरीके से जी पाती हैं। 47 साल की गृहणी मीरा के लिए ब्रेस्ट कैंसर का पता चलना भावनात्मक रूप से बहुत भारी था। परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ बार-बार अस्पताल जाने और भविष्य की चिंता ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था।

# मुख्यमंत्री को कॉफी टेबल बुक भेंट



**लखनऊ ।** उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने इंडियन फार्मास्यूटिकल एलायंस (आईपीए) की कॉफी टेबल बुक 'द अल्केमी ऑफ क्योर' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेंट की। यह पुस्तक भारत के दवा उद्योग की यात्रा को आसान और स्पष्ट भाषा में बताती है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे उद्यमिता और सरकार की मजबूत नीतियों के सहयोग से भारत 'दुनिया की फार्मेसी' बना। फार्मा सेक्टर को और आगे बढ़ाने के लिए प्रतिनिधियों ने नियमों में समानता, दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने और शिक्षा व शोध संस्थानों को मजबूत करने पर ज़ोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज विश्वास, परिवर्तन और समयबद्ध डिलीवरी का रोल मॉडल बन चुका है।कानून का राज पूरी मजबूती से लागू मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा उत्तर प्रदेश में कानून का राज पूरी ताकत के साथ लागू किया गया है। किसी को भी कानून से खिलवाड़ करने की छूट नहीं है। यदि कोई कानून को चुनौती देता है, तो कानून अपने दायरे में रहकर उसी भाषा में जवाब देता है। यह नया उत्तर प्रदेश है, जहां शासन कमजोर नहीं, बल्कि निर्णायक है। 2017 से पहले अराजकता, आज विकास और सुरक्षा मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय उत्तर प्रदेश असुरक्षा, अराजकता और अविश्वास का प्रतीक बन गया था। 2012 से 2017 के बीच राज्य में 900 से अधिक दंगे हुए। शायद ही कोई शहर बचा हो जहां कर्फ्यू न लगा हो। उद्योग, व्यापार और स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों को गुंडा टैक्स देना पड़ता था। असुरक्षा के कारण कई उद्योग राज्य छोड़ने को मजबूर हुए और युवाओं को पलायन करना पड़ा। यह पीड़ा केवल उद्यमियों की नहीं, बल्कि हर व्यापारी, हर निवेशक और हर नागरिक की थी। जीरो टॉलरेंस नीति के सकारात्मक परिणाम मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद सबसे बड़ी चुनौती कानून-व्यवस्था को मजबूत करना और नागरिकों में विश्वास पैदा करना था। राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई और स्पष्ट किया कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होगा।

## बैटरी स्मार्ट ने एडब्ल्यूएस के सहयोग से पहली बार हैकस्मार्ट टेक हैकाथॉन की घोषणा की




**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दो-पहिया और तीन-पहिया वाहनों के लिए भारत के सबसे बड़े बैटरी-स्वैपिंग नेटवर्क बैटरी स्मार्ट ने आज अमेज़न वेब सर्विसेज के सहयोग से आयोजित अपने पहले तकनीकी हैकाथॉन हैकस्मार्ट के सफल समापन की घोषणा की। बैटरी इंटेलिजेंस, ईवी संचालन और क्लाउड-स्केल इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी वास्तविक स्वच्छ मोबिलिटी चुनौतियों के समाधान के उद्देश्य से डिज़ाइन किए गए इस हैकाथॉन को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। इसमें 1,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 200 से अधिक प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। ये प्रतिभागी आईआईटी, बीआईटीएस, एनआईटी सहित देश के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों और शीर्ष विश्वविद्यालयों से थे। इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, बैटरी स्मार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट इंजीनियरिंग, डेटा एवं प्रोडक्ट, तेजसव खट्टर ने कहा हैकस्मार्ट स्वच्छ मोबिलिटी को आगे बढ़ाने और भारत के नवोन्मेषकों के लिए सार्थक अवसर सृजित करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत विचारों और उनके क्रियान्वयन की गुणवत्ता वास्तव में सराहनीय रही। यह हमें बैटरी प्रबंधन और ग्रिड-रेडीनेस से जुड़ी चुनौतियों के समाधान हेतु एआई और एमएल आधारित दृष्टिकोणों को और अधिक अपनाने के लिए प्रेरित करता है। हैकाथॉन की शुरुआत 31 जनवरी 2026 को हुई और इसका समापन बैटरी स्मार्ट और एडब्ल्यूएस के इंजीनियरों के सहयोग से आयोजित एक उच्च-तीव्रता वाले 24-घंटे के बिल्ड स्प्रिंट के साथ हुआ।

# IHW काउंसिल द्वारा आयोजित 7वें कैंसर समिट में अमित कुमार घोष का



**लखनऊ।** विश्व कैंसर दिवस की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में इंटीग्रेटेड हेल्थ एंड बिल्डिंग काउंसिल द्वारा आयोजित 7वें कैंसर समिट एंड अवार्ड 2026 में उत्तर प्रदेश ने कैंसर देखभाल को मजबूत करने और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के अपने समर्पण को और दृढ़ किया है। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार की तरफ़ से उत्तर प्रदेश सरकार में मेडिकल हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर एंड मेडिकल एजुकेशन के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी श्री अमित कुमार घोष उपस्थित हुए। उन्होंने मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पेशेंट एडवोकेसी और साक्ष्य-आधारित बातचीत में IHW काउंसिल के लगातार काम की सराहना करते हुए श्री घोष ने कहा कि ऐसे मंच नीतियों के उद्देश्यों को धरातल पर उतारने के लिए बहुत ज़रूरी होते हैं। उन्होंने पहली बार केंद्रीय स्वास्थ्य बजट का 1 लाख करोड़ से ज़्यादा होना एक महत्वपूर्ण पल बताया। यह बजट हेल्थकेयर को आर्थिक विकास, सामाजिक समानता और इंडिया@2047 विज़न के ड्राइवर के तौर पर स्थापित करता है। अमित घोष ने अपने भाषण में कहा,उत्तर प्रदेश एपिसोडिक कैंसर देखभाल से हटकर एक प्रणाली संचालित, रोकथाम और तकनीक-सक्षम मॉडल की ओर बढ़ रहा है जो हर जिले तक पहुंचेगा। हमने सरकारी मेडिकल कॉलेजों और कैंसर संस्थानों का तेज़ी से विस्तार किया है, आबादी के आधार पर स्क्रीनिंग को मज़बूत किया है। हम लोगों के घरों के करीब इलाज पहुँचाने के लिए पूरे राज्य में डेडिकेटेड कैंसर डे-केयर सेंटर बना रहे हैं। आयुष्मान भारत, डिजिटल हेल्थ पहलों और मज़बूत सरकारी-प्राइवेट साझेदारी के ज़रिए हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर मरीज़ को, चाहे वह कहीं भी रहता हो या उसकी आय कितनी भी हो, समय पर निदान, किफायती इलाज और सम्मानजनक मरीज़-केंद्रित कैंसर देखभाल मिल सके।उत्तर प्रदेश के बदलाव पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि सरकार ने मेडिकल कॉलेज की संख्या 9 से बढ़कर 43 की है। इससे ऑंकोलॉजी सेवाओं को और मजबूती मिली है और राज्य में रिसर्च क्षमता और ट्रेनिंग में बढ़ोतरी हुई है।

## एल्यूडेकोर ने एसीपी सेक्टर के लिए शुरू की देश की सबसे बड़ी मुफ्त टेस्टिंग ड्राइव

**नई दिल्ली।** फसाड और बिल्डिंग मैटेरियल सेक्टर में फायर सेफ्टी को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, देश की अग्रणी फसाड प्रोडक्ट निर्माता कंपनी एल्यूडेकोर ने एल्यूमिनियम कंपोजिट पैनल (एसीपी) उद्योग के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाया है। कंपनी ने सभी एसीपी ब्रांड्स के लिए निःशुल्क, स्वैच्छिक और ओपन-टू-ऑल मैटेरियल टेस्टिंग पहल की शुरुआत की है, जो बी2बी क्षेत्र में अपनी तरह की सबसे बड़ी पहल मानी जा रही है। एल्यूडेकोर लैमिनेशन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर (सेल्स) सौरव काबरा ने कहा एसीपी वैल्यू चेन में फैब्रिकेटर्स की भूमिका बेहद अहम होती है और उन्हें भरोसेमंद व पारदर्शी टेस्टिंग व्यवस्था का समर्थन मिलना जरूरी है। किसी भी प्रोडक्ट के फेल होने की स्थिति में सबसे पहले सवाल फैब्रिकेटर्स पर ही उठते हैं, जबकि यह आर्किटेक्ट्स और बिल्डर्स के लिए भी एक बड़ी चुनौती बन जाती है। लगातार सामने आ रही आग की घटनाओं के चलते अब टेस्टिंग और ट्रेसबिलिटी किसी एक ब्रांड का नहीं, बल्कि पूरे उद्योग का मुद्दा बन चुकी है। एनएबीएल-मान्यता प्राप्त हमारी इन-हाउस फायर टेस्टिंग सुविधाओं को बिना किसी शुल्क और बिना ब्रांड पहचान के पूरे एसीपी उद्योग के लिए खोलकर हम जिम्मेदार और सूचित मैटेरियल चयन को बढ़ावा दे रहे हैं। यह पहल प्रतिष्ठा की रक्षा, जोखिम को कम करने और अंततः जीवन बचाने से जुड़ी है। यह पहल ऐसे समय में शुरू की गई है, जब देशभर में इमारतों में आग की घटनाओं के बाद एसीपी की गुणवत्ता, फायर रेजिस्टेंस और ट्रेसबिलिटी को लेकर सवाल तेज़ हुए हैं। एसीपी का उपयोग कमर्शियल कॉम्प्लेक्स, अस्पतालों, होटलों और आवासीय इमारतों में बड़े पैमाने पर होता है, ऐसे में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता सीधे जन-सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा बन जाता है। लखनऊ, जो उत्तर भारत के तेजी से उभरते एसीपी बाजारों में शामिल है, इस पहल का अहम केंद्र है।

## हंगामा ओटीटी की लोकप्रिय एंथोलॉजी हसरतें सीजन 3 के साथ लौटी: छह महिलाएं, छह कहानियां, खुद को चुनने की एक अडिग जरूरत




**मुंबई।** भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म में से एक हंगामा ओटीटी ने हसरतें सीजन 3 के लॉन्च की घोषणा की है। यह इसकी बेहद पसंद की जाने वाली एंथोलॉजी का अगला अध्याय है, जो महिलाओं की भीतरी दुनिया, अनकही इच्छाओं और शांत विद्रोह को लगातार सामने लाता रहा है। पहले दो सीजन की शानदार सफलता के बाद, यह सीजन और ऊंचा स्तर तय करता है। इसमें दमघोंटू शादियां, सख्त परंपराएं, राजनीतिक इस्तेमाल और भावनात्मक उपेक्षा से गढ़ी गई जिंदगियों की परतें खोली गई हैं। सालों में, हसरतें ने उन कहानियों के लिए एक मजबूत जगह बनाई है, जो अक्सर अनकही रह जाती हैं। महिलाओं की इच्छाओं, पहचान और सामाजिक बंधनों के बीच के संघर्ष को ईमानदारी और बेबाकी से दिखाने के कारण इसने दर्शकों से गहरा जुड़ाव बनाया है।

## स्कोडा काइलाक ने एक वर्ष पूरा होने पर 50,000 बिक्री का आंकड़ा किया पार




**मुंबई ।** 2025 में अब तक का सबसे सफल बिक्री वर्ष दर्ज करने और नई काइलाक लॉन्च करने के बाद, स्कोडा ऑटो इंडिया अपने बढ़ते प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के साथ तेज़ी से आगे बढ़ रही है। ब्रांड ने अपनी बेस्ट-सेलिंग कार काइलाक के वेरिएंट्स बढ़ाकर भारतीय सड़कों पर यूरोपीय तकनीक को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी रणनीति को आगे बढ़ाया है, जिससे ग्राहकों को ज्यादा विकल्प और बेहतर वैल्यू मिलती है।काइलाक भारत में स्कोडा ऑटो की ग्रोथ स्टोरी का एक मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है। लॉन्च के बाद से 50,000 से अधिक यूनिट्स की बिक्री के साथ, काइलाक ने ब्रांड के भारत में 25वें वर्ष में स्कोडा ऑटो इंडिया के अब तक के सर्वश्रेष्ठ बिक्री प्रदर्शन में अहम योगदान दिया है। काइलाक में सुरक्षा, ड्राइविंग डायनेमिक्स, तकनीक और वैल्यू का मेल ग्राहकों को बेहद पसंद आया है, जिससे यह सब-4 मीटर एसयूवी सेगमेंट में एक मजबूत दावेदार बन गई है।

## आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर कैंपेन की लॉन्चिंग के साथ सुर्खियों में आई ह्युंडई और आईसीसी की साझेदारी



**गुरुग्राम।** आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड 2026 के लिए उत्साह लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में ह्युंडई मोटर कंपनी की आईसीसी के साथ मल्टी-ईयर प्रीमियर पार्टनरशिप के तहत ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एच एम आई एल) ने दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर ब्रांड कैंपेन लॉन्च किया है। यह एक व्यापक, हाई-इम्पैक्ट राष्ट्रव्यापी ब्रांड कैंपेन है। भारत में क्रिकेट के प्रति गहरे जुनून का जश्न मनाने और साथ ही फैंस एवं ग्राहकों के साथ ह्युंडई के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया यह इंटीग्रेटेड कैंपेन ऑन-ग्राउंड अनुभवों, यादगार पलों, डीलरशिप एक्टिवेशन और मास-मीडिया आउटरीच तक फैला है। इसमें खेल, मोबिलिटी और फैनडम को अभूतपूर्व तरीके से साथ लाया गया है। एच एम आई एल के ब्रांड एंबेसडर शाहरुख खान के नेतृत्व में यह कैंपेन आईसीसी के साथ ह्युंडई के जुड़ाव को और मजबूत करता है, साथ ही क्रिकेट के लिए भारत के कभी न खत्म होने वाले प्यार और जुनून के साथ ब्रांड के गहरे कनेक्शन को भी दिखाता है। जाने-माने फिल्म निर्माता वासन बाला (जो जिगरा, मर्द को दर्द नहीं होता, मोनिका! ओ माय डार्लिंग के लिए जाने जाते हैं) द्वारा निर्देशित, यह मुख्य फिल्म एसआरके की कल्ट क्लासिक परदेस के आइकॉनिक ट्रैक ये दिल दीवाना को नए अंदाज में पेश करके 90 के दशक की यादों को ताजा करती है। कैंपेन के बारे में बात करते हुए और आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया को सफलता की शुभकामनाएं देते हुए ह्युंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिस श्री तरुण गर्ग ने कहा, भारत में क्रिकेट निरंतरता, विश्वास और आकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता है। ये ऐसे मूल्य हैं जो ह्युंडई में हमारे साथ गहराई से जुड़े हैं। आईसीसी के प्रीमियर पार्टनर के तौर पर एच एम आई एल को टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले 'दीवाने इंडिया का दीवाना हमसफर' ब्रांड कैंपेन लॉन्च करते हुए गर्व हो रहा है। यह कैंपेन एक ऐसी सच्चाई से प्रेरित है जिसे नकारा नहीं जा सकता। यह सच्चाई कि भारत में क्रिकेट हर दिन जिया जाता है, स्टेडियम से कहीं ज्यादा।

# एसआईआर 2026 : फार्म भरने को लेकर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए विभिन्न पहचान पत्रों के नाम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित फार्म-6, 6 क, 7 एवं 8 भरने की प्रक्रिया को लेकर उप जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा नागरिकों को विस्तृत जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र भरना अनिवार्य है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि फार्म-6 में आवेदक का नाम एवं सही पता शुद्ध वर्तनी में, नवीनतम स्पष्ट फोटो तथा वर्तमान मोबाइल नंबर अंकित किया जाना आवश्यक है।

आयु के प्रमाण हेतु आवेदक निम्न में से कोई एक अभिलेख संलग्न कर सकता है–सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, हाईस्कूल अथवा इंटरमीडिएट प्रमाण पत्र (जिसमें जन्म तिथि अंकित हो), भारतीय पासपोर्ट अथवा जन्म तिथि के प्रमाण हेतु कोई अन्य वैध दस्तावेज।

निवास प्रमाण हेतु पानी, बिजली अथवा गैस कनेक्शन का कम से कम एक वर्ष पुराना बिल, आधार कार्ड, राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक अथवा डाकघर की वर्तमान पासबुक, भारतीय पासपोर्ट, राजस्व विभाग का भूमि स्वामित्व अभिलेख (किसान बही सहित), पंजीकृत किराया पट्टा विलेख अथवा पंजीकृत विक्रय विलेख मान्य होंगे। यदि कोई भी अभिलेख उपलब्ध न हो, तो निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा स्थलीय सत्यापन कराया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि फार्म-6 के साथ दिए जाने वाले घोषणा पत्र में आवेदक को वर्ष 2003 की अंतिम मतदाता सूची में स्वयं अथवा माता-पिता, दादा-दादी या नाना-नानी में से किसी एक का विवरण, विधानसभा क्षेत्र संख्या, भाग संख्या एवं क्रम संख्या अंकित करनी होगी। यदि यह विवरण सही मैपिंग के साथ उपलब्ध है, तो आवेदक को कोई नोटिस निर्गत नहीं किया जाएगा। यदि विवरण उपलब्ध नहीं है अथवा डाटाबेस से मेल नहीं खाता है, तो नोटिस जारी किया जाएगा।

यदि आवेदक का जन्म 01 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में हुआ है, तो उपरोक्त 13 में से कोई एक अभिलेख देना होगा। यदि जन्म 01 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, तो स्वयं के साथ माता या पिता के जन्म प्रमाण से संबंधित अभिलेख भी देने होंगे। यदि जन्म 02 दिसंबर 2004 के बाद हुआ है, तो स्वयं, पिता एवं माता–तीनों के जन्म तिथि/जन्म स्थान के प्रमाण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पात्र नागरिक भारत निर्वाचन आयोग के पोर्टल voters.eci.gov.in पर जाकर ऑनलाइन फार्म-6 (घोषणा पत्र सहित) भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त ऑफलाइन फार्म भरकर आवश्यक अभिलेखों सहित संबंधित बीएलओ, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को भी जमा किया जा सकता है।

नाम अपमार्जन हेतु फार्म-7 किसी पंजीकृत मतदाता द्वारा मृत्यु, अवयस्कता, स्थायी स्थानांतरण, दोहरे नामांकन अथवा नागरिकता से संबंधित कारणों के आधार पर भरा जा सकता है। आवेदन में संबंधित व्यक्ति का पूरा विवरण एवं प्रमाण देना अनिवार्य होगा। गलत जानकारी देने पर दंड का प्रावधान है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आवेदन में दी गई किसी भी जानकारी के असत्य पाए जाने पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### नोटिस के उत्तर में प्रस्तुत किए जाने वाले 13 अभिलेख

नोटिस के उत्तर में जन्म तिथि अथवा जन्म स्थान के प्रमाण हेतु निम्न में से कोई एक अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा- सरकारी कर्मचारी/पेंशनभोगी पहचान पत्र, 01 जुलाई 1987 से पूर्व जारी कोई पहचान पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, भारतीय पासपोर्ट, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, परिवार रजिस्टर, सरकारी भूमि/मकान आवंटन प्रमाण पत्र, आधार संबंधी आयोग के निर्देशानुसार वैध दस्तावेज अथवा बिहार एसआईआर की मतदाता सूची का अंश (01 जुलाई 2025)।

## कोहरे का कहर : ट्रक से भिंडा बाइक सवार, मौके पर ही दर्दनाक मौत

**हाटा, कुशीनगर।** कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार की सुबह घने कोहरे के बीच एक बाइक सवार और दूध लदे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इसमें बाइक सवार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गई।

जानकारी के अनुसार रामकोला थाना क्षेत्र के सिद्धावे बरवा टोला निवासी त्रिभुवन राय पुत्र राम आधार अपने एक दोस्त को विदेश जाने के संबंध में गोरखपुर छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। परिजनों ने बताया कि त्रिभुवन स्वयं भी इसी माह विदेश जाने की तैयारी में थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सुबह घना कोहरा होने के कारण सामने से आ रहे ट्रक से बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक त्रिभुवन राय अपने पीछे पत्नी, तीन बेटियां और एक बेटा छोड़ गए हैं। उनके पिता राम आधार ने बताया कि त्रिभुवन उनके दो बेटों में छोटे थे।

# आगामी बजट में केंद्र व प्रदेश सरकार पत्रकार हितों में भी कुछ अंश बजट पेश करें : घनश्याम

- संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a), 38 एवं 41 की भावना के अनुरूप है, जिनमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सामाजिक सुरक्षा की गारंटी दी गई है

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** राष्ट्रीय सामाजिक महासंगठन सर्वहितकारी पत्रकार परिवार महासंगठन रजि. ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों की सरकारों से मांग की है कि लोकतंत्र के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ पत्रकारिता में लगे पत्रकारों के लिए भी बजट में घोषणाएं करें। संविधान लागू होने के बाद आज तक किसी भी सरकार ने पत्रकारों को कोई भी बजट ही नही दिया है जो दुर्भाग्यपूर्ण भी है और स्वस्थ लोकतंत्र में एक महत्वपूर्ण स्तम्भ को नजरंदाज करना घोर निंदनीय भी है।

उक्त बाते महासंगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद सागर ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान उक्त बाते कहीं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों की दयनीय स्थिति रहती है वे जनसेवा के लिए कैसे कैसे व्यवस्था करके समाचार संग्रह करते हैं उन्हें जिला सूचना विभागों में दर्ज सूची के आधार पर पेंशन, मासिक भत्ता सहित सभी सुविधाएं दी जानी चाहिए। सर्वहितकारी पत्रकार परिवार महासंगठन (रजि.) जो कि पत्रकारों के हित, सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण हेतु राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत एक पंजीकृत महासंगठन है, महासंगठन उत्तर प्रदेश सरकार से पत्रकारों से जुड़ी एक अत्यंत महत्वपूर्ण मांग प्रस्तुत करना चाहता है जिसे आगामी आसन्न बजट मे जरुर जगह दिया जाए। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं। वे विषम परिस्थितियों, सीमित संसाधनों, जोखिमपूर्ण वातावरण एवं सामाजिक दबावों के बीच कार्य करते हुए जनहित में सूचनाओं का संप्रेषण करते हैं। इसके बावजूद राज्य के अधिकांश छोटे, ग्रामीण एवं स्वतंत्र पत्रकार स्वास्थ्य, दुर्घटना, आर्थिक संकट एवं वृद्धावस्था में गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। अतः संगठन की ओर से यह विनम्र मांग की जाती है।

**महासंगठन की प्रमुख मांगे**

उत्तर प्रदेश में पृथक पत्रकार कल्याण निधि का गठन किया जाए। सभी मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त सक्रिय पत्रकारों को स्वास्थ्य बीमा योजना से आच्छादित किया जाए दुर्घटना, गंभीर बीमारी अथवा आपात स्थिति में तत्काल आर्थिक सहायता का प्रावधान किया जाए। वरिष्ठ पत्रकारों के लिए सम्मानजनक पेंशन योजना लागू की जाए। महिला पत्रकारों एवं ग्रामीण पत्रकारों के लिए विशेष कल्याण प्रावधान किए जाएं।

# शब-ए-बारात : मस्जिदों में इबादत, कब्रिस्तानों पर फातिहा पढ़ मगफिरत की मांगी दुआ

- जिले भर में अकीदत के साथ मनाया गया शब-ए-बारात त्यौहार
- कई जगहों पर मस्जिदों एवं कब्रिस्तानों सजाया भी गया था

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजामों के बीच कुशीनगर जिले में शब-ए-बारात मंगलवार की रात शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। शब-ए-बारात की रात मुस्लिम समुदाय के लोग कब्रिस्तान में अपने बुजुर्गों की कब्रों के पास फातिहा पढ़े। मस्जिदों में पूरी रात इबादत कर अपनी गुनाहों की माफी मांगी। मुस्लिम महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की, कुरान की तिलावत करके अल्लाह से अमन, शुकुन चैन की दुआ मांगी।

बता दें कि शबे-बारात की रात बड़ी संख्या में अकीदत मंद लोगों ने मस्जिदों और मजारों को भी झालरों आदि से सजा दिया था। कब्रिस्तान में आने वाले लोगों ने अपने पूर्वजों की कब्रों पर मोमबत्तियां जलाकर फातिहा पढ़ा। वहीं कुरआन की तिलावत भी किया। इस दौरान जिले भर के कब्रिस्तानों और जरूरी स्थानों पर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम कर रखी थी।

### सच्चे दिल से इबादत करने पर मिलती है गुनाहों की माफी

मुस्लिम समुदाय में शब-ए- बारात का त्योहार बेहद खास माना जाता है। समुदाय के जानकारों के अनुसार इस दिन अल्लाह की रहमते बरसती है। पूरी रात अल्लाह को याद करते हैं। उनसे अपने गुनाहों की माफी मांगते है। इस रात दुआ और माफी दोनों ही अल्लाह ताला मंजूर करते है और गुनाह से पाक कर देता है। इस रात अल्लाह अपनी अदालत में पाप और पुण्य का निर्णय लेते हैं और अपने बंदों के किए गए कामों का हिसाब-किताब करते है। जो लोग पाप करके जहन्नुम में जी रहे होते हैं, उनको भी इस दिन उनके गुनाहों की माफी देकर के जन्नत में भेज दिया जाता है। दूसरों के खिलाफ साजिश और दूसरे की जिंदगी का हक छीनने वालो को अल्लाह कभी माफ नहीं करता है। अगले दिन रोजा रख इंसान के पिछली शब-ए-बारात से इस शब-ए-बारात तक के सभी गुनाहों से माफी मिल जाती है। लेकिन अगर रोजाना भी रखा जाए तो गुनाह नहीं मिलता है लेकिन रखने पर तमाम गुनाहों से माफी मिल जाती है।

# यूजीसी कानून : देश में न्याय नहीं, वर्ग विशेष की थोपी जा रही राजनीति

- भारी विरोध और आक्रोश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने लगाई दी रोक

शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** यूजीसी कानून के नाम पर देश में न्याय नहीं, वर्ग विशेष की राजनीति थोपी जा रही है। हालांकि देश भर में भारी विरोध व आक्रोश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी कानून पर रोक लगा दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने 2012 के ही नियमों को अब तक लागू करने को कहा है। उधर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यूजीसी 2026 के नए नियमों को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर करते हुए कहा, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि कोई भेदभाव नहीं होगा और कोई भी इस कानून का दुरुपयोग नहीं कर सकेगा।

**हाटा तहसील में प्रदर्शन आज :** यूजीसी एक्ट के विरोध में सवर्ण समाज के द्वारा आज हाटा तहसील में प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया गया। यूजीसी जैसे काले कानून को सरकार को वापस लेना पड़ेगा इस कानून से समाज में भेद भाव उत्पन्न हो गया है।

**सवाल :** ● क्या सामान्य वर्ग के छात्र इंसान नहीं हैं? ● क्या आरोप लगते ही दोषी मान लेना ही अब कानून है? ● यह कानून सुरक्षा नहीं, बल्कि पूरी तरह भेदभाव है। ● यह न्याय नहीं, राजनीतिक एजेंडा है। ● संविधान सबके लिए बराबर है। किसी जाति-धर्म को बांटा नहीं जा सकता है।



एससी-एसटी-ओबीसी छात्रों की सुरक्षा के बहाने जनरल वर्ग को पहले से ही अपराधी मान लेना किस संविधान और न्याय पर आधारित है? विद्यार्थियों और शिक्षकों को जाति के आधार पर बांटना कहा तक उचित हैं, कल तक जो छात्र एक थाली में खाते थे उन्हें अब यूजीसी गाइड लाइन लाकर बांटने का प्रयास किया गया है।

**रणजीत सिंह गोलू, शिक्षक व समाजसेवी**



जाति और धर्म के आधार पर नहीं, कृति के आधार अपराधी होते है, यूजीसी एक्ट से छात्र वर्ग में दुरुपयोग किया जाएगा जिसे स्वर्ण समाज के छात्रों शिक्षकों का शोषण होगा। ऐसे हर कानून का खुलकर विरोध करता हूं जो, एक वर्ग को पीड़ित और, दूसरे को जन्म से दोषी घोषित करता हो।

**आर्यन सिंह, राजपूत, करणी सेना जिलाध्यक्ष, कुशीनगर**



यूजीसी द्वारा देश के सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में जातिवादी घटनाओं को रोकने के लिए जो नए नियम लागू किए गये है, जिससे सामाजिक तनाव का वातावरण पैदा हो गया है। ऐसे वर्तमान हालात के मद्देनजर रखते हुए माननीय सुप्रीम कोर्ट का यूजीसी के नए नियम पर रोक लगाने का फैसला उचित है।

**विनय प्रताप राव, सभासद मणिपूरम वार्ड नंबर 17 कसया**



यूजीसी एक्ट देश व स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक तनाव का वातावरण पैदा करेगा। अगर यूजीसी नए नियम को लागू करने से पहले सभी पक्ष को विश्वास में ले लेती और जांच कमेटी आदि में भी अपर कास्ट समाज को नेचुरल जस्टिस के अन्तर्गत उचित प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है।

**आयुष तिवारी, छात्र नेता बुद्ध पीजी कालेज, कुशीनगर**

# मार्ग दुघर्टना में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

- क्षेत्र के मझना नाला के पास सोमवार को हुआ था हादसा

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के खोट्ठ टोला चुरामनचक निवासी दुर्गा वर्मा (40) की सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा सोमवार को मझना नाला पुल के पास हुआ था। पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब एक बजे हाटा-पिपराइच मार्ग पर झुंगहिया के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने पहले एक ढाई वर्षीय मासूम बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद, बाइक सवार घटनास्थल से भागते हुए लगभग पांच सौ मीटर दूर मझना नाला के पास पहुंचा और हाटा की ओर जा रही एक ऑटो में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस टक्कर में बाइक पर सवार दुर्गा वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत एम्बुलेंस से सीएचसी देवतहा ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें एम्स गोरखपुर रेफर कर दिया। एम्स में भी स्थिति नाजुक बनी रहने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर किया गया, लेकिन मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही दुर्गा वर्मा ने दम तोड़ दिया। दुर्गा के परिजन शव को घर ले आए। मंगलवार को अहिरौली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों को इस घटना से गहरा दुख है। मृतक दुर्गा वर्मा नागालैंड में बढ़ई का काम करते थे। वह एक सप्ताह पहले ही अपने घर आए थे। सोमवार को वह नागालैंड वापस जाने के लिए गोरखपुर स्टेशन गए थे, लेकिन ट्रेन छूट जाने के कारण साथी मोनू की बाइक से घर लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

## महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम कल

**कुशीनगर।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग के निर्देश पर महिला उत्पीड़न की रोकथाम तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के उद्देश्य से कल दिनांक 04 फरवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

उक्त की जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता उ.प्र. राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य श्रीमती जनक नंदिनी जी द्वारा की जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 09:00 बजे सर्किट हाउस, पड़रौना में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात 09:30 बजे महिला अस्पताल (पीएचसी/सीएचसी) का निरीक्षण किया जाएगा। पूर्वाह्न 11:00 बजे से तहसील सभागार सदर पडरौना में महिला जनसुनवाई का आयोजन होगा, जहां महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके उपरांत 12:30 बजे वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, 02:00 बजे पिंक बूथ का अवलोकन तथा 02:30 बजे कसया ब्लॉक में जागरूकता जन चौपाल, आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई एवं अन्नप्रासन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# कुशीनगर में खनिज लदे पकड़े गए वाहनों पर हुई जुर्माने की कार्रवाई

- खनन अधिकारी कुशीनगर व खनन निरीक्षक गोरखपुर के संयुक्त अभियान में मिली सफलता
- पांच दिन पूर्व टोल प्लाजा हाटा सहित कसया, जटहां व पडरौना में हुई छापेमारी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** राष्ट्रीय राज मार्ग 28 पर पांच दिन पूर्व खनिज लदे वाहनों पर खनन निरीक्षक गोरखपुर, खनन अधिकारी कुशीनगर व देवरिया की संयुक्त टीम ने टोला प्लाजा समेत कई स्थानों पर छापेमारी किया। इसमें कई वाहनों का प्राप्त सही नहीं मिला जिसके बाद टीम बड़े पैमाने पर जुर्माने की कार्रवाई कर धनराशि को जमा कराया।

निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उ.प्र., लखनऊ एवं जिलाधिकारी द्वारा दिए गये निर्देश के कम में प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, गोरखपुर के नेतृत्व में खनन अधिकारी कुशीनगर, खनन निरीक्षक गोरखपुर व महराजगंज एवं खनिज मोहर्रिर देवरिया द्वारा संयुक्त रूप से जनपद कुशीनगर में बीते 29/30 जनवरी 2026 को औचक छापेमारी की गई। उ.प्र. उपखनिज परिहार नियमावली 2021 के सुसंगत नियमों के अन्तर्गत जनपद कुशीनगर के विभिन्न स्थलों टोल प्लाजा हाटा, कसया, जटहां व पडरौना आदि जगहों पर खनिज लदे वाहनों की जांच की गई।

जांच के दौरान बिना परिवहन प्रपत्र एवं बिना आई.एस.टी.पी. के कुल 08 वाहन पाए गये, जिसमें से 01 वाहन पर रू. 1.75 लाख की बकाया नोटिस होने पर थाना कसया एवं 02 वाहनों को थाना कोतवाली पडरौना की अभिरक्षा में दिया गया है, जबकि 05 वाहनों से मौके पर ही जुर्माने की धनराशि रू. 2.42 लाख खनन मद में जमा कराई गई है। इसके अतिरिक्त जनपद आजमगढ़ के बकाया नोटिस की धनराशि रू. 46120/ भी मौके पर जमा करा गया है।

## ग्यारहवें वार्षिकोत्सव को लेकर बीआरएम स्कूल में तैयारी बैठक

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सेवरही विकासखंड के ग्राम सभा सलेमगढ़ बाजार में स्थित बीआरएम स्कूल में ग्यारहवें वार्षिकोत्सव एवं स्थापना दिवस समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को विद्यालय के मीटिंग हॉल में पत्रकार वार्ता आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की गई।

उल्लेखनीय हो कि विद्यालय के प्रबंधक राजन कुमार मिश्रा एवं आजीवन सुझाव समिति के अध्यक्ष, अवकाश प्राप्त शिक्षक राम इकबाली राय ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 7 फरवरी शाम 5 बजे से विद्यालय प्रांगण में समारोह आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों के बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया गया है। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे भाला क्षेपण, गोला क्षेपण, तीन पैरी दौड़, बास्केटबॉल, शतरंज, कैरम, लांग जंप, हाई जंप, स्लो साइकिल रेस, 100 मीटर दौड़, मार्बल-स्पून रेस, फुटबॉल व वॉलीबॉल सहित नृत्य, गायन व पेंटिंग प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा।

## डीएम ने की जनसुनवाई, अधिकारियों को दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश



**अमेठी।** मंगलवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आमजन की समस्याएं सुनीं। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अनियंत्रित होकर सड़क पर डंपर पलटा, खलासी गंभीर रूप से घायल




**गौरीगंज/अमेठी ।** कोतवाली क्षेत्र के काज़ीपट्टी गांव के पास मंगलवार की सुबह लगभग तीन बजे रायबरेली-सुल्तानपुर रोड पर अनियंत्रित होकर गिट्टी लदा डंपर पलट गया। सड़क दुघर्टना में डंपर का खलासी घायल हो गया। चालक बाल-बाल गया । घायल खलासी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डंपर संख्या BR 24G D 2203 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। डंपर में गिट्टी भरी हुई थी, जो सड़क पर बिखर गई। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। घायल खलासी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोतवाल श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि सड़क से गिट्टी हटवाकर डंपर को हटाया गया, जिसके बाद यातायात सामान्य रूप से बहाल हो सका। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

## रोडवेज कर्मी से मारपीट का आरोप, थाने में दी तहरीर

**अमेठी।** एक रोडवेज कर्मचारी से मारपीट और 5000 रुपये छीनने का मामला सामने आया है। टिकरी गांव निवासी मोहम्मद शरीफ ने एक युवक पर यह आरोप लगाते हुए अमेठी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित बुजुर्ग अमेठी रोडवेज में कर्मचारी बताए जा रहे हैं। मंगलवार की सुबह करीब 11 बजे जब वह अपने किराए के कमरे से बाजार जा रहे थे, तब सड़क पर खड़े युवक ने उन्हें देखकर गाली-गलौज शुरू कर दी। युवक ने कहा कि तुम कहते हो हमने 60,000 उधार लिए हैं, जो करना है कर लो, मैं पैसे नहीं दूंगा। कहासुनी के बीच मोहम्मद शरीफ को धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया और उनकी जेब में रखे खरीदारी के लिए रखे 5,000 छीन लिए मोहम्मद शरीफ ने अमेठी कोतवाली पहुंचकर पुलिस से शिकायत की और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**NER-LJN-2026-20**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है–

ई–निविदा संख्या–NER-LJN-2026-20, कार्य का नाम: सहायक मंडल इंजीनियर मैलानी के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत निम्न कार्यः– 1) भीराखिरी–पलियाँकला के मध्य निर्धारित क्रॉस सेक्शन के सुरक्षा कार्य (स्पर) का प्रावधान। (2) भीराखिरी–पलियाँकला खंड के कि॰मी॰ 237/5–6 पर स्थित प्रमुख पुल सं0 96 के एवर्टमेंट का सुदृढ़ीकरण एवं विंग वॉल का पुनर्निर्माण। (3) पलियाँकला–दुधवा के मध्य मौजूदा आर्च ब्रिज सं॰ –91 (2x3.66 मी0) का पुनर्निर्माण/सुदृढ़िकरण। (4) भीराखिरी–पलियाँकला के मध्य नये आर॰सी॰सी॰ बॉक्स कलवर्ट का निर्माण एवं मीटर गेज के पुलों से जुड़े अन्य विविध कार्य। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 54361854.10, अग्रिम धन(रू0): ₹ 421800.00, समापन अवधि: 09 माह।

1.उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2026-20 के लिये ई–निविदा दिनांक 19.02.2026 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग

मुजाधि/443 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पोलियो की तर्ज पर बनेंगे आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर कार्ड बनाएंगे

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी ।** स्वास्थ्य विभाग अब पोलियो अभियान की तर्ज पर घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ने इस संबंध में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अधीक्षकों को पत्र जारी किया है। जिले में लगभग आठ लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने थे, जिनमें से 93त्न कार्ड पहले ही बन चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने पहले शिविरों और अन्य माध्यमों से लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रयास किया था। हालांकि, अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनके कार्ड नहीं बन पाए हैं।

अभी भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनके कार्ड नहीं बन पाए हैं। इन छूटे हुए लाभार्थियों तक पहुंचने के लिए अब यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

सीएमओ अंशुमान सिंह ने सभी सीएचसी प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वे टीमें गठित करें। ये टीमें घर-घर जाकर बचे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाएंगी। इसके साथ ही, जिन लोगों के कार्ड नहीं बन पा रहे हैं, उनके कारणों को भी टीम को अपने रजिस्टर में दर्ज करना होगा।

सीएमओ अंशुमान सिंह ने बताया कि सभी सीएचसी अधीक्षकों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पुष्टि की कि जल्द ही टीमें घर-घर जाकर लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने का काम शुरू करेंगी। अब तक जिले में 93त्न लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।

## पीपे के पुलों के निर्माण से सुगम हुआ यातायात

**अमेठी।** जनपद में गोमती नदी पर चार पीपे के पुलों पर आवागमन शुरू हो गया है।चालू वित्तीय वर्ष में दो और पुल निर्माणाधीन हैं।एक पुल का भूमिपूजन 31जनवरी को पूर्व राज्य मंत्री और विधायक सुरेश पासी ने किया है।किशनी और कुडवा घाट पर दो पुल निर्माणाधीन हैं?,इन पुलों के निर्माण से एक लाख से अधिक आबादी लाभान्वित होगी। जिले में गोमती नदी की कुल लंबाई 27किमी है। बड़ी संख्या में गांव गोमती नदी के किनारे बसे हुए हैं। आवागमन की सुविधा के लिए मांझगांव पन्ही, नांदी,पिछूती और दंडेश्वर धाम पर पीपे के पुलों का निर्माण हो चुका है।

किशनी घाट पर 72.08लाख रु की लागत से पुल के निर्माण के लिए विधायक सुरेश पासी ने 31जनवरी को भूमि पूजन किया है।कुडवा घाट पर 62.52लाख रु की लागत से पीपे के पुल का निर्माण भी शुरू हो चुका है। अधिशासी अभियंता इंजीनियर रमेश चंद्र ने बताया कि दोनों निर्माणाधीन पुल इसी वित्तीय वर्ष में पूरे कर लिए जाएंगे। वर्षाकाल में जनता को आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी।

# विद्युत विभाग ने ओटीएस योजना से वसूले करोड़ों 5 फ़रवरी तक बढ़ी तिथि

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर, अंबेडकर नगर।** अधिशासी अभियंता (वितरण) जलालपुर जे.आर. गौतम ने बताया कि जलालपुर वितरण खंड के अंतर्गत ओटीएस (वन टाइम सेटलमेंट) योजना के तहत अब तक करोड़ों रुपये की वसूली हो चुकी है। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे जलालपुर क्षेत्र में कुल 13 करोड़ 21 लाख रुपये की देनदारी है, जिसमें कुल 36,554 उपभोक्ता ओटीएस योजना के अंतर्गत पात्र हैं।

इनमें से अब तक 11,697 उपभोक्ता योजना का लाभ उठा चुके हैं।

वहीं कल्याणपुर विद्युत केंद्र की बात करें तो यहां कुल 7,008 उपभोक्ता हैं, जिनमें से अब तक 1,940 उपभोक्ताओं ने ओटीएस योजना का लाभ लेते हुए 20 प्रतिशत मूलधन जमा कर 100 प्रतिशत ब्याज माफी का फायदा उठाया है। कल्याणपुर विद्युत केंद्र में अब तक 2 करोड़ 39 लाख रुपये की धनराशि जमा हो चुकी है।

इसके अलावा जलालपुर टाउन क्षेत्र में कुल 4,783 उपभोक्ताओं से अब तक 2 करोड़ 8 लाख रुपये की वसूली की जा चुकी है।

अधिशासी अभियंता जे.आर. गौतम ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा को देखते हुए ओटीएस योजना की अंतिम तिथि बढ़ाकर 5 फरवरी कर दी गई है। जो उपभोक्ता अब तक योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं, वे निर्धारित तिथि तक 20 प्रतिशत मूलधन जमा कर शेष ब्याज पर 100 प्रतिशत छूट का लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना का लाभ उठाएं तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इस जनहितकारी योजना से लाभान्वित हो सकें।

# डीएम के निर्देश पर आयोजित हुआ नेत्र परीक्षण शिविर

■ चालक-परिचालक व आमजन की आंखों का हुआ परीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को जरवल स्थित गुप्ता रोडवेज ढाबा पर परिवहन विभाग द्वारा नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन कर लगभग 132 वाहन चालकों/परिचालकों एवं आमजन की आंखों की जांच कर उन्हें आंखों की सुरक्षा एवं नियमित परीक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। श्री सिंह ने बताया कि नेत्र परिक्षण शिविर के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र जरवल के अधीक्षक डॉ. कुंवर रितेश, नेत्र सर्जन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. एस.के. रावत, नेत्र परीक्षण सहायक साकिब अहमद द्वारा शिविर संचालन में सहयोग प्रदान किया गया। नेत्र परीक्षण शिविर के दौरान एआरटीओ श्री सिंह व सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) प्रदीप कुमार द्वारा मौजूद चालक-परिचालक व आमजन को सडक सुरक्षा नियमों एवं सड़क दुर्घटना से बचाव की जानकारी प्रदान की गयी तथा वाहन चलाते समय हेलमेट/सीटबेल्ट का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। श्री सिंह ने बताया कि ऐसे शिविरों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा वाहन चालकों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। डीएम के निर्देश पर परिवहन विभाग के इस अभिनव पहल की चालक-परिचालक व आमजन द्वारा सराहना की गई। शिविर संचालन में यातायात कार्यालय से पुलिस दस्ता, पुलिस विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्मिको द्वारा सहयोग किया गया।

# सामूहिक विवाह में 97 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** उ0प्र0 की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत आज जसराना ब्लॉक के शारदा रिसोर्ट में एक भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहें, जबकि इनके अलावा जसराना की ब्लॉक प्रमुख संध्या राजपूत और बीडीओ जितेन्द्र सिंह और समाज कल्याण अधिकारी राजमती भी उपस्थित रहीं, समारोह में कुल 97 जोड़ों ने एक दूसरें का हाथ थाम कर दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की, सामाजिक समरसता की मिशाल पेश करते हुए इस आयोजन में विभिन्न वर्गो की भागीदारी रहीं, जिनमें पिछडा वर्ग से 55 जोडे, अनुसूचित जाति से 34 जोड़ों, अल्पसंख्यक वर्ग से 5 जोड़े और सामान्य वर्ग से 3 जोड़े रहें, कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नव विवाहित जोड़ों पर फूल वर्षा कर उन्हे सुखी जीवन का उन्हे आर्शीवाद दिया, इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रहीं है, सामुहिक विवाह योजना से समाज में एकजुटता का संदेश मिलता है, आज इन 97 जोड़ों को नई शुरूआत करते देखकर अत्यंत प्रशंसा हो रही है, समारोह में स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं कन्या पक्ष एवं वर पक्ष के परिजन मौजूद रहें, सभी जोडों को सरकार द्वारा निर्धारित सहायता राशि और उपहार भेंट कर विदा किया गया।

# नकदी, माल सहित पुलिस ने एक पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा बंद फैक्ट्री में चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को 30,000 रूपये, चोरी किया गया माल दो बोरी व एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा चोरी की घटनाओं के अनावरण हेतु दिये गये आदेशों-निर्देशों के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में 03.02.2026 को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0-102/2026 धारा 305/317(2) बीएनएस थाना दक्षिण से सम्बन्धित 01 अभियुक्त कैलाशचन्द्र उर्फ एण्डी पुत्र नवल सिंह निवासी नगला मोती थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को 30,000 रुपये व एक मोबाइल फोन (सैंमसंग कम्पनी) व दो सील सर्व मोहर बोरी (कट्टे) जिनमें 14 सामान (10 की-बोर्ड अलग अलग कम्पनी के, 01 सीपीयू के पार्ट अज्ञात कम्पनी, 01 की-बोर्ड लोजोटेक कम्पनी, 03 झालर चाइनीज, 01 मोटर का स्टार्टर, 01 यूपीएस एचपी कम्पनी का, 05 ग्राण्डर आधा इन्च, 22 ग्राण्डर एक इन्च, 01 ग्राण्डर एक इन्च टूटा हुआ, 01 मोटर का पीस, 01 एक्जोस्टर फैन, 08 मीटर केबिल इंटरनेट, 12 मीटर 03 फेज केबिल, 50 अड्डु की बैल्ट) व अन्य 27 सामान (1 सीपीयू एलजी कम्पनी, 02 एलईडी, 01 सीपीयू काम्पटेक्ट कम्पनी, 01 सीपीयू एचसीएल कम्पनी, 01 सन्दूक जिसमें 24 पंखुडी छत वाले पंखे की, 07 छत वाले पंखे की मोटर ऊषा कम्पनी, 01 मोटर छंत वाले पंखा की कम्पनी क्रोमटन, 01 किट डीलक्स कूल कम्पनी मोटर कम्पनी की, 03 किट अज्ञात कम्पनी की, 05 पीस कटिंग इंस्ट्रूमेंट के, 02 काक शीट, 05 शान, 3 मोटर 05 हास पावर, 02 मोटर क्रोमटन कम्पनी 03 हास पावर, 01 पुली देगसार, 01 कम्प्रेसर लोहा बोडी छोटा जिस पर हैड लगी है बिना मोटर के, 02 पेडिस्टल कटिंग साफ्टिंग के, 13 कटिंग अड्डा सैट, 01 जनरेटर आयशर कम्पनी 15 हास पावर, डवल बील 04 सिलेण्डर डाइनामा के पार्ट व 01 ई रिक्सा लोडर) सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी-बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में शामिल रहे प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 रजत तोमर, उ0नि0 अवनीश कुमार मिश्र, है0का0 1016 ललित कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का प्रदेश के बाहर भ्रमण संपन्न

**शिकोहाबाद।** समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत जनपद के राजकीय विद्यालयों के 60 छात्र छात्राओं ने कुरुक्षेत्र और करनाल के शैक्षिक संस्थानों, धार्मिक संस्थानों और विज्ञान केंद्रों का 5 दिवसीय एक्सपोजर भ्रमण किया। भ्रमण का उदेश्य राजकीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं को ग्रामीण क्षेत्रों से निकालाकर उच्च संस्थाओं में भेजकर उच्च शिक्षा हेतु अभी से प्रेरित करना था। जिला समन्वयक सोनवीर सिंह राठौर ने बताया की इस 5 दिवसीय भ्रमण में बच्चों ने कुरुक्षेत्र में 'कुरुक्षेत्र साइंस पेनौरमा', 'कल्पना चावला स्पेस सेंटर', 'श्री कृष्ण संग्रहालय' 'पीपली चिड़ियाघर', 'ब्रह्म सरोवर, इस्कॉन टेम्पल' 'गीता ज्ञान-विज्ञान केंद्र' और 'करनाल में राष्ट्रीय दुग्ध अनुसन्धान केंद्र, करनाल' का भ्रमण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार ने बताया की इस भ्रमण से छात्र छात्राओं ने विज्ञान, अंतरिक्ष और दुग्ध व्यवसाय के ज्ञान के अलावा अपनी संस्कृति एवं अपनी धरोहर का ज्ञान भी प्राप्त किया।

सह प्रभारी अशोक अनुरागी प्रधानाचार्य एवं सरिता सिंह प्रधानाचार्या ने बताया की यह भ्रमण छात्र छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक, आनंदपूर्ण और नवीन चिंतन करने हेतु प्रेरित करने वाला रहा।

# फॉर्म 7 के जरिए नाम कटवाने की साजिश का आरोप

■ सपा नेताओं ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन, जांच की मांग

अवधनामा संवाददाता




**सुल्तानपुर।** मतदाता सूची से नाम हटाने को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है।समाजवादी पार्टी के विभिन्न संगठनों ने फॉर्म 7 के माध्यम से पिछड़ा,दलित व अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम संगठित तरीके से कटवाने का गंभीर आरोप लगाया है। इस संबंध में सपा मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद समाजवादी बहुजन सभा के जिलाध्यक्ष शिव मंगल तिवारी और समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सुरेश यादव 'भजन' ने संयुक्त रूप से सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। नेताओं का कहना है कि गांवों और नगर क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्री-प्रिंटेड फॉर्म 7 भरकर बीएलओ के पास जमा कराए जा रहे हैं। फॉर्मों पर एक जैसी लिखावट, समान हस्ताक्षर और थोक में जमा दस्तावेज यह संकेत देते हैं कि यह व्यक्तिगत प्रक्रिया नहीं, बल्कि सुनियोजित प्रयास है। जिलाध्यक्ष शहजाद अहमद ने आरोप लगाया कि विशेष रणनीति के तहत वैध मतदाताओं को चिन्हित कर उनके नाम हटाने की तैयारी की जा रही है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला है।ज्ञापन में यह भी कहा गया कि कई मामलों में आपत्ति दर्ज कराने वाले संबंधित क्षेत्र के निवासी नहीं हैं। सपा नेताओं ने कहा कि निर्वाचन नियमों के अनुसार नाम काटने से पहले नोटिस और सार्वजनिक सूचना अनिवार्य है, लेकिन बिना भौतिक सत्यापन के ही कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने सभी संदिग्ध फॉर्म 7 तत्काल निरस्त करने, दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और वीडियोग्राफी के साथ सत्यापन की मांग की है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा-हमीरपुर

पत्रांक :- 4270/न0पा0परि0मौदहा/टेण्डर सूचना/2025-26 दिनॉक :- 03.02.2026

## टेण्डर सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि/के अन्तर्गत विवरण के अनुसार कार्य कराये जाने हेतु शीलबन्द टेण्डर दिनॉक 24.02.2026 को 3:00 बजे अपरान्ह तक नगर पालिका परिषद मौदहा के कार्यालय में आमन्त्रित किये जातें हैं। जो उसी दिनॉक को 4:00 बजे सांय अध्यक्ष महोदय/अधिशासी अधिकारी के समक्ष उपस्थित ठेकेदारो की उपस्थिति में खोले जायेगें। टेण्डर के सादे फार्म दिनॉक 20.02.2026 समय 5:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद मौदहा में नकद बेचे जायेगे। शशर्त टेण्डरों पर कोई विचार नही किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करनें का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। अन्य शर्ते कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी.एस.टी. सहित लाखों में | धरोहर धनराशि 2% | टेण्डर शुल्क | जी.एस.टी. 18 प्रतिशत | योग | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एम0आर0एफ0 सेण्टर के बगल में घरेलू हानिकारक कचरा एवं सेनेटरी वेस्ट को स्टोर करने हेतु स्टोर का निर्माण कार्य। | 1.27 | 0.02540 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 2 | वार्ड नं0 11 रागौल पूर्वी में सरकारी मैदान में सी0सी0 फर्श डालनें का कार्य। | 3.07 | 0.6140 | 400 | 72 | 472 | 01 माह |
| 3 | वार्ड नं0 12 फत्तेपुर पूर्वी में पेशकार के मकान के सामने इण्टरलॉकिंग रिपेयरिंग व नाली का कार्य। | 2.72 | 0.05440 | 300 | 54 | 354 | 01 माह |
| 4 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में इस्लाम के मकान से रहीस मौलाना के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.34 | 0.02680 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 5 | वार्ड नं0 08 मराठीपुरा में रामसिंह के मकान से युधिष्ठिर के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 3.91 | 0.07820 | 400 | 72 | 472 | 01 माह |
| 6 | वार्ड नं0 12 फत्तेपुर पूर्वी में बाबूराम अनुरागी के मकान से हरीप्रकाश मास्टर की दुकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 2.48 | 0.04960 | 300 | 54 | 354 | 01 माह |
| 7 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में बाबू के मकान से मुन्नी के मकान तक सी0सी0 निर्माण/रिपेयरिंग का कार्य। | 1.18 | 0.02360 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 8 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में प्रभुदयाल के मकान से जगदीश गुप्ता के मकान तक सी0सी0 व नाली का निर्माण कार्य। | 4.79 | 0.09580 | 500 | 90 | 590 | 01 माह |
| 9 | वार्ड नं0 14 ब्लाक कक्ष में घसीटा के मकान से बल्देव के मकान होते हुये राजकुमार माली के मकान तक सी0सी0 नाली पुलिया का निर्माण कार्य। | 2.44 | 0.04880 | 300 | 54 | 354 | 01 माह |
| 10 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में शाह आलम के मकान से भूरा के मकान होतु ये बच्चा के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 3.86 | 0.07720 | 400 | 72 | 472 | 01 माह |
| 11 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में कम्हरिया रोड से मनोज विश्वकर्मा के मकान से होते हुये भरतलाल कुशवाहा के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 2.66 | 0.05320 | 300 | 54 | 354 | 01 माह |
| 12 | वार्ड नं0 13 कुम्हरौडा में नेशनल इण्टर कालेज की बाउण्ड्री से अशोक कुमार के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.25 | 0.02500 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 13 | वार्ड नं0 05 साजन तालाब में (मंगी पुरवा), चुन्ना निषाद के मकान से अंजू के मकान तक व फौजी के मकान से कुलदीप श्रीवास के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 2.46 | 0.04920 | 300 | 54 | 354 | 01 माह |
| 14 | वार्ड नं0 08 मराठीपुरा में सज्जन के मकान से भरोसे के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.33 | 0.02660 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 15 | वार्ड नं0 09 निजामीपुरा में कांशीराम कालौनी के पीछे चन्द्रभान के मकान से मुल्ला जी के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.57 | 0.03140 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 16 | वार्ड नं0 13 कुम्हरौडा में परमेश्वरीदयाल के मकान से विकास के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 3.70 | 0.07400 | 400 | 72 | 472 | 01 माह |
| 17 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में एस0डी0एम0 साहब के फालवर के मकान से जुनैद के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.19 | 0.02380 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 18 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में ओम शान्ति भवन के बगल से अय्याज के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.37 | 0.02740 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 19 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में हरी ओम शिवहरे के मकान से छिद्दू मिस्त्री के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.62 | 0.03240 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| 20 | वार्ड नं0 19 सिचौलीपुरवा में ब्रजलाल मास्टर के मकान से रमेश मास्टर के मकान तक ब्रिक ब्लास्ट व डस्ट डालनें का कार्य। | 1.50 | 0.03000 | 200 | 36 | 236 | 01 माह |
| | योग | 45.71 | 1.46680 | 5600 | 1008 | 6608 | - |

**नोट:-** कार्यादेश प्राप्ति के उपरान्त ठेकेदार को अपने पृथक-पृथक कार्य का श्रम विभाग का रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा, एवं कार्य स्थल की प्रथम, मध्य एवं अन्तिम जी0ओ0 टैग फोटोग्राफी तथा कार्य की लैब टेस्टिंग कराना अनिवार्य होगा। तथा धनराशि उपलब्ध होने की दशा में एवं समस्त औपचारिकताये पूर्ण होने के पश्चात ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।

**प्रभारी लेखा लिपिक**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

**अपर अभियन्ता**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मौदहा-हमीरपुर**

# महिला उत्पीड़न की रोकथाम व न्याय दिलाने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध

**कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित**



**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने, महिला उत्पीड़न की रोकथाम करने तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मंगलवार को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम कलेक्ट्रेट सभागार, हमीरपुर में महिला जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी एवं उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनिता गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

महिला जनसुनवाई के दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 महिलाएं अपनी शिकायतें लेकर पहुंचीं। इनमें घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, छेड़छाड़ एवं साइबर अपराध से संबंधित प्रकरण प्रमुख रहे। आयोग की सदस्यों ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रिजवाना शाहिद, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव सिंह सहित पुलिस एवं प्रशासन के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि महिला उत्पीड़न से जुड़े मामले देशभर में सामने आ रहे हैं। आयोग महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और सम्मान के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शिकायतों की सुनवाई की जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि पुराने मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की जाएगी, जिसमें उन प्रकरणों की पुनः समीक्षा की जाएगी। आयोग का उद्देश्य है कि पीड़ित महिलाओं को शीघ्र न्याय मिले तथा उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।

# अन्नदाताओं के आय को कई गुना बढ़ाने पर कार्य कर रही सरकार



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** मंगलवार को जिला सहकारी बैंक लिमिटेड मिर्जापुर शाखा चोपन के आधुनिकीकरण होने पर मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर बैंक के चैयरमैन डॉ जगदीश सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष विपुल सिंह के कर कमलों द्वारा बैंक के कायाकल्प होने पर रिबन काटकर उद्घाटन किया गया। तत्पश्चात शाखा प्रबंधक जगदीश नारायण द्वारा बुके व अंगवस्त्र देकर सभी अतिथियों को सम्मानित किया गया। वहीं चेयरमैन डॉ जगदीश सिंह पटेल ने अपने अभिभाषण में कहा कि डबल इंजन की सरकार अन्नदाताओं के आय को कई गुना बढ़ाने की ऐतिहासिक कार्य कर रही है बैंक की सभी योजनाओं का लाभ अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। वहीं बैंक की विभिन्न शाखाओं का कायाकल्प किया गया है ताकि उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें जिसमें ग्राहकों को रूपे डेबिट कार्ड, एटीएम और एसएमएस अलर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इस मौके पर डायरेक्टर आलोपी अग्रवाल , बलदेव सिंह, अवधेश सिंह पटेल ,संतोष सिंह, बैंक सचिव जिला सहकारी बैंक मिर्जापुर राजकुमार यादव, लैम्पस अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश तिवारी, मण्डल अध्यक्ष संजय केशरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुनील सिंह, राहुल सिंह,,ओमप्रकाश चन्द्रा, विनय भूषण सिंह, बैंक कैशियर शशिकांत सिंह,नवल चौबे ,उदय नारायण पांडेय, लैम्पस सचिव राम अन्नत, बादल रैकवार इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने संभाला एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में मुख्य महाप्रबंधक संजय असाटी ने एनटीपीसी रिहंद का कार्यभार संभाला। संजय असाटी ने विभिन्न पदों पर रहते हुये अपने कुशल नेतृत्व के द्वारा एनटीपीसी की विभिन्न परियोजनाओं में अपनी लगन, निष्ठा, मेहनत एवं ईमानदारी से सफलता के नए आयाम स्थापित कर चुके हैं। संजय असाटी नें जबलपुर से सन् 1988 में इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद सितंबर सन् 1989 में एनटीपीसी पीएमआई नोएडा में बतौर कार्यपालक प्रशिक्षु के पद पे रहे। सन् 1990 में इनकी पोस्टिंग सी एंड आई मैंटेनेंस विभाग, एनटीपीसी विंध्याचल में हुई। एनटीपीसी विंध्याचल के अतिरिक्त संजय असाटी नें एनटीपीसी ऊंचाहार, झज्जर एवं रिहंद में विभिन्न पदों पर रह कर एनटीपीसी परियोजना को ऊंचाइयों तक पहुँचने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रबंधन को पूर्ण विश्वास है कि संजय असाटी के कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एनटीपीसी रिहंद परियोजना निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होगी तथा नई उपलब्धियों के मानक स्थापित करेगी।

## जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 40 शिकायतें



**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 40 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जन सुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्तव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

## आवारा सांड के हमले से वृद्ध की मौत



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार शाम सब्जी मंडी से लौट रहे वृद्ध पर आवारा सांड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। थाना चौराहा निवासी गणेश (78) पुत्र बैजनाथ सब्जी खरीदने मंडी गए थे। अचानक पीछे से सांड ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पूर्व में भी मराठीपुरा निवासी राजकुमार तिवारी पर सांड हमला कर चुका है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है, आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर कार्य का विशेष रोल पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण



**मौदहा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के बीआरसी में चल रहे मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य का चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त विशेष रोल पर्यवेक्षक जी.वी.एन. सुब्रमण्यम ने निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता, एबीएसए सुनील कमल सहित अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया कंबल वितरण

**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने असहाय और जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है। कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारिश से फसलों पर मिला-जुला असर

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार सुबह हुई बारिश का फसलों पर मिला-जुला असर पड़ा है। दलहनी व तिलहनी फसलों में नुकसान की आशंका है जबकि गेहूं की फसल को लाभ हुआ है। किसानों ने बताया कि मटर, मसूर और सरसों को नुकसान हो सकता है। कृषि विशेषज्ञ अजित शुक्ला ने बताया कि बारिश से गेहूं की फसल को लाभ पहुंचेगा।

## गेहूं व दलहनी फसलों के लिए अमृत वर्षा

**कुरारा (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** क्षेत्र में हुई बारिश से गेहूं और पिछड़ी बुवाई वाली दलहनी फसलों को लाभ हुआ है। किसानों ने बताया कि फूल वाली फसलों को नुकसान की आशंका है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि मौसम में उतार-चढ़ाव से उत्पादन प्रभावित हो सकता है।

## बारिश से इंगोहटा-अरतरा मार्ग बंद, राहगीर परेशान

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** बारिश के बाद इंगोहटा-अरतरा मार्ग कीचड़ में तब्दील हो गया, जिससे आवागमन बंद हो गया है। ग्रामीणों को 15 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मार्ग पर गिट्टी डलवाने की मांग की है।

## बालकृष्ण की लीलाओं में डूबे श्रद्धालु

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** इंगोहटा गांव में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा व्यास रामबाबू त्रिपाठी ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताया। श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

## आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर मुख्यमंत्री से मिलने की चेतावनी

**सुमेरपुर (हमीरपुर)/अवधनामा संवाददाता।** लव जिहाद, दुष्कर्म व धर्मांतरण मामले के चौथे आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता के परिजनों ने मुख्यमंत्री से मिलने की चेतावनी दी है। पीड़िता के भाई ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया। थाना प्रभारी अनूप सिंह ने कहा कि जल्द आरोपी गिरफ्तार किया जाएगा।

## व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अधीक्षण अभियंता को सौंपा

**इटावा।** व्यापारियों की विद्युत विभाग से संबंधित विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित के नेतृत्व में व्यापारीयों ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित 19 सूत्रीय मांग पत्र अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग श्री ऋषभदेव को स्टेशन रोड स्थित उनके कार्यालय पर सौंपा। मांग की गई कि विभाग द्वारा विभिन्न स्थानों पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर स्थापित किए जा रहे हैं। प्रीपेड मीटर लगाए जाने से पूर्व निम्नलिखित सुधार कराए जाना आवश्यक है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने से पूर्व विभाग में जमा की गई सिक्योरिटी राशि उपभोक्ताओं को वापस कराई जाए, क्योंकि सिक्योरिटी इस आधार पर ली जाती थी कि उपभोक्ता को उधार बिजली दी जा रही है। प्रीपेड मीटर प्रणाली लागू होने के बाद सिक्योरिटी राशि जमा रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाए जाने के पश्चात फिक्स चार्ज, मिनिमम चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि समाप्त कर केवल उपभोग की गई विद्युत यूनिट के आधार पर ही बिल की गणना की जाए।

# स्कूली बच्चों, ग्रामीणों में जागरूकता गोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता व बर्डवाचिंग का आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस एवं बर्ड फेस्टिवल के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग रेंज भर्थना, जिला गंगा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में स्कूली बच्चों व ग्रामीणों मे जागरूकता गोष्ठी, चित्रकला प्रतियोगिता एवं बर्डवाचिंग का आयोजन पक्षी व्याख्यान केंद्र सरसईनावर में किया गया। उप प्रभागीय निदेशक विमल सिंह ने अपने उदबोधन मे बताया कि वर्ष 1971 में पहली बार रामसर कंजर्वेशन में प्राकृतिक जल स्रोतों जैसे नदी, तालाब, तलैया, पोखर आदि को बचाने की कवायद शुरू की गई और वर्ष 1997 मैं पहली बार सरकारी तौर पर भारत वर्ष में इनके प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमभूमि दिवस मनाया जाता है। वन क्षेत्राधिकारी भरथना शौकत उल्ला खांन ने पृथ्वी पर पाए जाने वाले झील तालाब पृथ्वी की किडनी की तरह काम करती हैं यह हमारे भूगर्भ जल के सबसे बड़े स्रोत हैं इसलिए हमे जल एवं पक्षियों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिएऔर दूसरों को भी इनके संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि वातावरण शुद्ध रह सके। प्रधानाचार्य नेम सिंह यादव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय आर्द्रभूमि दिवस हमारे जीवन को बेहतर बनाने में वेटलैंड्स की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे वेटलैंड्स बाढ़ सुरक्षा, स्वच्छ जल, जैव विविधता और मनोरंजन के अवसरों में योगदान करती हैं, जो सभी मानव स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए आवश्यक हैं। वन दरोगा राजपाल सिंह ने वेटलैंड के प्रति समर्पित स्थानीय पचास व्यक्तियों एवं छात्र-छात्राओं को वेटलैंड मित्र बनाया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार श्वेता, द्वितीय पुरस्कार मानवी, तृतीय पुरस्कार शिवाली एवं सांत्वना पुरस्कार निधि एवं सेजल को प्राप्त हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता का विषय आर्द्रभूमि का संरक्षण का महत्व था। ग्राम प्रधान अजब सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान, जेआरएफ डॉ. संगीता, विनोद कुमार एवं मुकेश कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवपाल सिंह, महावीर सिंह, सुधीर कुमार, संतोष कुमार, सुभाष सिंह, सचिन कुमार एवं अखिलेश आदि वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी स्कूल स्टाफ क्षेत्रवासियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने दिया ज्ञापन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा दिया जा रहा 10 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा बढ़ाकर 25 लाख किए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को संबोधित एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को दिया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने सभी जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन सौंप कर अपनी मांग दोहराई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष इटावा ओम रतन कश्यप ने कहा कि ज्ञापन में हमारी दूसरी मांग के रूप में जीएसटी में विलंब से टैक्स जमा होने पर लगाए जाने वाले ब्याज 18 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत किया जाए इसकी भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा एवं एमपी सिंह तोमर वरिष्ठ जिला महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता जिला उपाध्यक्ष उमेश वर्मा जिला महामंत्री रमेश यादव युवा शहर अध्यक्ष मुकेश दुबे शहर उपाध्यक्ष अन्नू गुप्ता युवा शहर उपाध्यक्ष आशीष दत्त तिवारी युवा शहर कोषाध्यक्ष गोपाल कृष्णा भदोरिया कुमावत उपाध्यक्ष मुनीम यादव करुणेश मिश्रा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## अंतरजनपदीय गैंग का भंडाफोड़, 04 अभियुक्त गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत तथा अपर पुलिस अधीक्षक महोदय (मुख्यालय) के दिशा-निर्देशन में साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। प्रकरण में आवेदिका कु0 सुषमा गुप्ता पुत्री संजीव गुप्ता, निवासी म्योरपुर, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन कर स्वयं को CBI अधिकारी बताते हुए गाली-गलौज, धन की मांग, पैसा न देने पर जान से मारने की धमकी तथा न्यूड फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने व मोबाइल हैक कर धन की उगाही करने का गंभीर अपराध किया गया था। इस संबंध में थाना म्योरपुर पर मु0अ0सं0 153 /2025, धारा 308(5) बीएनएस व 66-श्व आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उक्त प्रकरण की विवेचना साइबर क्राइम पुलिस थाना सोनभद्र को सुपुर्द करते हुए अभियुक्तों के गैंग के अनावरण हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देशों के क्रम में निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार चौधरी के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम को जनपद कानपुर नगर भेजा गया, जहाँ स्थानीय पुलिस के सहयोग से कानपुर कमिश्नरेट क्षेत्र से साइबर ठगी करने वाले संगठित गैंग का खुलासा करते हुए कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्तगण आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को लालच देकर उनके नाम पर सिम कार्ड प्राप्त कर उन्हें साइबर अपराध में प्रयुक्त करते थे। सिम विक्रेता द्वारा अपने पीओएस मशीन से वैध-अवैध रूप से सिम एक्टिवेट कर उन्हें साइबर ठगों को सप्लाई किया जाता था। अभियुक्तगण अश्लील वीडियो देखने के नाम पर लोगों को फंसाकर ए0आई0 तकनीक से फर्जी न्यूड फोटो तैयार कर धमकी देकर धन उगाही करते थे।

## सड़क सुरक्षा में मिसाल बने हिंडालको रेनुसागर के विद्यार्थी, परिवहन विभाग ने किया सम्मानित






**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/अनपरा।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग, सोनभद्र द्वारा डायट परिसर में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में हिंडालको रेनुसागर के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की गूंज,परिवहन विभाग ने किया सम्मानित। सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर जागरूकता फैलाने में सराहनीय भूमिका निभाने वाले हिन्डाल्को रेनुसागर के आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेनुसागर, आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कालेज रेनुसागर, एवं रेनुपावर प्राथमिक पाठशाला के विद्यार्थियों को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), राजेश्वर यादव द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। श्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि आज के छात्र ही कल के जिम्मेदार नागरिक हैं और यदि सड़क सुरक्षा की समझ बचपन से विकसित हो जाए, तो दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। श्री यादव ने हिंडालको रेनुसागर के विद्यालयों के प्रबंधन एवं विद्यार्थियों द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रमों में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव के सबसे प्रभावी माध्यम हैं।

# बिना नोटिस जारी किए किसी के नाम नहीं काटे जाएंगे : जिलाधिकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अर्हता तिथि 01.01. 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में विद्यमान है अगर वह अपना नाम कहीं दूसरी जगह दर्ज करना चाहते हैं तो वह फॉर्म 08 भरकर उसे स्थानांतरण करेंगे ना कि फॉर्म 6 भरेंगे उन्होंने बताया कि जनपद में जो मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी किए जा रहे हैं जिनकी जनसुनवाई दिनांक 21 जनवरी 2026 से चल रही है तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी की भी नोटिस आयोग के निर्देशानुसार जनरेट किया जाना प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की की अपने-अपने बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से इस कार्य में अपना सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें। उन्होंने कहा कि मैपिंग में जो भी गलती हो गई है सॉफ्टवेयर द्वारा पकड़ी गई है उनको दोबारा से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना नोटिस जारी किए किसी के नाम नहीं काटे जाएंगे साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए की मतदाता सूची में डिटेल में कार्रवाई हो रही है। उदयभान सिंह द्वारा बताया गया कि जो भी नोटिस दिए जा रहे हैं उनकी जांच अवश्य कराई जाए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अवश्य जागरूक किया जाए साथ ही उन्होंने कहा कि गांव-गांव कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जाए। उक्त बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार, उदयभान सिंह यादव समाजवादी पार्टी, कृपा नारायण तिवारी भाजपा, संजीव भदौरिया भाजपा, राकेश कुमार जिला महासचिव बसपा, सत्येंद्र राजपूत, विक्की गुप्ता प्रवक्ता सपा, वाचस्पति द्विवेदी इंडियन नेशनल कांग्रेस, इकरार अहमद आम आदमी पार्टी, मोहित जाटव बहुजन समाज पार्टी, प्रेम शंकर यादव सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

# प. देवेंद्र शास्त्री जी की आठवीं पुण्यतिथि पर उमड़ा जनसैलाब



**अवधनामा संवाददाता**

**चोपन/सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र के प्रखर नेता, आदिवासी-वनवासी-गिरिवासी समाज की आवाज़ और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पं. देवेंद्र शास्त्री जी की आठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनके जन्मस्थली ग्राम पंचायत टापू में एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों व समर्थकों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम की शुरुआत पं. देवेंद्र शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके संघर्षपूर्ण जीवन, जनसेवा और शोषित-वंचित समाज के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि पं. देवेंद्र शास्त्री ने अपना पूरा जीवन आदिवासी, वनवासी और गिरिवासी समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा कार्य को प्राथमिकता देते हुए आयोजकों द्वारा हजारों गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड को देखते हुए किए गए इस मानवीय कार्य की ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर राहत और संतोष देखने को मिला कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और वक्ताओं ने कहा कि पं. देवेंद्र शास्त्री न केवल एक जननेता थे, बल्कि वे आम जनता के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहने वाले सच्चे समाजसेवी थे।

# एनटीपीसी सिंगरौली में संभागीय नाट्य समारोह का शुभारंभ

**‘नागिन तेरा वंश बढ़े’ की प्रभावशाली प्रस्तुति से हुआ चार दिवसीय आयोजन प्रारंभ’**



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं एनटीपीसी सिंगरौली के संयुक्त तत्वावधान में सम्भागीय नाट्य समारोह 2025-26 का आयोजन दिनांक 02 से 05 फरवरी 2026 तक कर्मचारी विकास केंद्र, शक्तिनगर, सिंगरौली में किया जा रहा है, जिसमें 02 फरवरी को प्रथम दिवस की प्रस्तुति सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नायक, परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी सिंगरौली सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ की ओर से मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में प्रज्ञा नायक, अध्यक्षा, वनिता समाज, सी. एच. किशोर कुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), रश्मि रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (परियोजना), प्रशांत, कार्यक्रम प्रभारी, संगीत नाटक अकादमी तथा दिनेश श्रीवास्तव, कार्यक्रम ऑब्जर्वर, संगीत नाटक अकादमी की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के प्रथम दिवस प्रख्यात कथाकार विजयदान देथा की अमर कथा पर आधारित नाटक नागिन तेरा वंश बढ़े का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटक का रूपांतरण वी. के. द्वारा तथा निर्देशन शिवा सक्सेना के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। मंथन आर्ट्स सोसाइटी, शाहजहाँपुर द्वारा प्रस्तुत इस नाट्य कृति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कलाकारों के सजीव अभिनय, भावपूर्ण संवाद एवं सशक्त मंच-सज्जा ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया। दर्शकों ने प्रस्तुति की मुक्त कंठ से सराहना की। मुख्य अतिथि श्री संदीप नायक ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं, नैतिक मूल्यों एवं सकारात्मक चेतना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कलाकारों, आयोजकों एवं अकादमी की भूमिका की सराहना की।

सम्भागीय नाट्य समारोह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विविध एवं आकर्षक सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। इस संभागीय नाट्य समारोह में प्रदेश एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित रंगकर्मियों की सहभागिता रहगी। कार्यक्रम के माध्यम से लोक-संस्कृति, सामाजिक चेतना एवं कलात्मक अभिव्यक्ति को सशक्त मंच प्रदान किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ एवं एनटीपीसी सिंगरौली के संयुक्त तत्वावधान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया, जिससे कलाकारों का उत्साहवर्धन हुआ। कार्यक्रम का प्रभावी एवं सुव्यवस्थित संचालन डॉ. ओम प्रकाश द्वारा किया गया।

## मुख्यमंत्री ने सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की

# बाढ़ से पहले पूरी तैयारी के निर्देश

- तटबंधों की समयबद्ध मरम्मत अनिवार्य
- अतिवृष्टि से निपटने को सरकार सतर्क
- 18 संवेदनशील व 19 अति संवेदनशील तटबंध चिन्हित
- ड्रेनों की सफाई और ड्रेजिंग तेज
- रियल-टाइम मॉनिटरिंग के निर्देश
- ड्रोन और सेंसर से होगी निगरानी
- नदी चैनलाइजेशन पर सरकार का जोर
- 2026 की बाढ़ को लेकर अग्रिम योजना
- सतर्कता और समन्वय ही बाढ़ प्रबंधन की कुंजी



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन में आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश में सम्भावित बाढ़ और अतिवृष्टि की चुनौतियों के दृष्टिगत व्यापक तैयारी और प्रभावी समन्वय पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जितनी बेहतर तैयारी होगी, उतनी ही तेजी और सफलता से चुनौती का समाधान किया जा सकेगा। उन्होंने बाढ़/अतिवृष्टि पूर्व प्रबन्धन की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी तटबन्धों, ड्रेनों और संवेदनशील स्थानों की समयबद्ध मरम्मत, सुदृढ़ीकरण और निगरानी को अनिवार्य बताया। उन्होंने निर्देश दिये कि सतर्कता, समन्वय और तय समयसीमा में काम पूरा करना ही सुरक्षित बाढ़ प्रबन्धन की मूल कुंजी है।

मुख्यमंत्री को प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश में गंगा, सरयू (घाघरा) राप्ती, रामगंगा, गंडक, यमुना, गोमती और सोन नदी बेसिन के आस-पास के जनपद बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आते हैं। नदी-पट्टी और वर्षा पैटर्न का विश्लेषण करते हुए इस वर्ष 12 जनपदों में 18 तटबंधों को संवेदनशील चिन्हित किया गया है, जिनकी कुल लम्बाई 241.58 कि0मी0 है। 11 जनपदों के 19 तटबंधों को अति संवेदनशील चिन्हित किया गया है, जिनकी कुल लम्बाई 464.92 कि0मी0 है। इन सभी स्थानों पर अग्रिम सुरक्षा कार्य प्राथमिकता पर संचालित हो रहे हैं।

ग्रामीण इलाकों में जल-निकासी को सुचारु रखने के लिए बड़े पैमाने पर ड्रेनों की सफाई और ड्रेजिंग कराई जा रही है। विभाग के अधीन कुल 10,727 ड्रेन हैं, जिनकी संयुक्त लम्बाई 60,047 कि0मी0 है। कई महत्वपूर्ण रूटों की सफाई पूरी हो चुकी है और शेष कार्य तय समय में पूरे किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुमोदित ड्रेजिंग परियोजनाएं जनपदवार लागू की जा रही हैं, जिससे नदी प्रवाह सुधरेगा और तटीय इलाकों में जलभराव कम होगा। इसके साथ ही, वर्ष 2026 की सम्भावित बाढ़ स्थिति को ध्यान में रखते हुए नई सुरक्षा परियोजनाएं भी प्रस्तावित की गई हैं, जिनके परीक्षण और अनुमोदन की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी तटबंधों और बैराजों पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने ड्रोन-मैपिंग, वॉटर लेवल सेंसर और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय को और मजबूत बनाने के निर्देश दिये। जहां कहीं भी नदी की मेन स्ट्रीम में सिल्ट की अधिकता हो, नदी उथली हो, वहां ड्रेजिंग को प्राथमिकता दी जाए और नदी को चैनलाइज किया जाए। यदि ड्रेजिंग से समाधान होना सम्भव न हो, तभी तटबंध अथवा कटान निरोधी अन्य उपायों को अपनाया जाए।

## प्रदेश के सभी ब्लाकों पर पशुओं के लिए पशुधन औषधि केन्द्र खोले जायेंगे: धर्मपाल

- पशुधन औषधि केन्द्रों पर एथनोमेडिसिन भी रहेगी उपलब्ध



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि देशी गाय का दूध अमृत है। गौपालक और किसान गायों के दूध देना बंद करने पर इधर-उधर न छोड़ें। राज्य सरकार द्वारा गायों के उन्नत नस्ल सुधार कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है। संक्रामक रोगों पर नियंत्रण हेतु वैक्सीन और औषधियों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रदेश के सभी ब्लाकों पर पशुओं के लिए पशुधन औषधि केन्द्र खोले जायेंगे। इन औषधि केन्द्रों पर एथनोमेडिसिन की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराई जायेगी। श्री सिंह आज विधान भवन स्थित तिलक हाल में प्रेस प्रतिनिधियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गोवंश व अन्य पशुओं के उपचार हेतु पीपीपी मोड पर वेटनरी और पैरावेटनरी सेवाएं शुरू कराई जायेंगी। पशुओं की जांच हेतु पैथालॉजी केन्द्र खोले जायेंगे। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए नई चारा नीति लागू की गई है, इसके अंतर्गत किसानों को चारे का बीज फ्री दिया जायेगा। श्री सिंह ने कहा उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि एवं पशुपालन पर आधारित हैं। राज्य की लगभग 68 प्रतिशत जनसंख्या जीविकोपार्जन हेतु कृषि एवं पशुपालन कार्यों पर निर्भर है। पशुपालन विभाग पारम्परिक विकास के साथ-साथ 'विकसित उत्तर प्रदेश-समर्थ उत्तर प्रदेश 2047÷ की दीर्घकालिक संकल्पना को साकार करने की दिशा में प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पशुधन क्षेत्र राज्य के प्राथमिक सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान देता है। प्रदेश में पशुजन्य पदार्थों का सकल मूल्यवर्धन वर्ष 2017-18 में 0.99 लाख करोड़ था, जो बढ़कर वर्ष 2024-25 में 1.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पशुपालन क्षेत्र के कार्यों में सकल मूल्यवर्धन में वर्ष 2017-18 के सापेक्ष वर्ष 2024-25 के अनुमान में 8.2 प्रतिशत वृद्धि दर के साथ विकास परिलक्षित हुआ है। श्री सिंह ने कहा कि 20वीं पशुगणना 2019 के अनुसार देश में उत्तर प्रदेश विशाल पशु सम्पदा से अच्छादित राज्य है, जिसमें 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 सूकर हैं।

## स्वतंत्र देव ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

अवधनामा ब्यूरो



- लापरवाही पर सख्त कार्रवाई, उत्कृष्ट कार्यों पर सम्मान के निर्देश

लखनऊ। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने दो टूक शब्दों में कहा कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनियमितता को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा, जिससे विभाग में सकारात्मक, उत्तरदायी एवं परिणामोन्मुखी कार्य संस्कृति को प्रोत्साहन मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा यदि कार्यों में कोताही पाई गई तो संबंधित अधिकारी एवं कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यह निर्देश आज यहाँ उदयगंज स्थित सिंचाई विभाग मुख्यालय में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए। शारदा संगठन की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभागीय कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट एवं कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही मंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों की निर्माण कार्य के पूर्व की स्थिति एवं निर्माण पूर्ण होने के पश्चात की स्थिति का तुलनात्मक मूल्यांकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों, गुणवत्ता एवं समयसीमा के अनुरूप पूर्ण किए जाएँ, जिससे योजनाओं का वास्तविक लाभ किसानों एवं आम जनता तक पहुँच सके। मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि वे स्वयं शीघ्र ही विभिन्न निर्माण कार्यों का भौतिक निरीक्षण करेंगे, ताकि जमीनी स्तर पर कार्यों की वास्तविक स्थिति का प्रत्यक्ष आकलन किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर गड़बड़ी अथवा अनियमितता की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। पूरी प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं नियमों के अनुरूप होनी चाहिए। अंत में उन्होंने अधिकारियों से पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जवाबदेही के साथ कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता सिंचाई परियोजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर प्रदेश के किसानों को अधिकतम लाभ पहुँचाना है। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग संदीप कुमार, मुख्य अभियंता शारदा संगठन, मुख्य अभियंता शारदा सहायक, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता तथा संबंधित संगठनों के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित सिंचाई विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 का शुभारम्भ

लखनऊ। उच्च न्यायालय मध्यस्थता एवं सुलह केन्द्र तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान-2.0 का शुभारम्भ 02 जनवरी 2026 से किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य न्यायालयों में लंबित मामलों का आपसी सहमति एवं संवाद के माध्यम से शीघ्र, सरल एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक एवं सेवा विवाद, शमनीय आपराधिक मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, बंटवारा, बेदखली, भूमि अधिग्रहण तथा अन्य उपयुक्त सिविल मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है। सदस्य सचिव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण मनु कालिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि जिन वादों में पक्षकार आपसी समझौते के इच्छुक हैं, वे अपने संबंधित न्यायालय में मध्यस्थता हेतु अनुरोध कर सकते हैं।

## 30 कैंसर मरीजों ने किया लखनऊ दर्शन

अवधनामा ब्यूरो



- यूपीएसटीडीसी की लखनऊ दर्शन बस से कैंसर मरीजों ने देखा लखनऊ का गौरवशाली इतिहास

लखनऊ। विश्व कैंसर दिवस से पूर्व मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) ने लखनऊ में एक भावनात्मक और प्रेरणादायी पहल की। उपचार के कठिन दौर से गुजर रहे एक अस्पताल के 30 कैंसर मरीजों को शहर की विरासत और खूबसूरती से रूबरू कराने के लिए लखनऊ दर्शन डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस के माध्यम से विशेष शहर भ्रमण कराया गया। यह विशेष टूर 03 फरवरी की दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आयोजित किया गया, जो लखनऊ दर्शन की नियमित सुबह-शाम सेवाओं से अलग था।

विभिन्न आयु वर्ग के मरीजों, डॉक्टरों और सहयोगी मेडिकल स्टाफ की मौजूदगी में आयोजित इस विशेष टूर का उद्देश्य इलाज के दबाव से कुछ पल की राहत देकर मरीजों को शहर की खूबसूरती और जीवन के सकारात्मक रंगों से दोबारा जोड़ना था। पूरी यात्रा को सुविधाजनक बनाए रखने का प्रयास किया गया। भ्रमण के दौरान हर यात्री के चेहरे पर सुकून और उम्मीद की झलक दिखाई दी।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि लखनऊ दर्शन बस के माध्यम से किया गया यह विशेष आयोजन महज एक पर्यटन कार्यक्रम नहीं, बल्कि संवेदना और सकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा प्रयास है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से अस्पतालों में उपचाररत कैंसर मरीजों को खुले वातावरण में लाकर शहर की सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना, उनका मनोबल बढ़ाना और उनके चेहरों पर मुस्कान लाना इस पहल का मूल उद्देश्य रहा। यह आयोजन संदेश देता है कि पर्यटन केवल भ्रमण तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी निभाने का भी एक सशक्त माध्यम है। उत्तर प्रदेश पर्यटन आगे भी ऐसी पहलों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ते हुए पर्यटन को अधिक संवेदनशील और समावेशी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा। वहीं, कई मरीजों के लिए यह भ्रमण अस्पताल की दिनचर्या से बाहर निकलकर सामान्य जीवन को महसूस करने का अवसर बना। शहर की दौड़ती-भागती जिंदगी को नए नजरिए से देखने और एक साथ समय बिताने से मरीजों में सुकून और आत्मीयता का भाव देखने को मिला। अपने अनुभव साझा करते हुए मरीज रजनी वर्मा ने कहा कि अस्पताल के कमरे से बाहर निकलना उनके लिए बेहद खास रहा। उन्होंने बताया कि विधानसभा को अंदर से देखना उनके लिए यादगार अनुभव बना।

## जीएसआर एम ग्रुप ने पारुल आर्ट फेस्ट में निभाई सक्रिय भागीदारी

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ के एस एन ए प्रांगण में जी एस आर एम ग्रुप पारुल आर्ट फेस्ट में सक्रिय सहभागिता निभाई तथा पारुल ग्रामोफोन को स्पॉन्सरशिप प्रदान की

कार्यक्रम में उपस्थित डायरेक्टर फार्मेसी मनिंदर कौर ने बताया कि चेयरमैन डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता एवं वाइस चेयरमैन डॉक्टर कार्तिकेय राज गुप्ता के प्रेरणादायी और दूरदर्शी नेतृत्व में जी एस आर एम ग्रुप शिक्षा, कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है।

आज के इस आयोजन में सफलतापूर्वक ज़िम्मेदारी निभाते हुए मनिंदर कौर ने कहा कि आज इस आयोजन स्थल पर उपस्थित लोगों को बचपन के पारंपरिक खेलों से जोड़ना एक सुखद अनुभव था , जिससे सभी प्रतिभागी अपने सुनहरे बचपन की यादों में लौट आए, आज यहां प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं मेडल्स देकर सम्मानित किया गया, जिससे उत्साह और प्रेरणा का माहौल बना,साथ ही आज के इस आयोजन में उपस्थित युवाओं एवं विद्यार्थियों को करियर काउंसलिंग सेशन के बारे में जी एस आर एम ग्रुप द्वारा जानकारी दी गई, जो जी एस आर एम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन द्वारा पूर्णतः निःशुल्क प्रदान की जाती है। डायरेक्टर ने बताया कि जी एस आर एम ग्रुप दिन-प्रतिदिन ऐसे अनेक शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से समाज और युवा पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्यरत है और भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

## संवाद से सशक्तिकरण की ओर: रु-ब-रु सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी

अवधनामा ब्यूरो



- रुबरु पहल से संवाद के माध्यम से लैंगिक समानता और सुरक्षा को मिल रहा नया आयाम: डॉ बबिता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने बताया कि रु-ब-रु एक अभिनव, संवाद-आधारित पहल है, जो लैंगिक समानता, अधिकारों एवं सामाजिक परिवर्तन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर पुलिस अधिकारियों और छात्रों के बीच संरचित एवं आमने-सामने की सार्थक बातचीत को बढ़ावा देती है। यह पहल पारंपरिक जागरूकता कार्यक्रमों से अलग हटकर संवाद, आपसी विश्वास और साझा उत्तरदायित्व के माध्यम से अमूर्त अवधारणाओं को व्यवहारिक जीवन में रूपांतरित करती है। डॉ. चौहान ने बताया कि रु-ब-रु कार्यक्रम के अंतर्गत होने वाली चर्चाओं का प्रमुख उद्देश्य लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ना तथा विद्यार्थियों की दैनिक सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं का समाधान करना है। पुलिस अधिकारी छात्रों को यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, बाल संरक्षण सहित विभिन्न लैंगिक कानूनों, सुरक्षा प्रावधानों एवं रिपोर्टिंग तंत्रों की सरल और प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करते हैं। इससे छात्रों में बिना भय के अपराधों की रिपोर्ट करने का आत्मविश्वास विकसित होता है तथा शीघ्र रिपोर्टिंग और सार्वजनिक सतर्कता के महत्व को बल मिलता है। उन्होंने बताया कि यह पहल अब तक स्कूलों और विश्वविद्यालयों में 30,000 से अधिक छात्रों तक पहुँच बना चुकी है, जो इसके व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। कार्यक्रम का विस्तार अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय कर्मियों एवं बस चालकों तक किया गया है, जिससे बच्चों और किशोरों के आसपास एक सुरक्षित, संवेदनशील एवं उत्तरदायी वातावरण निर्मित हो सके। यह सहभागिता शैक्षिक संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता और सुरक्षा को संस्थागत रूप प्रदान करती है। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने यह भी उल्लेख किया कि यूनिसेफ के साथ साझेदारी ने रु-ब-रु पहल को तकनीकी मजबूती और संस्थागत गहराई प्रदान की है। बाल अधिकारों, किशोर विकास और लैंगिक संवेदनशील संचार में यूनिसेफ की विशेषज्ञता के माध्यम से कार्यक्रम की सामग्री को परिष्कृत किया गया है तथा इसे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण मानकों के अनुरूप बनाया गया है।

## सिल्क एक्सपो-2026 का भव्य शुभारंभ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों को आधुनिक तकनीक, बाजार और आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में सिल्क एक्सपो-2026 का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप की उपस्थिति में पं0 दीन दयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान का वितरण किया तथा रेशम मित्र-2025 पत्रिका का विमोचन भी किया। मंत्रीगणों ने प्रदर्शनी में लगाए गए सजीव प्रदर्शनों एवं रेशमी उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागीय प्रयासों की सराहना की।

## योगी सरकार के नेतृत्व में उ.प्र. फार्मा निवेश का बन रहा राष्ट्रीय हब

अवधनामा ब्यूरो

- फार्मा कॉन्क्लेव-2026 में नीति, अवसंरचना और नवाचार पर व्यापक मंथन

लखनऊ। योगी सरकार राज्य को फार्मा एवं बायो-फार्मा क्षेत्र में देश के अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को होटल ताज महल, लखनऊ में फार्मा कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। कॉन्क्लेव का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में फार्मा, बायो-फार्मा एवं आयुष आधारित उद्योगों में निवेश की संभावनाओं को सुदृढ़ करना तथा उद्योग, सरकार और नीति-निर्माताओं के बीच संवाद को और मजबूत करना रहा। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उत्पादन एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि फार्मा कॉन्क्लेव-2026 उत्तर प्रदेश के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण और सफल आयोजन सिद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में प्रदेश में सड़क, रेल, वायु संपर्क, विद्युत आपूर्ति, कानून व्यवस्था और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के क्षेत्र में निरंतर सुधार किए गए हैं, जिससे निवेशकों का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि फार्मा क्षेत्र में निवेश करने वाले उद्यमियों को राज्य सरकार द्वारा हर स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित पैनल चर्चा प्रतिस्पर्धी फार्मा इकोसिस्टम द् उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचा, उद्योग और विनियमन की अध्यक्षता मंत्री राकेश सचान ने की। सह-अध्यक्षता मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने की, जबकि सत्र का संचालन इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने किया।

## शब-ए-बरात पर जगमगा उठी कर्बलायें और कब्रस्तान

- कब्रों पर चढ़ाये फूल, पढ़ा फातेहा
- घरों में हुई नज्र, की गयी इबादत



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इबादत और मगफिरत का त्योहार शब-ए-बरात मंगलवार को पूरी अकीदत से मनाया गया। इस मौके पर लोगों ने अपने पुरखों की याद में नज्र व फातेहा दिलाकर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की। इस सिलसिले में रातभर महफिले हुई और लोगों ने इबादत की। इस मौके पर कर्बलाओं,कब्रस्तानों,मस्जिदों में विशेष नमाजों और कुरानख्वानी का आयोजन किया गया। लोगों ने दुनिया में न रहे अपने रिश्तेदारों और अजीजों की क़ब्रों को मोमबत्तियों और तरह-तरह के फूलों व फूलों की चादरों से खूब सजाया था। जिससे कब्रस्तान और कर्बलायें जगमगा उठी। देर रात तक लोग अपने पुरखों की कब्रों पर जाते रहे। कर्बला तालकटोरा, कर्बला मलका जहां, कर्बला इमदाद हुसैन खां, इमामबाड़ा गुफरानमाब, इमामबाड़ा आगा बाकर, कर्बला अब्बास बाग, कुमेदान की बगिया, मिसरी की बगिया, कर्बला मुंशी फजले हुसैन, ऐशबाग, आलमबाग वीआईपी रोड,अलीगंज, डालीगंज, गोमतीनगर गंजे शहीदां, सर्वोदयनगर, मवैया, गढ़ीकनौरा स्थित तकिया मीरन शाह, खदरा, सुप्पा, निशातगंज, राजाजीपुरम आदि कब्रस्तानों पर रात भर रौनक रही। लोगों ने यहां पहुंचकर अपने पुरखों की कब्रों पर फातेहा पढ़ा। लोगों ने फातेहा दिलाने के लिए जहां घरों में चने की दाल, रवे का हलवा, पूरी-पराठा बनाया तो कुछ लोगों ने बाजार से हलवा खरीद कर फातेहा दिलवायी। शब-ए-बरात के मौके पर आज लोगों ने देर रात तक खूब आतिशबाजी भी की।

## योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का कैबिनेट मंत्री का आह्वान

लखनऊ। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा (सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग) के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में लगभग 10 हजार लोगों ने एक साथ सूर्य नमस्कार कर ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। प्रातः 10:30 बजे आरंभ हुए इस आयोजन में योग, अनुशासन और राष्ट्रभाव का भव्य एवं प्रेरणादायी संगम देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि सूर्य नमस्कार केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा और सकारात्मक जीवनशैली का सशक्त माध्यम है। यदि युवा पीढ़ी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करे, तो स्वस्थ और सशक्त भारत का निर्माण संभव है। उन्होंने योग को जन-आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## हजरत इमाम मेहदी की विलादत की पूर्व संध्या पर सजीं महफिलें

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। शियों के बारवें इमाम हजरत मेहदी (अ.स.) की यौमे विलादत की पूर्व संध्या पर मंगलवार को जगह-जगह महफिलों का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम उलमा और शायरों ने हजरत इमाम मेहदी (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये।

इस मौके पर लोगों ने आतिशबाजी करके अपनी खुशी मनायी। अंजुमन खुद्दामे कर्बला की ओर से कर्बला मलका जहां ऐशबाग में ''जश्ने वली-ए-अस्र'' का आयोजन किया गया। जश्न की अध्यक्षता मौलाना मोहम्मद अब्बास तुराबी ने की। जश्न में मौलाना मीसम ज़ैदी तथा मौलाना यासूब अब्बास इमाम मेहदी (अ.स) की फजीलत बयान की। इसके बाद शायरों ने बारगाहे-वली-ए-अस्र में मन्जूम नज़रान-ए-अक़ीदत पेश किया। विलादत के मौके पर कर्बला मलका आफाक मदेयगंज में हुसैनाबाद ट्रस्ट ने जश्ने मसर्रत का आयोजन किया। महफिल को विभिन्न उलमा ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने इमाम मेहदी (अ.स.) की शान में कसीदे पढ़े। अकीदतमंदों ने कर्बला पहुंच कर जियारत और नज्र की। इस मौके पर कर्बला को भव्य रूप से सजाया गया था। इसी तरह रौजाए काजमैन में भी जश्ने इमामे जमाना मनाया गया।

### मेहदी घाट पर सजा बजरा, अकीदतमंदों ने की जियारत

12वें इमाम हजरत इमाम मेहदी अलैहिस्सलाम की विलादत की पूर्व संध्या पर मेहदी घाट पर दरिया (गोमती) में बजरा रोशन रहा। महकते फूलों के साथ बजरे को रंगबिरंगी रौशनी से सजाया गया। मौलाना हसन जहीर ने बजरे पर इमाम की सलामती की नज्र दी। अकीदतमंदों ने बजरे की जियारत कर नज्र चखी। बजरे पर महफिल सजी, जिसमें शायरों ने इमाम की शान में कलाम पेश किए। बजरे की जियारत करने के लिए देर शाम से ही अकीदतमंद जुटने लगे थे। बजरे पर मिट्टी कुंडों में तरह-तरह के हलवे पर लोग अपने इमाम की सलामती के लिए नज्र कर रहे थे तो कोई मिठाईयां बाटकर अपनी खुशी का इजहार कर रहे थे। जायरीनों ने मेहदी घाट पहुंचकर बजरे की जियारत की और बेहतर जिंदगी के लिए इमाम से दुआएं मांगी। वहीं, गोमती नदी में अरीजा डाल कर मन्नत मांगी। बजरे का आयोजन अंजमने जहूरे इमामत ने किया था। बुधवार की सुबह तक बजरे की जियारत होगी।

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जनार्दन प्रसाद पटेल
ग्राम प्रधान - खजुरिया, विकास खंड मिठौरा
महराजगंज

सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दीपक उपाध्याय
ग्राम प्रधान
हरपुर कला